किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 01 अंकः 281 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 19 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेजः12 मूल्य 05 रुपया

श्रावण मास के पहले सोमवार को बमभोले व ॐ नमः शिवाय के उद्घघोषों से गूंज उठे शिवालय

(हरेश उपाध्याय)

दिल्ली एन सी आरः-आज श्रावण मास के पहले सोमवार को पूरे दिल्ली एन सी आर (नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद) में हर शिव मन्दिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। भक्त हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय और बमभोले अन्य तरह के भक्तिभाव से परिपूर्ण जयघोष करते रहे। भक्तों ने परम्परागत तरीके से शिव लिंग पर दूध, पानी से जलाभिषेक कर , भाँग धतूरे, बेल पत्र और फल- फूल चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की । हिन्दू धर्म मे सावन के महीने को सबसे पवित्र महीना माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि पूरा सावन का महीना भगवान भोलेनाथ का होता है और सोमवार को तो विशेष महत्व होता है। इसलिए भक्त इस पूरे महीने में भगवान भोलेनाथ की खूब पूजा अर्चना करते हैं।

कई भक्त गंगा नदी से गंगाजल लेकर कई किलोमीटर तक पैदल कांवर लाकर भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाते हैं। जिसके कारण इस पूरे महीने शिव मन्दिर में भक्तो की भारी भीड़ होती है। सावन के पहले सोमवार के अवसर पर महिपालपुर के प्रसिद्ध शिव मन्दिर मे भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। यहां सुबह से हीं भक्तों का ताँता लगा हुआ था। भक्तों ने मन्त्रोंचारण के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा पाठ की और जल व दूध, बेलपत्र ,भाँग, धतूरे, फूल,फल ,प्रसाद इत्यादि शिव लिंग पर चढ़ाकर भगवान को खुश किया। भक्तों की भारी भीड़ और जयघोषों के कारण दिल्ली एन सी आर के लगभग सारे शिवालय भक्तिभाव में डूबे देखें गएं।

गिरफ्तारी पर रोक के लिए

नूपुर शर्मा ने फिर खटखटाया SC का दरवाजा, कल होगी सुनवाइ

सुप्रीम कोर्ट की अनपेक्षित तीखी टिप्पणियों के बाद नूपुर शर्मा को लगातार जान से मारने और रेप की धमकी मिल रही हैं. इस वजह से उन्होंने कोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक लगाने और सभी **FIR** को दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग की है. इस मामले में कल सुनवाई होगी.

पैगम्बर मोहम्मद को लेकर टिप्पणी करने के चलते अलग-अलग राज्यों में FIR का सामना कर रहीं नूपुर शर्मा ने एक बार फिर राहत के लिए SC का रुख किया है. उन्होंने कहा सुप्रीम कोर्ट की अनपेक्षित तीखी टिप्पणियों के बाद उन्हें लगातार जान से मारने और रेप की धमकी मिल रही हैं. नूपुर ने कोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक लगाने और सभी FIR को दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग की है.

बता दें कि नूपुर के खिलाफ दिल्ली, महाराष्ट्र, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, असम और जम्मू कश्मीर में FIR दर्ज हुई हैं. उनकी इस मांग को स्वीकार कर लिया गया है और कल सुप्रीम कोर्ट इस मामले में सुनवाई करेगा.

फेमिना मिस इंडिया 2022 की सेकेंड रनरअप शिनाता चौहान का आईजीआई हवाई अड्डे पर स्वागत

(हरेश उपाध्याय, नीरज अवस्थी) दिल्लीः- फेमिना मिस इंडिया 2022 की सेकेंड रनर अप, दिल्ली निवासी शिनाता चौहान का आज इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस सौंदर्य प्रतियोगिता का फिनाले हाल ही में मुंबई में जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित हुआ था।शिनाता के भाई सूर्यांश चौहान और मां कविता चौहान के साथ उनके रिश्तेदारों, दोस्तों और पड़ोसियों सहित 50 से अधिक लोगों ने ब्यूटी क्वीन की अगवानी के लिए हवाई अड्डे पर पहुंच कर उन्हें माला पहनाई और उन पर पुष्प वर्षा की।

अपने गृहनगर दिल्ली पहुंचने पर, शिनाता ने इस तरह के गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए अपने माता-पिता और समर्थकों का आभार व्यक्त किया। शिनाता ने कहा, "मुझे इतना प्यार और शुभकामनाएं देने के लिए मैं दिल की गहराइयों से आप सभी का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। मैं अपने माता-पिता को उनके अपार समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं, जो हमेशा मेरे अच्छे और बुरे समय में मेरे साथ खड़े रहे। उनके आशीर्वाद और अथक प्रयास के बिना इस मुकाम तक पहुंचना संभव नहीं था।"शिनाता ने खुलासा किया कि वह अपनी आवाज का इस्तेमाल अन्य लड़कियों को प्रेरित करने के लिए करेंगी। उन्होंने कहा कि वह समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहती हैं।

श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर में कांवड़ सेवा शिविर का विधिवत उद्घाटन हुआ

(हरेश उपाध्याय) नोएडाः-आज सेक्टर-14ए पुलिस कंट्रोल रूम के पीछे श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर में कावँड सेवा शिविर का विधिवत हवन यज्ञ पूजन करके उदघाटन विजय बहादुर पाठक विधान परिषद सदस्य एवं सचेतक उत्तर प्रदेश विधान परिषद, नवाब सिहँ नागर पूर्व मँत्री उत्तर प्रदेश सरकार, रणविजय सिहँ ए.डी.सी.पी नौएडा उत्तर प्रदेश पुलिस ने सँयुक्त रुप से किया। मीडिया प्रभारी मुकुल वाजपेई ने हमें बताया कि इस शुभ अवसर पर समिति के अध्यक्ष मानसिहँ चौहान,अजीत सिहँ

नागर,दीपक गुप्ता, प्रमोद त्यागी, राजीव मिश्रा, महेश अग्रवाल, नरोत्तम चौधरी, राकेश सिहँ, धर्मबीर सिहँ सिराधना,लायँस क्लब नौएडा की अध्यक्ष लायन रचना यादव लायन आर.एन.श्रीवास्तव आदि। सहित काफी संख्या में भकतगण मौजूद

जहानाबाद श्रावणी मेले में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन।

दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार) जहानाबाद के मखदुमपुर श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुखदेव प्रसाद वर्मा रेफरल अस्पताल मखदुमपुर द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया

गया। जानकारी देते हुए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर के हेल्थ मैनेजर शाहनवाज आलम ने बताया के सावन माह के पूरे महीने वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने प्रत्येक दिन हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसे लेकर पहाड़ी इलाके के गायघाट, पताल गंगा, 52 सढ़िया एवं सतघरवा गुफा के समीप स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। जहां श्रद्धालुओं को छोटी मोटी समस्या होने पर त्वरित इलाज की जाती है। साथ ही मेले में तीन एंबुलेंस का भी व्यवस्था किया गया है। अगर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार कि कोई घटना या दुर्घटना हुई तो एंबुलेंस फौरन मरीज को अस्पताल पहुंचाता है। बताते चलें क्या स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य कैंप लगाने से श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत हो रही है। चिलचिलाती धूप में श्रद्धालुओं को ओ आर एस और ग्लूकोस जैसे पाउडर स्वास्थ्य विभाग से मुक्त दिए जा रहे हैं।

कलयुग मे श्रवण कुमार बनकर मां- बाप को कांवर मे बैठा कराई देवघर यात्रा, चर्चा का बना विषय ।

समाज जागरण /प्रमंडलीय व्यूरो राजीब पाण्डेय के साथ निर्भय चौबे ।

भागलपुर /सुल्तानगंज कहते है 'बुलंद इरादों से लिखते है हम तकदीर अपनी हमारे किस्मत हाथ की लकीरों की मोहताज नही...सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है और ना ही कोई पुजा है।' जी हां हम बात कर रहे है जहानाबाद के रहने वाले चंदन कुमार की जो कलियुग में श्रवण कुमार बनकर अपने मां और पिता को कांवर मे बैठाकर तीर्थ कराने निकला।

सुलतानगंज गंगा घाट पर गंगा स्नान के बाद अपने माता पिता को कांवर मे बैठाकर चन्दन और उसकी पत्नी रानी देवी बाबा भोलेनाथ की नगरी देवघर के लिए निकले हैं। मौके पर मौजूद सभी लोग यह नजारा देख हैरान रह गए। वहीँ कुछ पुलिस जवानों ने सहारा देकर कांवर उठाने में मदद भी करते दिखे। आपको बता दें कि बाबाधाम देश के 12 ज्योतिलिंगों में एक जो देवघर में है। झारखंड के देवघर में स्थित इस मनोकामना ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है। यह सिलसिला रोजाना सुबह 4 बजे से शुरू होता है जो रात 10 तक चलता रहा है। गौर हो कि बिहार के सुल्तानगंज स्थित उत्तर वाहिनी गंगा से लेकर झारखंड के देवघर स्थित बाबाधाम तक 108 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में यह एशिया का सबसे लंबा मेला माना जाता है !

औषधि निरीक्षक ने तीन मेडिकल स्टोर्स की जांच करते हुए 6 दवाइयों के नमूने किए संग्रहित

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप एवं जिला अधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में जनपद के सभी मेडिकल स्टोर्स पर मानकों के अनुरूप औषधियों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद का खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग निरंतर स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रहा है। इसी क्रम में विगत 16 जुलाई को औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर के द्वारा नोएडा सेक्टर 5 व सेक्टर 19 स्थित तीन मेडिकल स्टोर की जांच कर कुल 6 औषधि नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में चलते बुखार, खंसी एवम् अन्य बीमारी में प्रयुक्त औषधि की गुणवत्ता एवं संबंधित क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच के क्रम मे हरोला सेक्टर 5 स्थित अग्रवाल मेडिकोज से कुल दो (एक आई ड्रॉप व एक टिंक्चर)औषधि का नमूना संग्रहित किया गया । एक अन्य ग्रेस मेडिकल स्टोर से एंडोनॉर्म औषधि का नमूना संग्रहित किया गया।

इसी प्रकार औषधि निरीक्षक के द्वारा सेक्टर 19 स्थित हेल्थ प्लस फामेर्सी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर कुल तीन औषधि नमूने जिनमे से (एक एसिडिटी एवम अन्य दो डिप्रेशन दूर करने की औषधि) के नमूने संग्रहित कर लिए गए । उन्होंने बताया कि मौके पर इन औषधि के बिल प्रस्तुत नहीं करने पर सभी औषधि के क्रय बिलों को अगले तीन दिनों के अंदर सत्यापन के लिए प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।

औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया की बदलते मौसम में काम आने वाली बुखार , संक्रमण , दर्द निवारक एवम अन्य औषधियां मेडिकल स्टोर्स में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं ।

औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने जानकारी देते हुए अवगत कराया की क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि किसी भी मेडिकल द्वारा किसी बिना या अवैध लाइसेंस धारी को औषधि का क्रय विक्रय तो नहीं किया जा रहा है। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जिनकी रिपोर्ट आने पर एवं विवेचना करने पर आग्रिम कार्यवाही औषधि एवम् प्रसाधन अधिनियम 1940 के अन्तर्गत नियमनुसार की जाएगी।

जहानाबाद में होमगार्ड बहाली में पिता की जगह बेटे ने लगाई दौड़, पुलिस ने किया गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से वरुण कुमार

जहानाबाद जिले में 15 जुलाई से होमगार्ड की बहाली चल रही है। जिसमें शारीरिक जांच लिया जा रहा है। हर दिन हर प्रखंड का शारीरिक जांच लिया जा रहा है। सोमवार को घोसी प्रखंड का दौड़ की प्रक्रिया की जा रही थी। इस दौरान बाप की जगह बेटा दौड़ लगाने पहुंचा। जब इसकी भनक इस प्रक्रिया में लगे पदाधिकारियों को लगी

तो तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घोसी थाना क्षेत्र के बेलई गांव निवासी सोनू कुमार अपने पिता की जगह पर दौड़ लगा रहा था। पुलिस उसे गिरफ्तार कर लिया है। बतातें चलें कि बेलई गांव निवासी रामाधार पासवान 2011 में होमगार्ड बहाली के लिए आवेदन किया था। लेकिन, रामाधार पासवान दौड़ने में सक्षम नहीं था। इसीलिए किसी तरह अपने बाप को नौकरी दिलाने के लिए बेटे ने दौड़ में भाग लिया। लेकिन बाप नौकरी तो नहीं दिला सका लेकिन खुद सलाखों के पीछे चला गया।

भवरेश्वर बाबा मंदिर में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

(संवाददाता)विवेक कुमार समाज जागरण! मोहनलालगंज लखनऊ तीन जनपदों की सीमा पर स्थित देवाधिदेव महादेव भवरेश्वर बाबा मंदिर पर मध्यरात्रि से भक्तों का ताता देर रात तक लगा रहा ।सावन माह के प्रथम सोमवार को भवरेश्वर बाबा मंदिर स्थल पर लखनऊ, रायबरेली ,उन्नाव सहित अनेकों जनपदों से आने वाले भक्तों का तांता लगता है, प्राचीन मंदिर के किनारे से बहती हुई सई नदी की अविरल धारा में स्नान कर शिवभक्त भगवान भोलेनाथ के भवरेश्वर बाबा के मंदिर में जाकर जलाभिषेक करते हैं इस मौके पर दूर-दूर से कांवरिया जल लेकर अभिषेक करने आते हैं ,भक्ति की आस्था में लीन भक्त पैदल जमीन पर लेट कर मंदिर पहुंचकर दर्शन करते हैं जोकि कोरोना काल के कारण बंद होने के बाद सावन माह में पूरे माह

भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए आतुर भक्तगण पहुंचकर जलाभिषेक करते रहे और मंदिर परिसर के चारों ओर पड़े बड़े से मैदान में मेला लगता है जहां पर अनेकों प्रकार के सामान बिकते हैं और सावन के पूरे माह विशेषकर मेला का आयोजन होता है मध्यरात्रि से लेकर देर शाम तक हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे जहां पर भक्तों ने पहुंचकर भवरेश्वर बाबा मंदिर पर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया ।

बिरसा वनपरिक्षेत्र अधिकारी शिवम पुरी गोस्वामी को दी गयी भावभीनी विदाई

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो बिरसा/बालाघाट।बिरसा वनपरिक्षेत्र अधिकारी शिवम पुरी गोस्वामी के ट्रांसफर और नवागत रेंजर सौरभ शरणागत का स्वागत का आयोजन किया गया।बता दे रेंजर शिवम पुरी गोस्वामी पिछले पंद्रह महीने ने अपनी सेवा दे रहे थे जिसमें रेंजर गोस्वामी के कार्यकाल में बहुत सारी कार्यवाही हुई।जिसमें रेत उत्खनन,सागौन तस्करों पर जमकर कार्यवाही की गई जिससे माफियाओं में हड़कंप मच गया।वनपरिक्षेत्र बिरसा में नवागत रेंजर सौरभ शरणागत ने कार्य भार संभाला।वही रेंजर गोस्वामी का ट्रांसफर लामता वनपरिक्षेत्र में हुआ है और नवागत रेंजर शरणागत का ट्रांसफर लामता से बिरसा वनपरिक्षेत्र हुआ है।इस कार्यक्रम में शिवम पुरी गोस्वामी, सौरभ शरणागत नवागत रेंजर,बी डी खांडेकर, पंकज रिछारिया, जे एल वरकड़े और भोला राम नारनौरे डिप्टी रेंजर,प्रदीप असटकर, विजय आमाडारे,लक्ष्मण पन्द्रे, अमर पन्द्रे एवं समस्त वनविभाग शामिल रहा।

पत्रकार बनने का सुनहरा मौका

नोएडा उत्तर प्रदेश एवं झारखंड और भी अन्य राज्य से प्रसारित

दैनिक समाज जागरण झारखण्ड के सभी जिला के संभाग एवं संभाग के समस्त तहसील स्तर पर प्रतिनिधि नियुक्त करना है दैनिक समाज जागरण में कार्य करने के इच्छुक पत्रकार अपने बायोडाटा सहित संपर्क करें

दैनिक समाज जागरण

दैनिक समाज जागरण

झारखंड हेड

S . F alam झारखण्ड

मोबाइल, ±917764978689

±918804707324

साधना पथ (भाग 200)

साधकों - हमने देखा है कि सनातन धर्म का पालन करने वाले बुद्धिमान व्यक्ति स्वयं को प्रयत्नपूर्वक विभिन्न प्रकार के नियमों में खुद को बांधते हैं। समय पर ध्यान, पूजा, उपासना, व्रत आदि आदि । प्रायः तथाकथित आधुनिक जीवन पद्धति के हिमायती इसका मजाक उड़ाते हुए दिखाई देते हैं. उन्हें लगता है स्वच्छंदता ही सुख है. लेकिन ऐसा है नहीं।

साधकों - कोई और हमारे लिए नियम बनाए इससे बेहतर हैं कि हम ही अपने लिए नियम तय कर लें । दरअसल धार्मिक नियमों के पालन के पीछे उद्देश्य का है, अपने जीवन को संयमित करते हुए जीवन के लक्ष्य तथा वास्तविक सुख के साधन को प्राप्त करना वास्तविक सुख का साधन तो धर्म-कर्म और अध्यात्म से ही प्राप्त होता है। क्योंकि यह मनुष्य को सभी सुखों के आधार ईश्वर से जोड़ता है । सिर्फ सुखों के पीछे भागने से सुख की प्राप्ति नही होती। बल्कि कई बार घोर दुख का भी सामना करना पड़ता है. लेकिन सनातन धर्म के नियम हमारा स्वतः उपकार करते हैं । धर्मनिष्ठ व्यक्ति का स्वतः उपकार कुछ इस तरह होता है। जीवन को सुव्यवस्थित करना ही साधना है। जहाँ कहीं अव्यवस्था पाएं तय मानिए वहां साधना नहीं है। बस कामचलाऊ व्यवस्था में लोग दिन काट रहे हैं। साधना से मन सधता है और सधा मन सधे हुए कार्य करता है। क्योंकि मन को साधना ही सुख का आधार है। यही शांति और सुख के मार्ग की शुरूआत है। सुख और दुख मन से ही संचालित होते हैं ।धर्म को धारण करने से सुख का मार्ग खुलता है । जिन नियमों को हम धारण करते हैं वही धर्म है। जो नियमों को पालन नहीं करता और जिस व्यक्ति में टालमटोल का रोग लग गया जीवन में उसके सब काम अधूरे पड़े रह जाते हैं। यद्यपि ऐसे लोग हर समय व्यस्त रहते दिखाई पड़ते हैं, फिर भी अपना काम पूरा नहीं कर पाते। कामों का बोझ उनके सिर पर लदा रहता है और वे उससे डरते हुए कामों को आगे धकेलने की कोशिश करते रहते हैं। ऐसे लोगों के कल्याण का एक ही रास्ता है उन्हें नियमों में बांधकर संतुलित करो। उन्हें व्यवस्थित करने के लिए उन्हें धार्मिक नियमों के बंधन में बांध दिया जाए। जैसे ही जीवन में व्यवस्था आएगी, उन्नति का मार्ग स्वयं ही प्रशस्त हो जाएगा।

धर्मनिष्ठ व्यक्ति तो स्वतः संतुलित नियमों में बंधा होता है। उसे इस्के लिए अतिरिक्त प्रयत्न की जरूरत ही नहीं। उसका स्वतः उपकार होता रहेगा । धर्मनिष्ठ व्यक्ति का स्व अनुशासन ही उस्का मार्ग प्रशस्त करते चला जाता है। उसे किसी बाहरी बंधन की आवश्यकता नहीं होती।

मंगल पांडे

मंगल पान्डेय (जन्मः 19 जुलाई, 1827; मृत्युः 8 अप्रैल, 1857) का नाम 'भारतीय स्वाधीनता संग्राम' में अग्रणी योद्धाओं के रूप में लिया जाता है, जिनके द्वारा भड़काई गई क्रांति की ज्वाला से अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन बुरी तरह हिल गया था। मंगल पांडे की शहादत ने भारत में पहली क्रांति के बीज बोए थे। ब्रह्मदेश (बर्मा त्ववर्तमान म्यांमारत्न) पर विजय तथा सिक्ख युद्ध की समाप्ति के पश्चात अंग्रेजों ने भारतवर्ष पर निष्कंटक राज्य करने के सपने देखें होंगे; पर उन्हें क्या पता था कि सन 1857 का वर्ष उनकी आशाओं पर तुषारपात का वर्ष सिद्ध होगा।

जन्म और परिवार

क्रांतिकारी मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई, 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया ज़िले के नगवा गाँव में हुआ था। कुछ सन्दर्भों में इनका जन्म स्थल फैजाबाद ज़िले की अकबरपुर तहसील के सुरहुरपुर ग्राम में बताया गया है।[1] इनके पिता का नाम दिवाकर पांडे तथा माता का नाम श्रीमती अभय रानी था। वे कोलकाता (भूतपूर्व कलकत्ता) के पास बैरकपुर की सैनिक छावनी में "34वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री" की पैदल सेना के 1446 नम्बर के सिपाही थे। भारत की आजादी की पहली लड़ाई अर्थात 1857 के संग्राम की शुरूआत उन्हीं के विद्रोह से हुई थी।

जंग-ए-आजादी

'भारतीय इतिहास' में 29 मार्च, 1857 का दिन अंग्रेजों के लिए दुर्भाग्य के दिन के रूप में उदित हुआ। पाँचवी कंपनी की चौंतीसवीं रेजीमेंट का 1446 नं. का सिपाही वीरवर मंगल पांडे अंग्रेजों के लिए प्रलय-सूर्य के समान निकला। बैरकपुर की संचलन भूमि में प्रलयवीर मंगल पांडे का रणघोष गूँज उठा-

"बंधुओ! उठो! उठो! तुम अब भी किस चिंता में निमग्न हो? उठो, तुम्हें अपने पावन धर्म की सौगंध! चलो, स्वातंत्र्य लक्ष्मी की पावन अर्चना हेतु इन अत्याचारी शत्र-ओं पर तत्काल प्रहार करो।"

मंगल पांडे के बदले हुए तेवर देखकर अंग्रेज सारजेंट मेजर ह्यूसन उसने पथ को अवरुद्ध करने के लिए आगे बढ़ा। उसने उस विद्रोही को उसकी उद्दंडता का पुरस्कार देना चाहा। अपनी कड़कती आवाज में उसने मंगल पांडे को खड़ा रहने का आदेश दिया। वीर मंगल पांडे के अरमान मचल उठे। वह शिवशंकर की भाँति सन्नद्ध होकर रक्तगंगा का आह्वान करने लगा। उसकी सबल बाहुओं ने बंदूक तान ली। उसकी सधी हुई उँगलियों ने बंदूक का घोड़ा अपनी ओर खींचा और घुड़ड़ घूँ२२२ का तीव्र स्वर घहरा उठा। मेजर ह्यसन घायल कबूतर की भाँति भूमि पर तड़प रहा था। उसका रक्त भारत की धूल चाट रहा था। 1857 के क्रांतिकारी ने एक फिरंगी की बलि ले ली थी। विप्लव महायज्ञ के पुरोधा मंगल पांडे की बंदूक पहला 'स्वारा' बोल चुकी थी। स्वातंत्र्य यज्ञ की वेदी को दस्यु-देह की समिधा अर्पित हो चुकी थी।

ह्यसन को धराशायी हुआ देख लेफ्टिनेंट बॉब वहाँ जा पहुँचा। उस अश्वारूढ़ गोरे ने मंगल पांडे को घेरना चाहा। पहला ग्रास खाकर मंगल पांडे की बंदूक की भूख भड़क उठी थी। उसने दूसरी बार मुँह खोला और लेफ्टिनेंट बॉब घोड़े सहित भू-लुंठित होता दिखाई दिया। गिरकर भी बॉब ने अपनी पिस्तौल मंगल पांडे की ओर सीधी करके गोली चला दी। विद्युत गति से वीर मंगल पांडे गोली का वार बचा गये और बॉब खिसियाकर रह गया। अपनी पिस्तौल को मुँह की खाती हुई देख बॉब ने अपनी तलवार खींच ली और वह मंगल पांडे पर टूट पड़ा। मंगल पांडे भी कच्चे खिलाड़ी नहीं थे। बॉब ने मंगल पांडे पर प्रहार करने के लिए तलवार तानी ही थी कि मंगल पांडे की तलवार का भरपूर हाथ उस पर ऐसा पड़ा कि बॉब का कंधा और तलवार वाला हाथ जड़ से कटकर अलग जा गिरा। एक बलि मंगल पांडे की बंदूक ले चुकी थी और दूसरी उसकी तलवार ने ले ली।

मंगल पांडे की टिकट

लेफ्टिनेंट बॉब को गिरा हुआ देख एक दूसरा अंग्रेज मंगल पांडे की ओर बढ़ा ही था कि मंगल पांडे के साथी भारतीय सैनिक ने अपनी बंदूक डंडे की भाँति उस अंग्रेज की खोपड़ी पर दे मारी। अंग्रेज की खोपड़ी खुल गई। अपने आदमियों को गिरते हुए देख कर्नल व्हीलर मंगल पांडे की ओर बढ़ा; पर सभी क्रुद्ध भारतीय सिंह गर्जना कर उठे-

"खबरदार, जो कोई आगे बढ़ा! आज हम तुम्हारे अपवित्र हाथों को ब्राह्मण की पवित्र देह का स्पर्श नहीं करने देंगे।"

कर्नल व्हीलर जैसा आया था वैसा ही लौट गया। इस सारे कांड की सूचना अपने जनरल को देकर, अंग्रेजी सेना को बटोरकर ले आना उसने अपना धर्म समझा। जंग-ए-आजादी के पहले सेनानी मंगल पांडे ने 1857 में ऐसी चिंगारी भड़काई, जिससे दिल्ली से लेकर लंदन तक की ब्रिटिश हुकूमत हिल गई।

नारा 'मारो फिरंगी को'

"मारो फिरंगी को" यह प्रसिद्ध नारा भारत की स्वाधीनता के लिए सर्वप्रथम आवाज उठाने वाले क्रांतिकारी मंगल पांडे की जुबां से 1857 की क्रांति के समय निकला था। भारत की आजादी के लिए क्रांति का आगाज 31 मई, 1857 को होना तय हुआ था, परन्तु यह दो माह पूर्व 29 मार्च, 1857 को ही आरम्भ हो गई। मंगल पांडे को आजादी का सर्वप्रथम क्रान्तिकारी माना जाता है। 'फिरंगी' अर्थात 'अंग्रेज या ब्रिटिश जो उस समय देश को गुलाम बनाए हुए थे, को क्रांतिकारियों व भारतियों द्वारा फिरंगी नाम से पुकारा जाता था। गुलाम जनता तथा सैनिकों के हृदय में क्रांति की जल रही आग को धधकाने के लिए व लड़कर आजादी लेने की इच्छा को दशार्ने के लिए यह नारा मंगल पांडे द्वारा गुंजाया गया था।[2]

अंग्रेजी सेना द्वारा बंदी

वीर मंगल पांडे ने अपने कर्तव्य की पूर्ति कर दी थी। शत्रु के रक्त से भारत भूमि का तर्पण किया था। मातृभूमि की स्वाधीनता जैसे महत कार्य के लिए अपनी रक्तांजलि देना भी अपना पावन कर्तव्य समझा। मंगल पांडे ने अपनी बंदूक अपनी छाती से अड़ाकर गोली छोड़ दी। गोली छाती में सीधी न जाती हुई पसली की तरफ फिसल गई और घायल मंगल पांडे अंग्रेजी सेना द्वारा बंदी बना लिये गये। अंगेजों ने भरसक प्रयत्न किया कि वे मंगल पांडे से क्रांति योजना के विषय में उसके साथियों के नाम-पते पूछ सकें; पर वह मंगल पांडे थे, जिनका मुँह अपने साथियों को फँसाने के लिए खुला ही नहीं।

कारतूस घटना

1857 के विद्रोह का प्रारम्भ एक बंदूक की वजह से हुआ था। सिपाहियों को 1853 में एनफील्ड बंदूक दी गयी थीं, जो कि 0.577 कैलीबर की बंदूक थी तथा पुरानी और कई दशकों से उपयोग में लायी जा रही ब्राउन बैस के मुकाबले में शक्तिशाली और अचूक थी। नयी बंदूक में गोली दागने की आधुनिक प्रणाली का प्रयोग किया गया था, परन्तु बंदूक में गोली भरने की प्रक्रिया पुरानी थी। नयी एनफील्ड बंदूक भरने के लिये कारतूस को दांतों से काट कर खोलना पड़ता था और उसमे भरे हुए बारूद को बंदूक की नली में भर कर कारतूस में डालना पड़ता था। कारतूस का बाहरी आवरण में चर्बी होती थी, जो कि उसे नमी अर्थात पानी की सीलन से बचाती थी।

सिपाहियों के बीच अफवाह फैल चुकी थी कि कारतूस में लगी हुई चर्बी सुअर और गाय के मांस से बनायी जाती है। यह हिन्दू और मुसलमान सिपाहियों दोनों की धार्मिक भावनाओं के विरुद्ध था। अंग्रेज अफसरों ने इसे अफवाह बताया और सुझाव दिया कि सिपाही नये कारतूस बनायें, जिसमें बकरे या मधुमक्क्खी की चर्बी प्रयोग की जाये। इस सुझाव ने सिपाहियों के बीच फैली इस अफवाह को और मजबूत कर दिया। दूसरा सुझाव यह दिया गया कि सिपाही कारतूस को दांतों से काटने की बजाय हाथों से खोलें। परंतु सिपाहियों ने इसे ये कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि वे कभी भी नयी कवायद को भूल सकते हैं और दांतों से कारतूस को काट सकते हैं। तत्कालीन अंग्रेज अफसर प्रमुख (भारत) जार्ज एनसन ने अपने अफसरों की सलाह को दरकिनार हुए इस कवायद और नयी बंदूक से उत्पन्न हुई समस्या को सुलझाने से मना कर दिया।[3]

29 मार्च सन 1857 को नए कारतूस को प्रयोग करवाया गया, मंगल पण्डे ने आज्ञा मानने से मना कर दिया और धोखे से धर्म को भ्रष्ट करने की कोशिश के खिलाफ उन्हें भला-बुरा कहा, इस पर अंग्रेज अफसर ने सेना को हुकम दिया कि उसे गिरफ्तार किया जाये, सेना ने हुक्म नहीं माना। पलटन के सार्जेंट हडसन स्वंय मंगल पांडे को पकड़ने आगे बढ़ा तो, पांडे ने उसे गोली मार दी, तब लेफ्टिनेंट बल आगे बढ़ा तो उसे भी पांडे ने गोली मार दी। घटनास्थल पर मौजूद अन्य अंग्रेज सिपाहियों नें मंगल पांडे को घायल कर पकड़ लिया। उन्होंने अपने अन्य साथियों से उनका साथ देने का आह्वान किया। किन्तु उन्होंने उनका साथ नहीं दिया। उन पर मुकदमा (कोर्ट मार्शल) चलाकर 6 अप्रैल, 1857 को मौत की सजा सुना दी गई।

निधन

फौजी अदालत ने न्याय का नाटक रचा और फैसला सुना दिया गया। 8 अप्रैल का दिन मंगल पांडे की फाँसी के लिए निश्चित किया गया। बैरकपुर के जल्लादों ने मंगल पांडे के पवित्र खून से अपने हाथ रँगने से इनकार कर दिया। तब कलकत्ता से चार जल्लाद बुलाए गए। 8 अप्रैल, 1857 के सूर्य ने उदित होकर मंगल पांडे के बलिदान का समाचार संसार में प्रसारित कर दिया। भारत के एक वीर पुत्र ने आजादी के यज्ञ में अपने प्राणों की आहुति दे दी। वीर मंगल पांडे के पवित्र प्राण-हव्य को पाकर स्वातंत्र्य यज्ञ की लपटें भड़क उठीं। क्रांति की ये लपलपाती हुई लपटें फिरंगियों को लील जाने के लिए चारों ओर फैलने लगीं।

श्रावण महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि भारतीयों का एक प्रमुख त्यौहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। माघ फागुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग (जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है) के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। साल में होने वाली 12 शिवरात्रियों में से महाशिवरात्रि को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है[1]भारत सहित पूरी दुनिया में महाशिवरात्रि का पावन पर्व बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है

समुद्र मन्थन

समुद्र मंथन अमर अमृत का उत्पादन करने के लिए निश्चित था, लेकिन इसके साथ ही हलाहल नामक विष भी पैदा हुआ था। हलाहल विष में ब्रह्माण्ड को नष्ट करने की क्षमता थी और इसलिए केवल भगवान शिव इसे नष्ट कर सकते थे। भगवान शिव ने हलाहल नामक विष को अपने कण्ठ में रख लिया था। जहर इतना शक्तिशाली था कि भगवान शिव बहुत दर्द से पीड़ित हो उठे थे और उनका गला बहुत नीला हो गया था। इस कारण से भगवान शिव 'नीलकंठ' के नाम से प्रसिद्ध हैं। उपचार के लिए, चिकित्सकों ने देवताओं को भगवान शिव को रात भर जागते रहने की सलाह दी। इस प्रकार, भगवान भगवान शिव के चिन्तन में एक सतर्कता रखी। शिव का आनन्द लेने और जागने के लिए, देवताओं ने अलग-अलग नृत्य और संगीत बजाने। जैसे सुबह हुई, उनकी भक्ति से प्रसन्न भगवान शिव ने उन सभी को आशीर्वाद दिया। शिवरात्रि इस घटना का उत्सव है, जिससे शिव ने दुनिया को बचाया। तब से इस दिन, भक्त उपवास करते है।[6]

शिकारी कथा

एक बार पार्वती जी ने भगवान शिवशंकर से पूछा, 'ऐसा कौन-सा श्रेष्ठ तथा सरल व्रत-पूजन है, जिससे मृत्युलोक के प्राणी आपकी कृपा सहज ही प्राप्त कर लेते हैं?' उत्तर में शिवजी ने पार्वती को 'शिवरात्रि' के व्रत का विधान बताकर यह कथा सुनाई- 'एक बार चित्रभानु नामक एक शिकारी था। पशुओं की हत्या करके वह अपने कुटुम्ब को पालता था। वह एक साहूकार का ऋणी था, लेकिन उसका ऋण समय पर न चुका सका। क्रोधित साहूकार ने शिकारी को शिवमठ में बंदी बना लिया। संयोग से उस दिन शिवरात्रि थी।'

शिकारी ध्यानमग्न होकर शिव-संबंधी धार्मिक बातें सुनता रहा। चतुर्दशी को उसने शिवरात्रि व्रत की कथा भी सुनी। संध्या होते ही साहूकार ने उसे अपने पास बुलाया और ऋण चुकाने के विषय में बात की। शिकारी अगले दिन सारा ऋण लौटा देने का वचन देकर बंधन से छूट गया। अपनी दिनचर्या की भांति वह जंगल में शिकार के लिए निकला। लेकिन दिनभर बंदी गृह में रहने के कारण भूख-प्यास से व्याकुल था। शिकार करने के लिए वह एक तालाब के किनारे बेल-वृक्ष पर पड़ाव बनाने लगा। बेल वृक्ष के नीचे शिवलिंग था जो विल्वपत्रों से ढका हुआ था। शिकारी को उसका पता न चला।[7]

पड़ाव बनाते समय उसने जो टहनियाँ तोड़ीं, वे संयोग से शिवलिंग पर गिरीं। इस प्रकार दिनभर भूखे-प्यासे शिकारी का व्रत भी हो गया और शिवलिंग पर बेलपत्र भी चढ़ गए। एक पहर रात्रि बीत जाने पर एक गर्भिणी मृगी तालाब पर पानी पीने पहुँची। शिकारी ने धनुष पर तीर चढ़ाकर ज्यों ही प्रत्यंचा खींची, मृगी बोली, 'मैं गर्भिणी हूँ। शीघ्र ही प्रसव करूँगी। तुम एक साथ दो जीवों की हत्या करोगे, जो ठीक नहीं है। मैं बच्चे को जन्म देकर शीघ्र ही तुम्हारे समक्ष प्रस्तुत हो जाऊँगी, तब मार लेना।' शिकारी ने प्रत्यंचा ढीली कर दी और मृगी जंगली झाड़ियों में लुप्त हो गई।

कुछ ही देर बाद एक और मृगी उधर से निकली। शिकारी की प्रसन्नता का ठिकाना न रहा। समीप आने पर उसने धनुष पर बाण चढ़ाया। तब उसे देख मृगी ने विनम्रतापूर्वक निवेदन किया, 'हे पारधी! मैं थोड़ी देर पहले ऋतु से निवृत्त हुई हूं। कामातुर विरहिणी हूँ। अपने प्रिय की खोज में भटक रही हूँ। मैं अपने पति से मिलकर शीघ्र ही तुम्हारे पास आ जाऊँगी।' शिकारी ने उसे भी जाने दिया। दो बार शिकार को खोकर उसका माथा ठनका। वह चिन्ता में पड़ गया। रात्रि का आखिरी पहर बीत रहा था। तभी एक अन्य मृगी अपने बच्चों के साथ उधर से निकली। शिकारी के लिए यह स्वर्णिम अवसर था। उसने धनुष पर तीर चढ़ाने में देर नहीं लगाई। वह तीर छोड़ने ही वाला था कि मृगी बोली, 'हे पारधी!' मैं इन बच्चों को इनके पिता के हवाले करके लौट आऊँगी। इस समय मुझे शिकारी हँसा और बोला, सामने आए शिकार को छोड़ दूँ, मैं ऐसा मूर्ख नहीं। इससे पहले मैं दो बार अपना शिकार खो चुका हूँ। मेरे बच्चे भूख-प्यास से तड़प रहे होंगे। उत्तर में मृगी ने फिर कहा, जैसे तुम्हें अपने बच्चों की ममता सता रही है, ठीक वैसे ही मुझे भी। इसलिए सिर्फ बच्चों के नाम पर मैं थोड़ी देर के लिए जीवनदान माँग रही हूँ। हे पारधी! मेरा विश्वास कर, मैं इन्हें इनके पिता के पास छोड़कर तुरन्त लौटने की प्रतिज्ञा करती हूँ।

हनुमान चालीसा

दोहा

श्रीगुरु चरन सरोज रज निज मनु मुकुरु सुधारि ।
बरनउँ रघुबर बिमल जसु जो दायकु फल चारि ॥
बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन कुमार
बल बुधि विद्या देहु मोहि, हरहु कलेश विकार।।

चौपाई

जय हनुमान ज्ञान गुन सागर जय कपीस तिहुँ लोक उजागर
राम दूत अतुलित बल धामा अंजनि पुत्र पवनसुत नामा ॥१॥
महाबीर विक्रम बजरंगी कुमति निवार सुमति के संगी
कंचन बरन बिराज सुबेसा कानन कुंडल कुँचित केसा ॥२॥
हाथ बज्र अरु ध्वजा बिराजे काँधे मूँज जनेऊ साजे
शंकर सुवन केसरी नंदन तेज प्रताप महा जगवंदन ॥३॥
विद्यावान गुनी अति चातुर राम काज करिबे को आतुर
प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया राम लखन सीता मनबसिया ॥४॥
सूक्ष्म रूप धरि सियहि दिखावा बिकट रूप धरि लंक जरावा
भीम रूप धरि असुर सँहारे रामचंद्र के काज सवाँरे ॥५॥
लाय सजीवन लखन जियाए श्री रघुबीर हरषि उर लाए
रघुपति कीन्ही बहुत बड़ाई तुम मम प्रिय भरत-हि सम भाई ॥६॥
सहस बदन तुम्हरो जस गावै अस कहि श्रीपति कंठ लगावै
सनकादिक ब्रह्मादि मुनीसा नारद सारद सहित अहीसा ॥७॥
जम कुबेर दिगपाल जहाँ ते कवि कोविद कहि सके कहाँ ते
तुम उपकार सुग्रीवहि कीन्हा राम मिलाय राज पद दीन्हा ॥८॥
तुम्हरो मंत्र बिभीषण माना लंकेश्वर भये सब जग जाना
जुग सहस्त्र जोजन पर भानू लील्यो ताहि मधुर फल जानू ॥९॥
प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माही जलधि लाँघि गए अचरज नाही
दुर्गम काज जगत के जेते सुगम अनुग्रह तुम्हरे तेते ॥१०॥
राम दुआरे तुम रखवारे होत न आज्ञा बिनु पैसारे
सब सुख लहै तुम्हारी सरना तुम रक्षक काहू को डरना ॥११॥
आपन तेज सम्हारो आपै तीनों लोक हाँक ते काँपै
भूत पिशाच निकट नहि आवै महाबीर जब नाम सुनावै ॥१२॥
नासै रोग हरे सब पीरा जपत निरंतर हनुमत बीरा
संकट ते हनुमान छुडावै मन क्रम वचन ध्यान जो लावै ॥१३॥
सब पर राम तपस्वी राजा तिनके काज सकल तुम साजा
और मनोरथ जो कोई लावै सोइ अमित जीवन फल पावै ॥१४॥
चारों जुग परताप तुम्हारा है परसिद्ध जगत उजियारा
साधु संत के तुम रखवारे असुर निकंदन राम दुलारे ॥१५॥
अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता अस बर दीन जानकी माता
राम रसायन तुम्हरे पासा सदा रहो रघुपति के दासा ॥१६॥
तुम्हरे भजन राम को पावै जनम जनम के दुख बिसरावै
अंतकाल रघुवरपुर जाई जहाँ जन्म हरिभक्त कहाई ॥१७॥
और देवता चित्त ना धरई हनुमत सेई सर्व सुख करई
संकट कटै मिटै सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलबीरा ॥१८॥
जै जै जै हनुमान गुसाईँ कृपा करहु गुरु देव की नाई
जो सत बार पाठ कर कोई छूटहि बंदि महा सुख होई ॥१९॥
जो यह पढ़े हनुमान चालीसा होय सिद्धि साखी गौरीसा
तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय मँह डेरा ॥२०॥

दोहा

पवन तनय संकट हरन, मंगल मूरति रूप। राम लखन सीता सहित, हृदय बसहु सुर भूप॥

गणेश गीता (गीता भाग 117)

ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

गणेश जी राजा वरेण्य से राजसी ज्ञान के विषय में। बड़े ही संक्षेप में कहा ---

येसु वेत्ति पृथग्भूतं,
विविंधं भावमाश्रितः`,
मामव्ययं च तज्ज्ञानं
राजसं परिकीर्तितः न`

जो अनेक उन भूतों से मुझे पृथक भाव का आश्रय लेकर अव्यय जानते हैं इस ज्ञान को राजसी ज्ञान कहां जाता है`

हेतु हीनों असत्यं च
देहात्मविषयं च यत
`
असदल्पार्थविषयं,
तामसी ज्ञानमुच्यते`

हेतु रहित ,असत्य तथा देह और मन के सुख के लिए असत और अल्प अर्थयुक्त विषयों में लगना तामसी ज्ञान है`

भेदतस्त्रिविधं कर्म ,
विद्धि राजन मये ऋतं
`

कामना द्वेष दम्भैः
यद् ऋतं यद् कर्म

यत
कृत्य विना फलेच्छां
यत कर्मसात्विकमुच्यते`

हे राजन! सत रज और तम इन भेदों से कर्म भी तीन प्रकार के होते हैं`उन तीनों का क्रमवार मैं वर्णन करता हूं तुम ध्यान से सुनो`कामना से हीन। ,,दम्भ से परे और द्वेष रहित जो कर्म है तथा जो कर्म फल की अशिक्षा से किए जाते हैं वे सभी सात्विक कर्म कहे जाते हैं`

इस प्रकार से गणेश जी ने तप दान और ज्ञान के। ट्रकों का अलग अलग वर्णन किया , राजसी ,तामसी व सात्विकी तीन ही प्रकार के गुण हर स्थान पर विद्यमान हैं`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

संक्षिप्त न्यूज

किसान पुत्र कुलदीप कुमार धूरिया सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर बने" चार्टेड एकाउंटेंट"

(संवाददाता) दिल्लीः- "माना मजलूमियत और मुफलिसी के अपने दंश होते हैं। पर प्रतिभा के तो अपने पंख होते हैं।"इस कहावत को चरित्रार्थ कर दिखाया। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर गांव जगदीशपुर राजा नौगढ़ के एक गरीब किसान परिवार में जन्मे कुलदीप कुमार धूरिया पुत्र हनुमान प्रसाद धूरिया ने। कुलदीप ने प्राथमिक शिक्षा गांव में ग्रहण की। उसके बाद दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूल राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय खजूरी खास से सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा उत्तीर्ण कर, दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के साथ साथ सीए की तैयारी भी शुरू कर दी।

यद्यपि सीए की सीपीटी और आईपीसीसी की परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर ली, लेकिन फाइनल लेविल की परीक्षा में एक दो बार असफल हुए। पर कुलदीप कुमार धूरिया ने हौसला नहीं छोड़ा और आज सीए बन गए।सीए के फाइनल ग्रुप -1में 66575 में से 14643 छात्र उत्तीर्ण हुए, पास प्रतिशत रहा 21.99और सीए की फाइनल ग्रुप -2 में 63253 में से 13877छात्र उत्तीर्ण हुए, पास प्रतिशत रहा 21.94 व सीए फाइनल दोनों ग्रुप में 29348 छात्र में से उत्तीर्ण हुए 3695 छात्र और पास प्रतिशत 12.59 रहा। गौरतलब है कि कुलदीप कुमार धूरिया, ने हमारे दैनिक समाज जागरण समूह के दिल्ली प्रभारी हरेश उपाध्याय से सीनियर सेकेंडरी क्लास में कोमर्स में तालीम हासिल की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय, उनके प्रति श्रद्धा, परिश्रम व सही मार्गदर्शन और विशेष आशीर्वाद को दिया।

पहले करते हैं नमस्ते और फिर लूटकर ले जाते हैं चैन

(हरेश उपाध्याय) नोएडाः-जी न्यूज के पूर्व संवाददाता एवं इंटरव्यू टीवी के एडीटर जगदीश प्रसाद सिंह के गले से उनकी चेन दो झपटमारों ने उस वक्त झपट ली।जब वो सुबह मॉर्निंग वॉक से अपने घर लौट रहे थें।घटना सुबह करीब साढ़े छह बजे की है।सेक्टर 37 की पॉश कॉलोनी अरूण विहार के गेट नंबर तीन से करीब 50 मीटर पहले दो बाइक सवार आकर रूके।एक ने उतर कर उन्हें नमस्ते की तो उन्होंने भी उसका जवाब दिया , लड़के ने मुंह पर रूमाल बांधा हुआ था ।फिर उस लड़के ने आदेशात्मक स्वर में कहा कि ह्लचल चेन उतारह्व।इस पर जगदीश सिंह ने कहा कि वो चेन क्यों उतारे ?तो लड़के ने अपने साथी से कहा कि रिवॉल्वर निकाल और इसे गोली मार। जगदीश की नजर दूसरे लड़के पर गई और इसी बीच पहले लड़के ने जगदीश सिंह के पेट में कसकर घूसा मारा। जिसे जगदीश पीछे हटे और बच गए ।इसी दौरान पहले वाले लड़के ने चेन झपटी और मोटर साइकिल पर बैठ कर फरार हो गया । मोटरसाइकिल पर कोई नंबर प्लेट नहीं थी। मोटर साइकिल काले रंग की थी। पुलिस ने बयान दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है और आश्वासन दिया है कि जल्द ही चेन स्नेचर पकड़े जाएंगे।

2 लाख की रिश्वत मांगने पर साइबर सेल के एसएचओ और आईओ सस्पेंड

(हरेश उपाध्याय,नीरज अवस्थी) दिल्लीः-पूर्वी दिल्ली जिला के साइबर सेल थाने के एसएचओ और केस के आईओ के खिलाफ पांडव नगर थाने में एक्सटॉर्शन,आपराधिक षडयंत्र, धमकी और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ है।

एसएचओ और आईओ पर आरोप है कि उसने एक महिला की शिकायत पर मामले को रफा-दफा करने की एवज में महिला के पति से 2 लाख की डिमांड की। एसएचओ और आईओ को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पीड़ित शख्स ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी नवंबर 2013 में हुई थी।

कुछ सालों बाद उसे एक बेटी हुई ।2019 में उसे पता चला कि उसकी पत्नी का एक लड़के के साथ अफेयर चल रहा है। बेटी के भविष्य की चिंता करते हुए उसने पत्नी को समझाया,जिसके बाद पत्नी ने माफी मांग ली।कुछ दिन में पत्नी का जॉब लेटर आ गया। पति ने उन्हें 6 महीने की ट्रेनिंग के लिए कर्नाटक भेज दिया। ट्रेनिंग खत्म होने के बाद पत्नी वापस आ गईं।पति का आरोप है कि जनवरी 2022 में पत्नी यह बोलकर अपने मायके चली गईं कि उन्हें ऑफिस घर से पास पड़ेगा। कुछ समय तक तो वह फोन पर बात करती रही लेकिन धीरे धीरे बात करना कम कर दिया। उसके बाद बात करना पूरी तरह बंद कर दिया। जब उसने ससुराल में उससे मिलने की कोशिश की तो पता चला कि वह वहां नहीं रहती है।

शकरपुर थाने से पता चला कि पत्नी ने उसके और उसके परिवार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। गाजियाबाद जिले में भी पत्नी की तरफ से उसके और उसके परिवार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई।इसके बाद पत्नी ने कड़कड़डूमा कोर्ट में घरेलू हिंसा का केस कर दिया।पति ने पुलिस को बताया कि वह समझ नहीं पाए कि आखिर वह ऐसा क्यों कर रही हैउसने अपने स्तर पर इस बात का पता लगाने की कोशिश की तो पत्नी की एक सहेली से पता चला कि उसकी पत्नी का 4 साल से एक लड़के से अफेयर चल रहा है।

इस बात से नाराज होकर उसने पत्नी को वॉट्सऐप पर मेसेज भेजें कि 6 साल की बेटी की जिंदगी खराब कर दी। जिसको लेकर उसकी पत्नी ने साइबर सेल में जाकर शिकायत कर दी।आरोप है कि साइबर सेल थाने से इंस्पेक्टर और एएसआई सादे कपड़ों में 14 जून को उसके घर आए। गाली गलौज और पूरे परिवार को पीटते हुए जेल ले जाने और जेल में बंद करने की धमकी दी। केस रफा दफा करने के लिए उनसे 2 लाख रुपये की डिमांड की गई।

आरोप है कि दोनों पुलिसवाले घर से कुछ कैश लेकर भी गए और बाकी पैसे के लिए दो दिन बाद थाने बुलाया। पीड़ित ने उनकी गाड़ी का नंबर और दोनों की सीसीटीवी फुटेज सेव कर ली। साथ ही वॉइस रिकॉर्ड भी कर लिए। आरोप है कि दो दिन बाद वह थाने पहुंचे। जहां कई घंटे बिठाए रखा। धमकी दी कि पैसे मंगवा लें नहीं तो अंदर जाएगा। पीड़ित ने यह सारे प्रूफ, रिकॉर्डिंग, फुटेज अफसरों को दे दिए। आला अफसरों ने पीड़ित के साक्ष्यों को गंभीरता से लिया। शनिवार को पांडव नगर थाने में आईपीसी 384/385/506 /120 बी और 7 ढडउ एक्ट के तहत दर्ज हुआ। इसके बाद एसएचओ और एएसआई को सस्पेंड कर दियाा गया।

श्री हंस सांसद खेल महोत्सव के फाइनल में गोकलपुर दबंग का मुकाबला करावलनगर हीरोज से होगा

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-श्री हंस सांसद खेल महोत्सव के 12 दिन आज मैच के सेमी फाइनल में करावल नगर हीरोज एवं तिमारपुर टाइटंस के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए आयोजक सांसद मनोज तिवारी खेल के मैदान पर पहुंचे। इस अवसर पर दृष्टि कोचिंग इंस्टीट्यूट के मालिक एस एस पांडे भाजपा नेता नीलकांत बक्शी जिले के अध्यक्ष मोहन गोयल मास्टर विनोद कुमार महामंत्री मनोज त्यागी डा यू के चौधरी पूर्व विधायक सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू पूर्व निगम पार्षद प्रवेश शर्मा कु. रिंकू सचिन शर्मा उपाध्यक्ष आनंद त्रिवेदी सत्यदेव चौधरी सचिन मावी आशीष तिवारी चौधरी सुग्रीव सिंह दिनेश धामा वी सी वशिष्ठ आयोजन समिति के पदाधिकारी तेज प्रकाश गंगाराम माहोर अश्वनी शर्मा रामनिवास अनुपम पांडे वीरेंद्र खंडेलवाल विकास त्यागी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद

रहें।सांसद मनोज तिवारी ने 28 लाख रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि खेल महोत्सव में कई प्रतिभावान खिलाड़ी निकल कर सामने आए क्रिकेट प्रतियोगिता में आज तो सर्वश्रेष्ठ टीम में 22 खिलाड़ी उस सौभाग्य को प्राप्त करेंगे।जो कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को हासिल है। फाइनल में पहुंचने वाले यह खिलाड़ी 24 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय खेल मैदान अरुण जेटली फिरोज शाह कोटला मैदान पर खेलेंगे और इन्हें दुनिया देखेगी। उक्त खिलाड़ी ऐसी नजरों में जगह बनाएंगे, जो कई उदीयमान खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका दे चुके हैं। उन्होंने फाइनल में पहुंची गोकल पुर दबंग एवं को बधाई दी और उनके खिलाड़ियों के सुनहरे भविष्य की कामना की ।सेमीफाइनल के इस मैच में करावल नगर हीरोज की टीम ने टॉस जीता एवं बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8विकेट खोकर 149 रन बनाए और तिमारपुर टाइटंस के सामने 150 रनों का लक्ष्य रखा लक्ष्य का पीछा करते हुए तिमारपुर टाइटंस की टीम 18.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 128 रन ही बना सकी और यह मैच करावल नगर हीरोज की टीम ने 21 रनों से जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

हिंदू युवती को भगा ले गया दूसरे समुदाय का युवक, सांप्रदायिक तनाव

आगरा ! खंदौली थाना क्षेत्र के गांव लहलर में हिंदू युवती को दूसरे समुदाय के युवक द्वारा भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है। आरोपी का परिवार घर का ताला लगाकर फरार हो चुका है। इलाके में सांप्रदायिक तनाव है।

बताया गया है कि गांव लहलर में शनिवार की रात करीब नौ बजे घर से शौच के लिये खेत में गयी युवती को गांव का ही मुस्लिम युवक बहला-फुसला कर भगा ले गया। जब देर रात युवती घर नहीं पहुंची तो परिवारीजनों ने युवती और युवक को काफी खोजा। जब युवती के परिजन खोजते हुए युवक के घर पहुंचे तो युवक के परिवारीजनों ने युवती को एक दिन बाद लाने की बात कही। लेकिन इसके बाद वे भी रातों-रात घर पर ताला लगा कर फरार हो गये।

युवती के पिता विनोद ने थाना खंदौली में युवक और उसके भाइयों के खिलाफ तहरीर दी है। वही गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

विनोद का आरोप है कि उसकी पुत्री को गांव के ही नसीर का पुत्र रशीद बहला फुसला कर भगा ले गया है। जब इस बात की शिकायत रशीद के परिवारीजनों से की गई तो उन्होंने लड़की को एक दिन बाद वापस लाकर देने की बात कही थी लेकिन रशीद के परिवारीजन रातों रात घर से फरार हो गए। विनोद ने आज सुबह थाना खंदौली में युवक और उसके भाइयों के खिलाफ तहरीर दी।

पिता ने डांटा, पैसे नहीं दिये तो नाबालिग दोस्तों ने छोड़ दिया घर!

आगरा। पिता ने डांटा और पैसे देने से मना कर दिया तो दो नाबालिग दोस्तों को इस कदर ठेस लगी कि वे घर से बैग उठा कर पैसे कमाने निकल पड़े। बच्चों के गायब होने से परेशान घरवालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर नाबालिगों को बरामद कर परिवारीजनों को सुपुर्द कर दिया।

मामला थाना इरादतनगर के बसई खुर्द का है। यहां रहने वाले महेश का 14 वर्षीय पुत्र अरुण और भूपेंद्र का 13 वर्षीय भाई बृजमोहन दोनों अच्छे दोस्त हैं। ये दोनों एक ही विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ते हैं। रविवार की दोपहर अचानक दोनों लापता हो गए। महेश ने कहा कि दोपहर तक दोनों दोस्त घर के बाहर थे। काफी देर बाद भी नहीं लौटे तो फोन मिलाया। गांव, आसपास के क्षेत्र समेत रिश्तेदारी में भी पूछा, लेकिन कुछ पता नहीं चला। थक हारकर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया।

पुलिस दोपहर से ही दोनों की तलाश कर रही थी। एसएसआई सर्वेश सिंह ने टीम गठित की। शाम छह बजे के करीब पुलिस ने दोनों को जाजऊ रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया।

थाना प्रभारी प्रेम सिंह ने बताया कि अरुण और बृजमोहन ने बताया कि उन्होंने अपने परिजनों से रुपये मांगे थे। परिजनों ने पैसे देने से मना कर दिया और डांट दिया। इस बात से दोनों नाराज हो गए। दोनों ने फैसला किया कि घर छोड़कर कहीं पर कमाने के लिए चलते हैं। अब किसी से भी पैसे मांगने की जरूरत नहीं है। दोनों ने अपना एक-एक बैग लिया, उसमें कपड़े आदि भरकर बिना किसी को बताए घर से निकल गए। दोनों ग्वालियर जा रहे थे।

सेक्टर 51 (चिल्ड्रेन पार्क) मे लगा महिला जागरूकता शिविर

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा सेक्टर 51 के चिल्ड्रेन पार्क में नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन महिला कल्याण विभाग के जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री अतुल कुमार सोनी और डीडी आरडब्लूए फेडरेशन, गौतम बुद्ध नगर के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत सबका यह प्रयास रहा कि नारी सुरक्षित रहे, नारी का सम्मान हो और नारी स्वावलंबन हो। महिला कल्याण विभाग के तरफ से श्री रवि और हमरा ने जरूरतमंद महिलाओं को सरकार की योजनाओं जैसे

महिला सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना।, सखी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना राष्ट्रीय पोषण मिशन, शक्ति मोबाइल, महिला हेल्प डेस्क, महिला साइबर सेल,महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी प्रमुख केंद्र, इत्यादि की जानकारी साझा की । नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन के मायका में ३३ महिलाओ ने सदस्यता के लिए

अपना रजिस्ट्रेशन कराया जिसमे संस्था सभी महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेगी इसके लिए संस्था ने मालती को होशियारपूर की महिलाओ का लीडर घोषित किया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की टीम, नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमति मीनाक्षी त्यागी, महासचिव श्रीमति वनिता भट्ट सोपोरी,मिडिया प्रभारी अलका वर्मा, ममता ,डीडी आरडब्लूए फेडरेशन से श्री एन पी सिंह (अध्यक्ष), श्री राजीव कुमार (एडवाइजर) और श्री संजीव कुमार (सीनियर उपाध्यक्ष) , नोएडा के प्रख्यात समाजसेवी मनीष गुप्ता एवं विक्रम सेठी एवं होशियारपूर की घरेलु सहायिका,कामकाजी महिलाएं बहुत ज्यादा संख्या मे मौजूद रही।

अमरनाथ दल के विशाल भंडारे में पहुंचे मोहनलालगंज उपजिलाधिकारी व तहसीलदार

(संवाददाता) विवेक कुमार समाज जागरण

मोहनलालगंज लखनऊ तहसील के सामने अमरनाथ सेवादल के तत्वावधान में सावन माह के सोमवार को छठवे विशाल भंडारे के आयोजन में उपजिलाधिकारी ने पहुंचकर प्रसाद वितरित कर प्रसाद ग्रहण किया।मोहनलालगंज से अमरनाथ सेवा दल के प्रमुख सेवादार शिव प्रकाश गुप्ता उर्फ बेटू ने बताया कि विगत वर्षो में कोरोना के कारण अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले भक्तों की यात्रा रुक गई थी ,परंतु भगवान भोले नाथ की कृपा दृष्टि से इस वर्ष यात्रा का शुभारंभ पूर्व की भांति हुआ। आने जाने वाले कावड़िया भण्डारा में सुबह 7 से 9 बजे तक भंडारे में चाय, बिस्कुट, खस्ता-आलू आदि ग्रहण करते थे । इस वर्ष बाबा अमरनाथ बफार्नी की कृपा दृष्टि से पूजा-अर्चना कर भंडारे में बने हलवा, खीर, सब्जी-पूरी, कढ़ी-छोला-चावल, पानी के बताशे समेत चिल्ला का प्रसाद प्रशासनिक अधिकारियों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया । उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य, तहसीलदार

राजेश विश्वकर्मा, खंड विकास अधिकारी निशान्त राय, उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव सहित अनेकों अधिकारियों ने भण्डारे में प्रसाद वितरण किया` प्रमुख सेवादार शिव प्रकाश गुप्ता ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

भण्डारे में प्रमुख सेवादार शिव प्रकाश गुप्ता , अम्बरीश श्रीवास्तव,शशांक मिश्रा. अशोक तिवारी ,हिमांशु त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र सिंह, सोनल द्विवेदी, विनीत मिश्रा, अनुपम मिश्र ,राहुल गुप्ता, घनश्याम शर्मा, आनंद पाण्डेय, नीलू पाल, मनोज यादव, राघव दीक्षित, राजाराम यादव सहित काफी संख्या में सेवादार उपस्थित थे मूक बाधिर बच्चो को पहुंचाया प्रसाद

अमरनाथ सेवादल के प्रमुख सेवादार शिव प्रकाश गुप्ता ने मोहनलालगंज स्थित मूकबधिर आश्रम में जाकर वहां रहने वाले 75 बच्चों एवम बच्चो की सेवा में लगे कर्मचारियों सहित सभी लोगों को भण्डारे का प्रसाद वितरित किया ।बाबा अमरनाथ बफार्नी के भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर बच्चो ने खुशी व्यक्त की कि भगवान के सेवक दूत बनकर हम सबको प्रसाद वितरित करने आए

जन शिक्षण संस्थान व साक्षरता निकेतन के द्वारा गोष्ठी एवं निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

मोहनलालगंज/लखनऊ कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अधीन जन शिक्षण संस्थान साक्षरता निकेतन लखनऊ द्वारा गोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे संस्थान के निदेशक सौरभ कुमार खरे द्वारा लोगों को स्वच्छता की सपथ दिलाई व वहीं विकासखंड सरोजनी नगर के ग्राम माती में स्वच्छता पखवाड़ा वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत संस्थान कि प्रशिक्षिका सुश्री गीता के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें युवक और युवतियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार में बताया कि जन शिक्षण संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वच्छता पखवाड़ा का

आयोजन किया जा रहा है जिसमे भिन्न भिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा । संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी शुभम मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियो को स्वच्छता के महत्व को बताते हुये बच्चों का उत्साहवर्धन किया ।

मतदाताओं का आधार नंबर प्राप्त करने के लिए बीएलओ के माध्यम से 1 अगस्त से चलेगा घर-घर सर्वे

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुहास एलवाई के निदेर्शों के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव ने सर्वसाधारण का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद के समस्त मतदाताओं के आधार नंबर एकत्रित किए जाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में आगामी 1 अगस्त से बीएलओ के माध्यम से घर-घर सर्वे कर आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र 6 बी के माध्यम से मतदाताओं का आधार नंबर प्राप्त किया जाएगा जोकि स्वैच्छिक है। अतः सर्वसाधारण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आधार नंबर एकत्रित करने से संबंधित कार्यक्रम में अपना आधार नंबर अपने क्षेत्र में नियुक्त बीएलओ को अवश्य उपलब्ध कराएं।

मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ उठाने के लिए अभ्यर्थी 31 जुलाई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा जिला अधिकारी सुहास एलवाई के निदेर्शों के क्रम में सहायक निदेशक मत्स्य गौतमबुद्धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत विभिन्न परियोजनाओं जैसे (1) बॉयोफ्लॉक पाण्ड निर्माण हेतु 04. (2) मोटर साइकिल विद आइस बाक्स हेतु 26, (3) 6 टैंक क्षमता के मध्यम आर०ए०एस० / बायोफ्लॉक हेतु 01. (4) 100 क्यूनिक मीटर क्षमता के आर०ए०एस० / बायोफ्लॉक हेतु 20, (5) जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र हेतु 07. (6) बैक यार्ड आर०ए०एस० हेतु 30, (7) साइकिल विद् आइस बाक्स हेतु 24, (8) कियोस्क हेतु 08 यूनिट का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसके लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति जो लाभार्थी अंश लगाने में सक्षम एवं सहमत हो, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत आवेदन करने के लिए विभागीय पोर्टल पर अब ऑनलाइन आवेदन दिनांक 31.07.2022 तक कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि संबंधित अभिलेख रू० 100/- के स्टाम्प पर, नोटरी शपथ पत्र, मत्स्य समृद्धि फार्म, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र हस्ताक्षर, ड्राइविंग लाइसेन्स आदि नियमानुसार अपलोड करना होगा। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को चयन प्रथम आवत प्रथम पावत के सिद्धान्त के आधार पर निर्धारित लक्ष्य की सीमा तक किया जायेगा। जिन परियोजनाओं के लिए लक्ष्य निर्धारित नहीं है, उन परियोजनाओं में प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत अनुसचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला लाभार्थियों को 60 प्रतिशत तथा सामान्य एवं अन्य पिछड़ी जातियों को 40 प्रतिशत अनुदान देय है। अनुदान के अतिरिक्त शेष धनराशि लाभार्थी अंश है। जिसे लाभार्थी द्वारा स्वयं के संसाधन अथवा बैंक ऋण के माध्यम से व्यय किया जायेगा। सभी परियाजनाओं में अनुदान बैंक इन्डेड है। परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, गौतमबुद्धनगर, कमरा नं0 305 व 306 विकास भवन, मे जमा करे।

शासन की नीतियों को आगे बढ़ाना मेरी पहली प्राथमिकता :- मीनाक्षी सिंह

आगरा।शासन की नीतियों को आगे बढ़ानो मेरी पहली प्राथमिकता होगी यह कहना हैं आगरा विकास प्राधिकरण की नवागत सहायक अभियंता विधुत यांत्रिक, मीनाक्षी सिंह का।

पदभार संभालने के बाद एक विशेष भेट में उन्होंने बताया कि आगरा विकास प्राधिकरण का राजस्व बढ़ानो उनको प्रयास होगा ।शासने की नीति का असर जमीन स्तर पर दिख सके इसके लिये वह हरसंभव प्रयास करेंगी । जिससे सरकार की छवि औड्ड बेहतर तरीके से दिख सके ।

मीनाक्षी मूल रूप से मध्य प्रदेश के सागर जिले की रहने वाली है ।सागर के ही इंदिरा गांधी गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी० टेक किया है । वह विकास प्राधिकरण सेवा की 2021 बैच की अधिकारी है । प्राधिकरण में इनकी गिनती साफ-सुथरी और तेज तर्रार अधिकारीयो में शुमार की जाती है ।इसी काबिलियत के चलते आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने संपति के सहायक प्रभारी का दायित्व भी सौंपा है

कानपुर में बच्चे के साथ कुकर्म का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

(सुनील बाजपेई) कानपुर। यहां चमनगंज पुलिस ने बच्चे के साथ कुकर्म करने के आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। वह बच्चे की हालत बिगड़ने पर मौके से भाग निकला था। जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गई थी। जानकारी के मुताबिक इसके लिए सर्विलांस का भी सहारा लिया गया था। जिसके बाद उसे 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने के रुप में चमनगंज पुलिस को यह महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब अपनी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में अनेक शातिर अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके चमनगंज के तेजतर्रार और व्यवहार कुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर जावेद अहमद अपनी टीम के साथ गश्त पर निकले हुए थे। चमनगंज थाना प्रभारी के रूप में कार्य भार ग्रहण करने के बाद से अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित और अपनी अब तक की जुझारू नौकरी के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को जेल की हवा खिला चुके लोकहित में अपनी धुन के पक्के कर्मठ और जुझारू थाना प्रभारी प्रभारी जावेद अहमद ने बताया कि घोसियाना मोहल्ले में रहने वाला मो. आरिफ उर्फ तोता ने 16 जुलाई को मोहल्ले के एक 13 साल के बच्चे को बहला कर अपने कमरे तक ले आया। इसके बाद उसे बंधक बनाकर कुकर्म किया था। परिजनों की सूचना पर चमनगंज थाने की पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। जिसके बाद 24 घंटे के भीतर ही सर्विलांस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

सावन के पहले सोमवार पर मंदिरों में उमड़े शिव भक्त

– हर शिव मंदिर में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम

(सुनील बाजपेई) कानपुर । आज यहां सावन के पहले सोमवार को शहर के सभी शिव मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच भोले बाबा के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ती दिखाई पड़ी। इस बीच सभी प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी और ड्रोन से पल-पल की निगरानी की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही पुलिस, पीएसी और आरएएफ का कड़ा पहरा भी लगाया गया है। ताकि भक्त सुरक्षित तरीके से मंदिरों में दर्शन कर सकें। देर रात से ही मंदिरों में लाइन लगना शुरू हो गई। अफसरों ने देर रात से ही मंदिरों की निगरानी शुरू कर दी। पुलिस कमिश्नर विजय सिंह मीणा ने बताया कि सावन महीने के पहले सोमवार को शहर के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में भक्तों के दर्शन के लिए इंतजाम किए गए हैं। बाबा आनंदेश्वर परमट मंदिर के दर्शन के संदर्भ में कल रविवार 17 जुलाई को एडिशनल डीसीपी वेस्ट बृजेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में मर्चेंट चेंबर हॉल में एसीपी कर्नलगंज और मेला में लगे सभी प्रभारी निरीक्षक, निरीक्षक, चौकी प्रभारी, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी, महिला उप निरीक्षक, तथा महिला आरक्षी के साथ मीटिंग भी की गई थी।

पोधा रोपण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक:- अभिषेक त्यागी

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नजीबाबाद ने आज स्प्रिंग फील्ड एकेडमी नया गांव में पौधा रोपण किया कार्यकर्म का संचालन अभिषेक त्यागी प्रांत सह संयोजक फार्मा विजन और नगर मंत्री विनायक जी के नेतृत्व में स्प्रिंग फील्ड स्कूल में एबीवीपी की मानव सारंख्ला बनाई गई,और 400 पोधो का रोपण किया गया कार्यकर्म की अध्यक्षता कुलदीप राजपुत ओर कारुना शर्मा ने की

अभिषेक त्यागी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत में इस वर्ष लगभग 3लाख पौधे लगाएगी,और एबीवीपी नजीबाबाद ईकाई निरंतर विद्यालयों में कार्यरत हैं विनायक ने बताया है कि अब लगातार विधायलो में कार्यकर्म करती रहेगी कार्यकर्म मे अनमोल चौहान, नीरज राठौड़, उत्सव कुमार, अकांशु राठी, बंटी,आशीष,और विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं और अध्यापकों का मुख्य रुप से सहयोग रहा

बम बम भोले के जयकारों से गूंजा नगर शिव महापुराण कथा से पहले निकाली गई कलश यात्रा

नजीबाबाद दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

नजीबाबाद। श्री शिव महापुराण कथा के शुभ अवसर पर नगर में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की अराधना करते हुए उनका गुणगान किया। जिससे वातावरण शिवमय हो गया। सावन माह के पहले सोमवार को नगर में श्री शिव महापुराण कथा का शुभाारंभ होने से पूर्व

भगवान शिव की यात्रा व कलश यात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। डमरू की थाप पर शिवभक्तों ने जमकर नृत्य किया। टीला मंदिर स्थित शिव मंदिर से शुरू हुई यात्रा नगर के मुख्य मार्ग होते हुए मौहल्ला दरबाराशाह स्थित धर्मशाला में पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा मे मुख्य यजमान संजीव माहेश्वरी,, कथा व्यास पंडित अमित कौशिश, पंडित हर्षवर्धन, आचार्य रोहित कुमार रहे। यात्रा में शिवभक्त शुभम ग्रोवर ने भगवान शिव का डमरू बजाकर यात्रा का शुभारंभ करते हुए वातावरण को शिवमय बना दिया। उनके साथ आकाश सिंघल, तुषार माहेश्वरी, मुकुल कौशिक, मोनू वर्मा, बिट्टू भटनागर, नीरज पाल आदि का सहयोग रहा। कलश यात्रा में महिलाओं व शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

कावड़ यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं को देखने धौरा टांडा पहुंचे एसडीएम सदर

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

धौरा टांडा/ भोजीपुरा(बरेली) धौरा टांडा से हर वर्ष जाने वाला शिव भक्तों का कावड़ का जत्था इस बार 27 जुलाई को कस्बे से कछला घाट को जाएगा और 31 जुलाई को वापस आकर 1 अगस्त को शिव मंदिर में जलाभिषेक का कार्यक्रम होगा उसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन अपनी व्यवस्थाएं तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा है आज उप जिलाधिकारी सदर कुमार धर्मेंद्र धौरा टांडा पहुंचे जहां उन्होंने कावड़ जाने वाले रास्ते को बारीकी से देखा रास्ते में किसी प्रकार का अवरोध ना रहे बिजली के पोल व तारों की ऊंचाई कितनी है और किस प्रकार हो यह सब अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए मार्ग में व्यवस्था बेहतर हो किसी

प्रकार का अवरोध उत्पन्न ना हो रास्ते में अगर किसी का सामान रेता, बजरी ,मिट्टी आदि पड़ी है समय रहते हैं उसको तुरंत हटवा दिया जाए कावड़ियों के वाहन भी सही प्रकार से निकल जाएं तो वही नगर पंचायत कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी तरह की जाए सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने चौकी प्रभारी एसआई प्रमोद कुमार से फीडबैक लिया। वही पत्रकार मोहम्मद इरशाद रजवी से एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं हमारे क्षेत्र में अमन व शांति रहे और शासन की मंशा के अनुरूप कावड़ यात्रा के कार्यक्रम सकुशल संपन्न हो तो वही धौरा टांडा रोड के लिए उन्होंने कहा कि मैंने भी संबंधित अधिकारियों को लिखकर भेजा है किस रोड की दुर्दशा खराब है इस मौके पर धौरा टांडा पुलिस चौकी का स्टाफ व हल्का लेखपाल महेंद्र सिंह व नगर पंचायत के कर्मी साथ रहे

निशुल्क चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़,मुफ्त में मिली दवाये

संजीवनी हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह

शाहाबाद(हरदोई) ।सोमवार को संजीवनी हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉ शारिक परवेज के संचालन में किया गया।शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ नाजनीन परवीन और बुशरा फातिमा ने महिलाओं को निशुल्क परामर्श के साथ दवाओं का वितरण भी किया।संचालक डॉ शारिक परवेज ने बताया कि इस निशुल्क कैम्प में

लगभग 135 मरीजो को निशुल्क परामर्श के साथ 120 मरीजो को निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।इसके साथ ही विभिन्न मरीजो की थायराइड,कोलेस्ट्रॉल,ब्लड शुगर,हीमोग्लोबिन आदि की जांचे भी की गई।उन्होंने कहा कि चिकित्सा को सेवा मानकर जरूरतमंद लोगो की मदद करना चाहिये और ऐसे निशुल्क शिविरों से गरीब तबके के लोगो को खासी मदद मिलती है।उन्होंने बताया कि स्त्री एवं प्रसूति रोग से सम्बन्धित महिलाओं के लिये उनके संजीवनी हॉस्पिटल में सुविधा उपलब्ध रहेगी।चिकित्सा शिविर में मरीजो की बड़ी भीड़ उमड़ी और लोगो ने निशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया।

आगामी पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण आवश्यक है-मुख्य विकास अधिकारी

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह

हरदोई। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना की अध्यक्षता में भूजल संरक्षण के संबंध में अंतर्विभागीय गोष्ठी हुई। बैठक में जल संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डाला गया। ऐई लघु

सिंचाई धर्मेन्द्र सिंह ने लघु सिंचाई विभाग की ओर से लिये जा रहे प्रयासों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर स्वच्छ पेयजल मात्र 2.7 प्रतिशत है। आगामी पीढ़ियों के लिए इसका संरक्षण आवश्यक है। अमृत सरोवर एक अच्छा प्रयास है। कृषक भाइयों को छोटी-छोटी मेड़बंदी के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। बगीचे में सुबह पानी डालने से पानी का वाष्पीकरण कम होता है और पानी नीचे चला जाता है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जल संरक्षण आज समय की जरूरत है। बिना पानी जीव का अस्तित्व सम्भव नही है। सभी को जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। लोगों को इस संबंध में जागरूक किया जाना चाहिए। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण के लिए रिजर्वायर बनाये जाने चाहिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी एपी सिंह व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

शातिर पशु चोर को पिकअप व ₹90000 सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर द्वारा पशु चोरी व अन्य घटनाओ की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्र अधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान सेंट मेरी चौराहे से दिनांक 17 7 2022 की रात्रि मै अभियुक्तगण बिल्ला उर्फ गुड्डू उम्र 32 वर्ष पुत्र यासीन कुरेशी शौकीन उम्र 30 वर्ष पुत्र शानू उर्फ मुस्तकीम कुरेशी निवासीगण जमाईपूरा बघरा थाना तीताबी जनपद मुजफ्फरनगर को 2

अवैध तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस ₹90000 व महिंद्रा पिकअप गाड़ी बिना रजिस्ट्रेशन नंबर सहित गिरफ्तार किया गया अभीगण के दो अन्य साथी शादाब पुत्र शानू मुस्तकीम कुरेशी आसिफ पुत्र इनाम कुरेशी निवासीगण जमाईपूरा बाघरा थाना तीतावी जनपद मुजफ्फरनगर अंधेरे का फायदा उठाकर गाड़ी से उतर कर भाग गए जिनके शीघ्र ही गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है अवैध शस्त्र बरामदी के संबंध मे थाना कोतवाली शहर मे मुकदमा पंजीकृत किया गया पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया जनपद बिजनौर व आसपास के जनपदो मे रेकी कर पशु चोरी की घटनाओ को अंजाम देते है चोरी किए गए पशुओ को पशु बाजार मे व राह चलते व्यक्ति को बेचकर अच्छा खासा पैसा कमा लेते हैं करीब डेढ़ महीने पहले उन्होंने ग्राम जन्दरपूर मे एक भैंस चोरी की थी उसके एक-दो दिन बाद मोहल्ला कस्साबान में 2 भैंस चोरी की थी तथा करीब 10 दिन पहले सेंट मेरी चौराहे के पास से एक घर से 2 भैंस और एक भैंसा चोरी कर ले गए थे चोरी किए गए सभी पशुओ को उन्होंने पशु बाजार व चलते व्यक्तियो को बेच दिया था बरामद रुपए 90000 उसी के है गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार उपनिरीक्षक कयूम उपनिरीक्षक जोगेंद्र तेवतिया कांस्टेबल अमित कुमार कांस्टेबल अरविंद कुमार कांस्टेबल सचिन कुमार आदि मौजूद रहे

दो लाख रुपए की जरूरत पर किया अपहरण करने का नाटक

दैनिक समाज जागरण संभल ।

हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के कस्बा सिरसी के मोहल्ला सादक सराय में रहने वाले मेहराज पुत्र मकसूद एक मोबाइल की दुकान चलाता है मेहराज ने रविवार की रात दो लाख रुपए की जरूरत पर अपने दो साथी अमरनाथ पुत्र राजेंद्र और उदय वीर पुत्र धर्मपाल मिल्क सिरसी दोनो ही मोबाइल की दुकान मिल्क सिरसी में चलाते है इन दोनों दोस्तो ने एक साथ घरवालों से अपहरण का नाटक किया और रात्रि 10:00 बजे संभल मुरादाबाद रोड पर बहमन पब्लिक स्कूल के नजदीक अपनी स्कूटी को खाई में फेंक कर अपने दो साथी मिलक सिरसी के अमरनाथ पुत्र राजेंद्र उदय वीर पुत्र धर्मपाल 24 वर्ष के साथ उनकी बाइक पर बैठकर कुंदरकी बाईपास

पर पहुंच गया और वहां पर पहुंचकर अपने घर वालों को अपने दोनों हाथ इन के सहयोग से बंधवा कर वीडियो कॉल पर दिखा दिए कि कुछ लोगों ने मेरा अपरहण कर लिया है यह लोग मुझसे पाँच लाख रुपए मांग रहे हैं लेकिन मैंने पांच लाख रुपए तो देने से मना कर दिया लेकिन मेरी बात दो लाख रुपए में बात हो गई है मां ने कहा कि बेटा घबराना मत हम लोग दो लाख रुपए का इंतजाम कर लेंगे यह खबर जैसे ही पुलिस को पता चली पुलिस फौरन हरकत में आ गई और घटना की जानकारी के लिए जुट गई पुलिस को वीडियो कॉल पर संदिग्ध स्थिति लगी उसने फौरन मेहराज के घर वालों को थाने बुला लिया और मेहराज के नंबर से संपर्क किया अपने घर वालो को थाने में बैठा देख कर कुछ ही देर बाद तकरीबन 2:30 बजे मेहराज अपने दोनों साथियों के साथ हजरत नगर गढ़ी थाने पहुंच गया पुलिस ने मेहराज और उसके दोनों साथी को पकड़कर थाने में बैठा लिया जब मेहराज से घटना की जानकारी ली गई तो मेहराज ने बताया कि उस पर मार्केट का दो लाख रुपए कर्जा हो गया था इस वजह से उसने अपने इन दोनों साथियों के साथ अपरहण का नाटक को अंजाम दिया उसने सोचा कि घरवाले मुझे दो लाख रुपए दे देंगे तब मैं मार्केट का कर्जा चुका कर अपनी मोबाइल की दुकान पर फिर दोबारा से बैठ जाऊंगा पुलिस ने तीनों को चालान करके जेल भेज दिया

टेक्निकल कमी के कारण गांव को जा रही एलटी लाइन पर किसी कारण वश 11000 का करंट पूरी एलटी लाइन पर पूरे गांव में चला गया।

दैनिक समाज जागरण गुन्नौर/गवां

रजपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पानीवाडा में रजपुरा बिजली घर से 11,000 हाईटेंशन लाइन गांव में बिजली आपूर्ति करने के लिए स्थित है गांव के दक्षिण दिशा में डबल पोल पर रखे 10/10 केवीए के दो ट्रांसफार्मर गांव में बिजली की पूर्ति करते हैं। टेक्निकल कमी के कारण गांव को जा रही एलटी लाइन पर किसी कारण वश 11000 का करंट पूरी एलटी लाइन पर पूरे गांव में चला गया। 11000 का करंट पूरे गांव में फैल जाने के बाद भूरे पुत्र डोरीलाल के घर में गड़े बिजली के पोल में केवल टूट जाने से नीचे भरे पानी में बिजली का करंट दौड़ गया।और उसके बराबर घैर में बंधी हुई भैंसें बिजली की चपेट में आ गईं जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।भूरे एक गरीब व्यक्ति है

जिसकी 3 भैसे बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही खत्म हो गई हैं अनुमान लगभग भैंसों की कीमत कई लाख रुपये, की बताई जाती है।भूरे सिंह ने बताया मेहनत मजदूरी कर और पशुओं का दूध बेच कर अपने परिवार का पालन पोषण करता हूं इन पशुओं के अलावा मेरे पास बच्चे पालने का और कोई नजरिया नहीं था आज मुझे लगभग काफी नुकसान हुआ है मैं तो बर्बाद हो गया बिजली विभाग ने मुझे बर्बाद कर दिया ऐसी घटनाएं कई बार इस गांव में हुई है आज तक किसी बिजली विभाग के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी ने कोई भी सुध नहीं ली है मौके पर पहुंचे बिजली के अधिकारी मुआवजा का आश्वासन देकर एसडीओ गवां ने तीनों भैसो को दफन करवा दिया । पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने भैंसों का पोस्टमार्टम कर रिपोर्ट शासन को सौंपी दी गई है।

एसडीओ विवेक कुमार ने बताया कि गांव के बाहर लगे डबल पोल पर 10- 10 केवी के ट्रांसफार्मर रखे हैं टेक्निकल कमी के कारण ट्रांसफार्मर ने 11000 का करंट पूरे गांव में दौड़ गया घटनास्थल पर पानी भरा हुआ था केवल टूट जाने से पानी में करंट पहुंच गया जिस कारण इन भैसों की मौत हो गई रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है इनके लिए जल्द मुआवजा दिलाया जाएगा एस डी ओ विवेक कुमार गंवा विद्युत खंड

टोरंटो की साहित्यिक संस्था आगाजे महफिल की ओर से दिल्ली में वरिष्ठ कवयित्री डॉ मंजू जौहरी मधुर को भी सम्मानित किया

नजीबाबाद दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

नजीबाबाद। आपको बता दें कि साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले देश-विदेश साहित्यकारों को सम्मानित किया गया ।नजीबाबाद की वरिष्ठ कवयित्री डॉ.मंजु जौहरी मधुर को भी यह सम्मान मिला । दिल्ली के हिंदी भवन में टोरंटो की साहित्यिक संस्था आगाजे महफिल की ओर से क्षेत्र मे अहम योगदान देने वाले साहित्यकारों और कवियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश के साहित्यकारों को सम्मान दिया गया। भारत का

प्रतिनिधित्व करते हुए नजीबाबाद की वरिष्ठ कवयित्री डॉ. मंजू मधुर जौहरी को अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्था के मुख्य अतिथि पंडित सुरेश नीरव, लक्ष्मीशंकर बाजपेई, आशीष प्रकाश, विनय विक्रम सिंह, राजेंद्र निगम राज, संस्था अध्यक्ष अनुपम मिठास द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में सम्मानित साहित्यकारों में देश-विदेश के साहित्यकारों में अमेरिका से इंदु निगम, सपना अहसास, तृप्ति मिश्रा,बकैनी गोगिया, दीपक सिसोदिया, आशीष सिंह आदि देश-विदेश के साहित्यकार शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष अनुपम मिठास की पुस्तक अनुपम काव्य कलश का लोकार्पण किया गया।इसके साथ ही कवि सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया ।

नगीना पुलिस ने कुछ ही घंटों में लूट की घटना को अंजाम देने वालो का किया पदार्फाश

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना। थाना प्रभारी निरीक्षक नगीना ने लूट की घटना को अंजाम देने वालों का किया खुलासा नहटौर जा रहे एक बाइक सवार को रोक कर अज्ञात बदमाशों ने तमंचा दिखा कर उससे फोन,पर्स व पन्द्रह सौ रुपए छीन कर फरार हो गये थे तेजतर्रार थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मात्र कुछ ही घंटे बाद लूट की घटना का खुलासा करते हुए एक बार फिर बदमाशों के हौसले पस्त कर दिए हैं तथा प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने पब्लिक का पुलिस पर विश्वास बनाए रखने का काम किया है । नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर खड़की निवासी अंकुल ने थाने में दी तहरीर में कहा था

वह अपनी बाइक से नगीना से नहटौर जा रहा था ।जब वह नहटौर मार्ग पर पड़ने वाले ग्राम ज्ञानपुर के मंदिर की पुलिया पर पहुंचा तो।नहटौर की ओर से आ रहे पल्सर पर सवार तीन बदमाशों ने रोक कर पेट पर तमंचा लगाकर मोबाइल, पर्स ,जिसमें डीएल, आधार कार्ड, पहचान पत्र ,पैन कार्ड, एसबीआई और एचडीएफसी बैंक के एटीएम व 15 सो रुपए थे छीन लिए। जब मैंने विरोध किया तो तीनों बदमाश बाइक से नगीना की और फरार हो गये थे सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी आवश्यक जानकारी कार्रवाई शुरू कर दी थी थाना प्रभारी प्रिस शर्मा ने बताया कि मोनू पुत्र हरपाल सिंह निवासी इस्लामपुर वेगा पिंटू पुत्र कालू निवासी ताहारपुर धनु पुत्र हरपाल सिंह निवासी इस्लामपुर वेगा इन तीनों बदमाशों ने कल घटना को अंजाम दिया था इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है तथा इन पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

आइसीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित आन्या वर्मा ने सेंट मैरिज कालेज टॉप किया।

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना ।हाई स्कूल आइसीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित हो जाने के बाद सेंट मैरीज स्कूल नगीना के उतीर्ण छात्र-छात्राएं खुशी में खुशी से झूम उठे ।रविवार को घोषित किये गये आईसीएसई हाई स्कूल के परीक्षा में आन्या वर्मा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सेंट मैरिज कालेज टॉप किया ।जबकि वंश राजपूत ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरा स्थान तथा अमोल सचदेवा व मेधा शर्मा ने संयुक्त रुप से 95.2 प्रतिशत अंक

प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों व माता-पिता को दिया। प्रिंसिपल फादर बीनो ने बताया कि हाई स्कूल में 122 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी ।कालेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कॉलेज टॉप करने वाली छात्रा अनन्या वर्मा ने बताया कि वह आगे चलकर इंजीनियरिंग करना चाहती है ।उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों के दिये गये संस्कारों व मेरी मेहनत का फल बताया।

श्रावण पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना मोहल्ला लाल सराय स्थित शिव मंदिर पर श्रावण मास के पहले सोमवार को भगवान भोलेनाथ जी का हवन पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मध्य में भाजपा नेता रोहित रवि ने चित्तौड़गढ़ पुलिस चौकी एवं नगीना-बिजनौर फाटक के आसपास प्रसाद वितरित किया,पूर्व

विधायक सतीश गौतम ने लोगों के सुख शांति की कामना की ।कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने मिलजुल कर सहभागिता की इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम ,भाजपा नेता रोहित रवि,शीशराम रवि,बाबूराम, रमेश कुमार, बिशना सिंह, सीताराम सिंह,गोपाल सिंह,धर्मेंद्र कुमार, अविनाश कुमार, ओशो ,अमूल नंदा, मुन्नू सिंह, इंदर चौधरी, दीपक हिरनवाल, प्रिंस कुमार,राजेंद्र कुमार, निर्मल कुमार, प्रमोद कुमार, रमन कुमार,बसंत दीवान एवं स्थानीय व्यक्ति उपस्थित रहे।

पर्यावरण के संरक्षण एवं धरती के श्रृंगार के लिए हुआ पौधारोपण

लायंस क्लब हरदोई विशाल एवं लायंस क्लब हरदोई उदय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

रोपित हुए 150 फलदार एवं छायादार पौधे

दैनिक समाज जागरण अखिलेश सिंह

हरदोई ।लायंस क्लब के नवनिर्वाचित गवर्नर अभिनव सिंह के आह्वान पर पूरे मंडल में पौधरोपण की धूम रही। जनपद हरदोई में लायंस क्लब हरदोई विशाल एवं लायंस क्लब हरदोई उदय के संयुक्त तत्वाधान में वृहद पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। आजाद नगर

स्थित फॉर्म हाउस में क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मिलकर लगभग 150 पौधे रोपित किये। फलदार एवं छायादार पौधों में अमरूद, सहजन, शरीफा, आँवला, जामुन, चितवन तथा कदंब के पौधे रोपित किये गए। पौधा रोपण कार्यक्रम के व्यवस्थापक लायन अखिलेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के सभी क्लब द्वारा एक साथ हजारों की संख्या में पौधे रोपित हुए जिसके संरक्षण हेतु भी क्लब संकल्पित है। लायंस क्लब के पूर्व गवर्नर हरगोविंद सेठी ने पौधरोपण को वर्तमान की जरूरत बताते हुए सभी से पौधरोपण करने की अपील की ।कार्यक्रम में लायन राजवर्धन श्रीवास्तव, लायन प्रदीप गुप्ता लायन गौरव भदौरिया, लायन अविनाश चंद गुप्ता, लायन संजय सिंह, लायन आलोक गुप्ता, लायन अनूप पुरी, लायन धर्मेंद्र गुप्ता, लायन श्याम जी गुप्ता, लायन अशोक गुप्ता बघौली, लायन अनिल सिंह, लायनेस क्लब से सोनी पुरी, नीता शुक्ला, लायंस क्लब हरदोई उदय से अध्यक्ष लायन निहाल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष तन्मय गुप्ता, सचिव पीयूष खन्ना, गौरव गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे

मुलायम सिंह की पत्नी साधना गुप्ता को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

संवाददात आशु खरवार दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : समाजवादी पार्टी के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पत्नी स्व. साधना गुप्ता को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है। रविवार की सायं रसड़ा विधान सभा के वरिष्ठ सपा नेता बदरूदुजा जाफरी उर्फ बब्लू अंसारी ने लखनऊ स्थित मुलायम सिंह के आवास पर पहुंचककर स्व. साधना गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावपूर्ण स्मरण किया। इस दरम्यान सपा नेता ने मुलायम सिंह यादव

से भी भेंट कर उनका कुशलक्षेम पूछा। इस मौके पर भाजपा नेत्री अर्पणा यादव सहित प्रतीक यादव, आजाद उस्मान, वकार अंसारी, मिस्टर अंसारी, दानिश अंसारी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

पवित्र सावन माह के प्रथम सोमवार को शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नजीबाबाद दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

नजीबाबाद। सावन माह के प्रथम सोमवार को सुबह से ही शिव मंदिरों और शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही। नगर के सभी शिवालयों को फूलों से व लाइटिंग से दुल्हन की तरह सजाया गया। शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को गाय का कच्चा दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल, जनेऊ, मिष्ठान, शक्कर, गंगाजल, फल, फूल, पंचामृत, भांग, बेलपत्र, अबीर, दीप, रोली, वस्त्र, धतूरा, गुलाल व चंदन अर्पित कर अपने सुखी जीवन के लिए प्रार्थना की। पंडित चेतन शर्मा ने बताया की पौराणिक मान्यता है कि सावन माह में भगवान भोलेनाथ की पूजा करने

से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय होता है। इस बार सावन के प्रथम सोमवार पर मौना पंचमी का योग भी बन रहा है। मौना पंचमी पर भगवान शिव के साथ नागदेवता की पूजा का विधान है। इस माह में श्रद्धालु व्रत रखते हैं खासकर सावन के सोमवार का व्रत अवश्य रखते हैं। कुवांरी युवतियां इसी माह से सोलह सोमवार के व्रत की शुरूआत करती हैं , ताकि उन्हें मनचाहा वर मिले। वहीं, सुहागन औरतें अपने सुखी दांपत्य जीवन के लिए व्रत रखती हैं। नगर के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ देखने को मिली। सावन मास को लेकर भगवान भोलेनाथ के भक्तों में अलग उत्साह होता है।

धौरा टांडा से कावड़ लेने 27 को कछला घाट जाएंगे शिवभक्त आज चकदहा, जमुनिया , बंजरिया से गए श्रद्धालु डाक कावड़ लेकर

धौरा टांडा से मोहम्मद इरशाद रजवी पत्रकार की विशेष रिपोर्ट

धौरा टांडा /भोजीपुरा (बरेली)सावन मास चल रहा है हर तरफ भोले के भक्तों के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है उसी क्रम में आज डाक कावड़ लेकर क्षेत्र के ग्राम जमुनिया जागीर , चकदहा, बंजरिया जागीर से शिवभक्त कछला घाट गए तो वही कस्बा धौरा टांडा का कवारथी दल 27 जुलाई को प्रस्थान करेगा 31 जुलाई को धौरा वापस आएगा 1 अगस्त को कस्बे के शिव मंदिर में जलाभिषेक का कार्यक्रम होगा यह जानकारी कपूरी महंत हिंदू युवा वाहिनी नगर अध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने दी वहीं सावन मास

व कावड़ के जत्थों के जाने को देखते हुए स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी एसआई प्रमोद कुमार स्टाफ कांस्टेबल मनीश, त्रिलोक, सौरभ ,राहुल ,राम सिंह आदि अलर्ट रहे बराबर गस्त करते रहे जत्थों को भी सकुशल निकाला वहीं मीट मछली मुर्गे की दुकानों को पूर्णता बंद कराया गया

पाली विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर की नारेबाजी

● ग्रामीणों का आरोप भरखनी प्रथम फीडर क्षेत्र में नहीं आ रही 8 दिनों से बिजली

दैनिक समाज जागरण

पाली, हरदोई । विद्युत उपकेंद्र पाली के अंतर्गत भरखनी प्रथम फीडर के तहत आने वाले गांव में पिछले 8 दिनों से ब्लैकआउट है, जिसके चलते यहां बिजली सप्लाई पूरी तरह से ठप्प है । 8 दिनों से बिजली नहीं आने के चलते स्थानीय ग्रामीणों का पारा चढ़ गया और दर्जनों ग्रामीण पाली विद्युत उपकेंद्र पर पहुंच गए। जहां हंगामा करने के बाद बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की । इन ग्रामीणों ने उनके क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कराए जाने और निर्धारित बिजली आपूर्ति किए जाने की मांग की है। आपको बता दें कि इस समय भीषण गर्मी के चलते बिजली ट्रांसफार्मरों पर अत्यधिक लोड

पड़ रहा है, जिसके चलते आए दिन यह ट्रांसफार्मर फूंक रहे हैं। इसके अलावा रोस्टिंग के नाम पर भी भारी बिजली कटौती की जा रही है । आलम यह है कि पाली विद्युत उपकेंद्र के तहत आने वाले इलाके में बिजली का घोर संकट है । पाली विद्युत केंद्र के तहत आने वाले भरखनी प्रथम फीडर क्षेत्र में पिछले 8 दिनों से बिजली सप्लाई पूरी तरह से बंद है । क्षेत्र के ग्रामीण रघुवीर, अनूप सिंह आदि ने बताया कि उनके इलाके में बिसौली, नसीरपुर, धानीनगला एवं माननगला आदि गांव में बिजली आपूर्ति ठप्प होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इन ग्रामीणों ने बताया कि कई बार समस्या को लेकर विभागीय अफसरों को बताया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पाली विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की ।हालांकि उप केंद्र पर मौजूद कर्मचारियों के काफी समझाने बुझाने के बाद ग्रामीण अपने घरों को लौट गए इन ग्रामीणों को जल्द ही उनके इलाके में बेहतर बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराने का वादा किया गया ।

भूपेश सरकार में हो रहा चहुमुखी विकास कार्य : त्रिलोक श्रीवास

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख बिलासपुर/बेलतरा। कोनी के वार्ड क्रमांक 68 कोनी में 5 सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन छत्तीसगढ़ में जब से भूपेश बघेल की सरकार बनी है तब से चहुमुखी विकास कार्य एवं जनकल्याणकारी योजनाएं जारी है, मुख्यमंत्री एवं सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी समन्वित रूप से विकास कार्य अनवरत रूप से कराए जा रहे हैं, यह उद्गार कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास, मार्गदर्शक, जिला पंचायत सदस्य /जिला योजना समिति सदस्य, मार्गदर्शक, पार्षद वार्ड क्रमांक 68 ने वार्ड क्रमांक 68 स्वामी रामकृष्ण परमहंस नगर. में छोटी कोनी में 4 सीसी रोड एवं बड़ी कोनी में एक रोड की भूमि पूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर राम शरण यादव वरिष्ठ नागरिक व्यास नारायण पांडे कार्यक्रम की अध्यक्षता शेख नजरउद्दीन छोटे सभापति नगर निगम बिलासपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमआईसी मेंबर राजेश शुक्ला , अजय यादव . पार्षद श्रीमती योगिता आनंद श्रीवास ,पंडित सुरेंद्र पांडे, राजाराम पटेल, त्रिलोक कसार, दीपक यादव उपस्थित थे, महापौर रामशरण यादव ने कहा कि वह कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास के साथ मिलकर वार्ड क्रमांक 68 सहित जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत आने वाले 8 वार्ड के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, कार्यक्रम को सभापति छोटे भाई, पंडित सुरेंद्र पांडे, आदि जनों ने संबोधित किया, कार्यक्रम का. सफल संचालन अनिल श्रीवास एवं आभार प्रदर्शन संतोष पांडे ने किया, इस अवसर पर प्रमुख रूप से दीपक यादव , अनिल पटेल पार्षद प्रतिनिधि आनंद चंद्र, गोपीचंद श्रीवास, जनक पांडे , इंद्रेश श्रीवास ,राजाराम पटेल जगदेव यादव ,रामकुमार केवट मुकेश नायक ,राम लाल यादव राजेंद्र पटेल पंडित, राजेंद्र मिश्रा अब्दुल समीर खान, रामकुमार गेंदले, दीपक लहरें, शिव सोनवानी, शशि खांडे ,रविंद्र रोहन लहरें, संतोष यादव, सूर्यकांत गढ़वाल ,शंकर मरावी, त्रिवेद पटेल श्रीमती, अंबिका भारती सिंगरौल , राकेश गढ़वाल , कन्हैया सोनी, डोडी महानंद आकाश

सहायक आयुक्त खाद्य ने किया निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह

हरदोई।सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व में संडीला स्थित वरुण बेवरेजेस कोल्ड ड्रिंक व पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार के द्वारा किए गए निरीक्षण में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एक्वाफिना ब्रांड में लेवलिंग पैकेजिंग की अनियमितता पाए जाने पर एक्वा फिना ब्रांड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर का नमूना संग्रहित किया गया तथा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की उस बैच की लगभग 2 लाख 57 हजार

992 बोतल जिनकी अनुमानित कीमत लगभग तीस लाख दस हजार है इसके अलावा निमार्ता मैसर्स वरुण बेवरेजेस के यहां सीज करके उनकी अभिरक्षा में दिया गया। नामिनी मैसर्स वरुण बेवरेजेस को निर्देशित किया गया की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक उक्त पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की बिक्री बाजार में न की जाए। निमार्ता कंपनी द्वारा बेस्ट बिफोर समय सीमा व यूज्ड बाय समय सीमा एक ही बोतल पर अलग-अलग दर्शाई जा रही है। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत सिंह,अनुराधा कुशवाहा,खुशी राम, राम किशोर व घनश्याम वर्मा तथा सुरक्षा कर्मी शामिल रहे।

चार बकरी सहित एक बकरा ट्रेन से कटकर मौत

बघौली हरदोई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहटा मुर्तजा बक्स मजरा उमरपुर निवासी थाने में दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि 15 जुलाई को समय करीब 3 बजे संतराम बकरी चराने गया था उसके ही गांव के पप्पू पुत्र रामस्वरूप रैदास के खेत में बकरी चली गई थी जिसके चलते पप्पू ने मेरी बकरियों को रेलवे लाइन की तरफ भगा दिया जिससे तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन की चपेट में आकर चार बकरी समेत एक बकरे की मौके पर मौत हो गई पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि यह सब जानबूझकर मेरे साथ किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

दूसरे दिन भी सकुशल संपन्न हुई प्रवेशे परीक्षा

समाज जागरण हरदोई।सी एस एने महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर, एमए प्रथम सेमेस्टरे की प्रवेश परीक्षा सोमवार को संपन्न हो गई, सोमवार को ` प्रवेश परीक्षा के ` दूसरे दिन प्रथम पाली में राजनीति शास्त्र में प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुले 77 77 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 70 उपस्थित रहे और 5 ने अनुपस्थित रहे, द्वितीये पाली की प्रवेश परीक्षा में दोपहर 2 से 4 बजे तके समाजशास्त्र की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 62 विद्यार्थी थे, 2 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी ,60 परीक्षा में उपस्थित रहे ,इस प्रकार महाविद्यालय की परीक्षाओं का यह कार्यक्रम शुचिता और कुशलता पूर्वके संपन्न हुआ, परीक्षा में केंद्राध्यक्ष के रूम में के रूप में प्रोफेसर डॉ संदीप कुमार सिन्हा व सहायक केंद्राध्यक्षे के रूप में डॉ शिवेंद्रे सिंह की मुख्य भूमिका रही, महाविद्यालय के प्राचार्ये प्रोफेसर डा. कौशलेन्द्रे कुमार सिंह ने परीक्षा का निरीक्षण किया, महाविद्यालय के प्राध्यापके एवं कर्मचारी डॉ पुष्पा रानी गंगवारे जितेंद्र सिंह चौहाने, राकेश सिंह , अमित कुमार, डॉ अरुण कुमार मौर्य , किशोरी लाल सिंहे, ईश्वर दीने, विनय शील, डॉ. दीपक कुमार राये, कुश कुमारे, रागिनी सिंह, आर एल वर्मा ,माया प्रकाश ,आशुतोष सिंह, विवेक कुमार, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

नेशनल हाईवे के किनारे उगी झाड़ियों से राहगीर हो रहे घायल/दुर्घटना का शिकार

दैनिक समाज जागरण / अखिलेश सिंह कछौना, हरदोई। लखनऊ-हरदोई नेशनल हाईवे परइस मार्ग पर कोतवाली कछौना से सेठ भूरामल इण्टर कॉलेज तक व डबल नहर पुल से त्यौरी मोड़ तक हाइवे के दोनों किनारे फुटपाथ पर कटीली झाड़ियां हैं। मार्ग के दोनों किनारे झाड़ियां आने के कारण दो पहिया व पैदल चलने वाले लोग चुटहिल होकर सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। हाईवे पर चलते समय पीछे से वाहन आते समय जब भी बाइक सवार किनारे जाते हैं। तब कंटीली झाड़ियों में उलझकर चुटहिल हो जाते हैं। किनारे

नहीं जाने पर दुर्घटना होने का अंदेशा सताता है। किनारे जाने पर उनमें उलझकर/फंसकर चुटहिल होने का डर भी लगा रहता है। हाईवे पर ऐसे वाक्या रोज ही देखने को मिल रहे हैं। गौरतलब है कि बरसात के दिनों में मार्गों के किनारे कंटीली झाड़ियों का उग आना आम बात है। लेकिन यह झाडिया विभाग द्वारा कटवाई जाती है। लेकिन दो वर्षों से विभाग द्वारा झाड़ियां कटवाई नहीं गई है। जो साइकिल, बाइक व पैदल मार्ग पर चलने वालों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इस मार्ग पर कोतवाली कछौना से सेठ भूरामल इण्टर कॉलेज तक व डबल नहर पुल से त्यौरी मोड़ तक हाइवे के दोनों किनारे फुटपाथ पर कटीली झाड़ियां हैं। जिससे हाईवे पर बाइक सवार व साइकिल व पैदल चलने वाले राहगीरों को दोनों ही तरफ से परेशानी है। अगर किनारे से हटकर मार्ग के बीच में बाइक चलाएं तो दुर्घटना हो जाती हैं। इस मार्ग पर झाड़ियों के कारण कई बाइक सवारों की जान चली गई। दर्जनों राहगीर इन झाड़ियों का शिकार हो चुके हैं।राहगीरों को झाड़ियों से चुटहिल होने का डर अगर पैदल/दोपहिया वाहन बीच मार्ग में चलाएं तो दुर्घटना होने की संभावना, इसलिए यह कहानी चरितार्थ हो रही है कि एक तरफ कुंआ और एक तरफ खाई। अब किधर जाना है, यह तो राहगीरों को जानजोखिम में डालकर तय करना है। उक्त मामले को लेकर उपजिलाधिकारी सण्डीला ने बताया एनएचएआई को पत्र भेज चुके हैं, शीघ्र विभाग द्वारा कटीली झाड़ियों को कटवाकर राहगीरों को निजात दिलाई जाएगी।

मुखिया के लापरवाही का शिकार हुआ, कुएं में गिरने से युवक घायल

समाज जागरण नवादा (आर्यन मोहन) नवादा : जिले के मेसकौर थाना क्षेत्र के मेढ़कुरी गांव में बीजू बिगहा पंचायत की मुखिया सपना देवी के लापरवाही का खामियाजा एक युवक को भुगतना पड़ा । मुखिया द्वारा कुएं का साफ -सफाई कार्य अधूरा छोड़ दिया गया , जिससे ग्रामीण चांद खान कुएं में गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में युवक को मेसकौर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया ,जिसे तत्काल नवादा सदर रेफर कर दिया गया। इधर चांद खान के पिता ने बताया कि मुखिया के द्वारा कुंआ का साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा था ,लेकिन लापरवाही दिखाते हुए मुखिया धूरा कार्य करवा कर छोड़ दिया गया । जबकि मुखिया द्वारा कुंआ का साफ-सफाई अधूरा कार्य करा कर राशि को निकाल लिया गया। और काम को अधूरा छोड़

दिया गया था ।उन्होंने बताया कि कुआं का सफाई 4 महीने पूर्व करवा कर छोड़ दिया गया था, जिसे हम लोगों ने कई बार मुखिया को जाकर निवेदन भी किया कि कुआं का जो काम अधूरा है उसे पूरा कर दें। लेकिन उनके द्वारा कुछ भी नहीं किया गया। रविवार को मेरा लड़का कुएं में जा गिरा, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मैं मेसकौर थाना को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

आरोपी ने चाकू से घायल किया दो महिला को।

परिवार के लोगों ने रातबाड़ी थाने में मामला दर्ज कराया।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा के पास सिंगलाछड़ा गांव के वार्ड नंबर 3 निवासी जयराम गड़ेरी ने बताया कि 17 जुलाई को (रविवार) रात को करीब 11 बजे सभी सो गए। तभी उपेश भर उनके घर के नजदीक आया आने के बाद श्रीलाल भर शौचालय पर निकले उसी समय उन्हे पहले पत्थर से मारा, उसके बाद श्रीलाल भर ने चीखने-चिल्लाने पर वे उनके बेटे घर से बाहर आ गए। उसी वक्त बाप और बेटे न्याय के लिए बागान पंचायत के लिए रवाना हो गए। उस मौके का फायदा उठाकर उपेस ने बहू दीपा गड़ेरी (35) और भातीजी अनीता गड़ेरी (45) को चाकू मार

दिया, जो बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। सामाजिक कार्यकर्ता बिस्वजीत कैरी ने चीख-पुकार के साथ घायलों को दुल्लभछड़ा अस्पताल भेजा। हालांकि गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। इसकी जानकारी ग्रामीणों दी है। एक को गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। हालांकि रातबाड़ी पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और जमीन पर पड़े हथियार को अपने कब्जे में ले लिया, लेकिन आरोपी फरार होने में कामयाब रहा. ग्रामीणों ने संभागीय अधिकारी से आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की अपील की.

आगरतला प्रेस क्लब में असम, त्रिपुरा और बांग्लादेश के कवियों को सम्मानित किया गया।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागराणः त्रिपुरा में आगरतला प्रेस क्लब ने एक भरे कवि सम्मेलन का आयोजन किया। कविमंच की आगरतला शाखा की संपादक कवि-पत्रकार सुमिता वर्धन विश्व कविमंच द्वारा आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन की प्रभारी थीं। बांग्लादेश और असम के आमंत्रित कवियों को रविवार, 17 जुलाई को समारोह की शुरूआत में सम्मानित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रसिद्ध कवि नियति रॉय बर्मन ने की। सबुज यूनुस, कवि पत्रकार बांग्लादेश उनमें से थे। तापस कार्यकर्ता, कवि शोधकर्ता, पाठक, बांग्लादेश अमीर हुसैन, कथा लेखक, कवि, लेखक, बांग्लादेश। कवि पत्रकार तापस पाल, करीमगंज, असम। कवि मधुमंगल सिन्हा, धर्मनगर, त्रिपुरा। बीथिका चौधरी, कभी प्रबंधीक, त्रिपुरा। माया मु-खर्जी, प्रख्यात शिक्षाविद्, लेखक त्रिपुरा। पुलक कांति धर, संयोजक, विश्व कविमंच केंद्रीय समिति, बांग्लादेश। कविमंच के मुखपत्र कविता कुंज और सुमिता वर्धन द्वारा संपादित साहित्य पत्र सुमिता का अनावरण अतिथियों के हाथों इस कार्यक्रम में किया गया। इसके अलावा, आमंत्रित कवि मधुमंगल सिन्हा बिष्णुप्रिया द्वारा मणिपुरी भाषा की उन्नीसवीं

पुस्तक मेयेकर छेयात का भी इस कार्यक्रम में अनावरण किया गया। कवियों द्वारा रचित काव्य पाठ के साथ-साथ वादक एवं संगीतकारों द्वारा प्रस्तुत जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। स्थानीय कवियों ने सुधीन दासगुप्ता, रूपसी दास, रत्नप्रभा गांगुली, पायल देव, दीपशी दे, संगीत शील, अनूप देबनाथ, श्यामल डे, मौसमी कर, सुचित्रा दास द्वारा रचित कविताओं का पाठ किया। पार्थसारथी चक्रवर्ती, साउली रॉय, मुजाहिद रहमान ने गायन दिया। संगीत जिरनिया कल्चरल सोसाइटी, क्रिस्टी बंधन कल्चरल सोसाइटी, संगीतारी संगीत शिक्षा केंद्र, जयजयंती कला केंद्र द्वारा प्रस्तुत किया गया था। कार्यक्रम में सुशील दे को उनके एकल प्रदर्शन के लिए सराहा गया। समारोह में नंदिता भट्टाचार्य सभी से प्रशंसा बटोरने में सफल रहीं।

मंत्री आशीष पटेल ने एकेटीयू को नैक ग्रेडेशन में अच्छा प्रदर्शन करने के सम्बन्ध में की बैठक

नैक ग्रेडेशन से सम्बंधित सभी क्राइटेरिया को पूरा करने की तिथि निर्धारित

नैक ग्रेडेशन में अच्छा प्रदर्शन करने वाली गोरखपुर यूनिवर्सिटी जायेगे एकेटीयू के अधिकारी

एकेटीयू अगर नैक ग्रेडेशन में ए या ए प्लस लाता है तो ये होगी बहुत बड़ी उपलब्धि

प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप मंत्री आशीष पटेल ने आज अपने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में नैक ग्रेडेशन से संबंधित तैयारियों के संबंध में बैठक की। उन्होंने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रा-विधिक विश्वविद्यालय को नैक ग्रेडेशन में अच्छा ग्रेड प्राप्त करने के लिए एकेटीयू के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश

दिए। उन्होनें कहा कि जो भी कमियां रह गई है उन्हे दूर किया जाए। प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने नैक ग्रेडेशन से सम्बंधित सभी क्राइटेरिया की तिथि निर्धारित की। उन्होंने क्राइटेरिया वाइस समीक्षा कर एकेटीयू के कुलपति से जानकारी ली। उन्होने कहा कि निर्धारित तिथि में सभी 06 क्राइटेरिया पूरा कर लिया जाए। मंत्री जी ने नैक ग्रेडेशन में अच्छा प्रदर्शन करने वाली गोरखपुर यूनिवर्सिटी जाने हेतु एकेटीयू के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि तिथि निर्धारित कर गोरखपुर यूनिवर्सिटी जाए और वहां उन्होंने कैसे तैयारी की, इसकी जानकारी ले और अपनी कमियों को उससे दूर करे। उन्होंने विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा अन्नावि दिनेशकुमार को निर्देशित किया कि गोरखपुर यूनिवर्सिटी गए एकेटीयू के अधिकारियो द्वारा क्या किया गया और किन कमियों को दूर करने की तैयारी की जा रही की समीक्षा की जाय।

मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि नैक ग्रेडेशन में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सभी लोग मिलकर प्रयास करे। प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा एकेटीयू में नैक ग्रेडेशन में अच्छा प्रदर्शन करने की तैयारियों की अपने स्तर पर भी समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि एकेटीयू अगर नैक ग्रेडेशन में ए या ए प्लस लाता है तो ये बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मीटिंग को सिर्फ खाना पूर्ति में न रखा जाए बल्कि मीटिंग से रिजल्ट आउटपुट निकले। उन्होंने कहा कि नैक को लेकर जो भी संभव है, उसे किया जाय। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला के अधिकारियों की हुई कार्यशाला।

नूंह जुबैर खान

नूंह 18 जुलाईः- नूंह जिला में सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला सडक सुरक्षा समीति के अध्यक्ष श्री अजय कुमार, के निर्देश पर फरीदाबाद स्थित कॉलेज ऑफ ट्रैफिक मैनेजमेंट में जिला के संबंधित अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें जिला प-रवहन अधिकारी जितेश मल्होत्रा, रोड इंजीनियर, एसएचओ टेजफिक, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग, के इंजीनियर, नगर परिषद नूंह तथा मोटर वाहन अधिकारी को एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सडक सुरक्षा से संबंधित बिन्दुओं तथा क्षमता निर्माण से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सूरजकुंड रोड स्थित कॉलेज में पहुंची जिला की टीम ने यहां की स्थिति को उनके सामने रखकर यातायात प्रबंधन व सडक दुर्घटनाओं के बारे में विशेषज्ञों से बातचीत की । इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अंदरूनी सड़कों पर लगने वाले जाम

व सडक दुर्घटनाओं से निपटने के उपायों पर चर्चा की गई। कॉलेज के विशेषज्ञ द्वारा परिस्थितियों का मंथन सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुझाव दिए। वहीं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व यातायात पुलिस के बेहतर प्रबंधन के भी उपायों के बारे में भी बताया गया । कॉलेज के निदेशक रोहित बलूजा ने बताया कि उनके विशेषज्ञों की टीम लगातार यातायात प्रबंधन पर रिसर्च करती रहती है। हरियाणा के सबसे तेजी से उभरते हुए जिले हैं। ऐसे में यहां जाम मुक्त सड़कों का होना बहुत जरूरी है। इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशनए भारत में सरकार के आधिकारिक तौर पर आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटना के कारण प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख लोगों की मौत होती हैए जबकि के मुताबिक यह आंकड़ा लगभग तीन लाख प्रति वर्ष का हैए जो कि विश्व में दुर्घटना में होने वाली मौत का 23 फीसदी हैए्भारत में सड़क की लंबाई बनाम सड़क दुर्घटना में मौतआईआरटीई के अनुसार ट्रैफिक के जो अधिकांश फाइन होते हैं वे शहरी क्षेत्रों में होते हैंए जबकि सड़क दुर्घटना में अधिकांश मौत राष्ट्रीय और राज्यों के हाईवे में होती हैए आईआरटीई के अनुसार राष्ट्रीय और राज्य हाईवे की कुल सड़कों में हिस्सेदारी मात्र 4ए्9 फीसदी हैए जबकि सड़क दुर्घटना में 62ए्9 फीसदी लोग की मौत इन्हीं हाईवे पर होती है । प्र-शिक्षण के दौरान ब्लैक स्पोर्ट, यातायात संकेतक, यातायात नियत्रंक, रोड सेफटी ऑडिट आदि के बारे भी बताया गया।

दशाश्वमेध घाट पर कांवरियों के जत्थे पर अल्पसंख्यक समुदाय ने पुष्पवर्षा व तिलक से भव्य श्रृंगार किया-सरदार पतविंदर सिंह

सर्वप्रथम अल्पसंख्यक साथियों ने दशाश्वमेध घाट पर प्रणाम कर माथे पर तिलक लगवाया'

प्रयागराज/भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने अपने अल्पसंख्यक सहयोगीयों के

साथ दारागंज में दशाश्वमेध घाट पर सर्वप्रथम प्रणाम कर माथे पर तिलक लगवाया तत्पश्चात गंगा जल भर काशी के लिए निकले कांवरियों के जत्थे पर पुष्पवर्षा व माथे पर तिलक लगाकर भव्य श्रृंगार कर आशीर्वाद प्राप्त किया'

वरिष्ठ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कांवरियों के उमड़े जत्थे को संबोधित करते हुए कहा कि आप भक्तों को बोल बम के साथ एक स्लोगन का उच्चारण और करते जाना है हर व्यक्ति को एक वृक्ष (पेड़- पौधे)लगाना जरूरी है का संदेश भी देते रहिएगा जिससे आने वाली पीढ़ी भी स्वास्थ्य वायुमंडल में सांस लेकर सावन माह में भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सके '

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कांवरियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सब बहुत भाग्यशाली है जो भक्ति के रंग में लगे हुए हैं सत्संग,नाम जपना यह सब अच्छे कर्मों से ही प्राप्त होता है उन्होंने आगे कहा कि भक्तों यात्रा बहुत ही शांतिप्रिय ढंग से उत्तर प्रदेश सरकार की गाइड लाइन के तरीके से पूर्ण करनी हैं जिससे अन्य धर्मा के बीच समाज में अच्छा संदेश जाए' कांवरियों की सेवा में एजाजुद्दीन प्रदेश कार्य समिति सदस्य,भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा,रेहाना खातून मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जिला संयोजिका, ऋषिकेश प्रजापति (सोशल मीडिया प्रभारी)मो इसरार,अकरम सिद्दीकी,कमर बानो, अरविंद मसीही,कुसुम लता जैन,इशियाक अहमद, हरमंजीत सिंह,दलजीत कौर सहित तमाम राष्ट्रभक्त कांवरियों के जत्थे के कार्य सेवा में तत्परता से लगे हुए हैं'

श्री अनिल आर्य पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी व अंतरंग सभा की बैठक महर्षि दयानंद भवन,आसिफ अली रोड, नई दिल्ली में सोल्लास सम्पन्न हुई, जिसमे कई प्रान्तों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने आगामी 2022-2024 के सत्र के लिए अनिल आर्य के नाम का प्रस्ताव राष्ट्रीय अध्यक्ष हेतु रखा व धर्मपाल आर्य,यशोवीर आर्य ने अनुमोदन किया व सर्वसम्मति से नयी कार्यकारिणी,अन्तरंग सभा व प्रान्तीय अध्यक्ष मनोनीत करने का उन्हें अधिकार दिया गया। उन्होंने यशोवीर आर्य,रामकुमार आर्य,रामकृष्ण शास्त्री,स्वतंत्र कुकरेजा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महेन्द्र भाई-राष्ट्रीय महामंत्री एवम प्रवीन आर्य,दुर्गेश आर्य,देवेन्द्र भगत को राष्ट्रीय मंत्री साथ ही धर्मपाल आर्य को कोषाध्यक्ष, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री,चंद्र शेखर शर्मा को राष्ट्रीय बौद्धिक अध्यक्ष मनोनीत करने की घोषणा की शेष पूरी टीम की शीघ्र घोषणा की जाएगी।

वृक्षारोपण कर मनाया सोनेलाल पटेल का जन्मदिन

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी वंचित वर्ग के नायक एवं महान शिक्षाविद कहे जाने वाले डॉ. सोनेलाल पटेल की 73 वीं जयंती के उपलक्ष्य की ओर से पूरे प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण पखवाडा मनाया जा रहा है। जनपद अमेठी में सरदार बल्लभ भाई पटेल शिक्षण संस्थान वंगलवा सोनारी में 73 पौधरोपण कर जिला अध्यक्ष भोला प्रसाद वर्मा द्वारा संपन्न किया गया। जिसमें मुख्य रूप जिला महासचिव राम कुमार वर्मा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा विधान सभा अध्यक्ष अमेठी शिवम तिवारी जिला सचिव त्रिभुवन वर्मा जगन्नाथ वर्मा व अमेठी विधान सभा मीडिया प्रभारी अमेठी अभिषेक तिवारी आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सिविल कोर्ट में चल रहा मुकदमा संरहगो ने शुरू किया कब्जा

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी जिले के विकास खंड संग्रामपुर ग्राम कौला पुर में जमीन विवाद में2019 में सिविल न्यायालय सुल्तानपुर में मुकदमा विचारधीन है मामले मे आज एक नया मोड़ आया जब संरहगों ने जमीन पर धन बल के दम पर अतिक्रमण कर कब्जा शुरू कर दिया मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक अमेठी से पीड़ित ने की

पूरा मामला अमेठी जनपद के थाना संग्रामपुर पुलिस परिक्षेत्र के गांव कौलापुर में सियाराम दुबे के जमीन पर सरहंग राम देव जबरन कब्जा कर रहे है। संरहग राम देव बिना न्यायिक आदेश के बाहरी लोगों की दबंगाई से अवैध निर्माण कार्य चल रहा है। पुलिस अधीक्षक अमेठी से शिकायत पीड़ित ने कि लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। संग्रामपुर पुलिस भी चुप्पी साधे हुए है मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ की पुलिस हौवा खडा कर लूट में लगी है। बाबा का बुलडोजर और दहाड़ कानून को हजम करने में लगी है। गांव में दहशत और भय का वातावरण बना हुआ है। कानून सिविल कोर्ट का कहा चलेगा। पुलिस इसे दीमक की तरह चाट रही है। भाजपा सरकार सिर्फ हवा बता रही है। पुलिस बेलगाम हो चली हैं।

अमेठी महिला थाने के प्रयास से 01 वैवाहिक जोड़ा पुनः साथ रहने को हुआ राजी

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में ह्यमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत आज उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम द्वारा महिला थाना गौरीगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संबंध में समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया । जिसमें 01 वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया । अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 प्रेमचन्द्र गौतम थाना पीपरपुर मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वारण्टी/वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 98/22 धारा 147,149,304,504 भादवि में वांछित अभियुक्त विष्णु कुमार पुत्र उदल निवासी ग्राम खानापुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी को छिवराह नहर पुल के पास से समय करीब 09:35 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । थाना पीपरपुर द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

जर्जर तार व बांस बल्ली के सहारे आपूर्ति, लो वोल्टेज से उपभोक्ता परेशान

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

विद्युत विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत नए कनेक्शन भले ही दिए जा रहे हों लेकिन आपूर्ति सुचारू करने की दिशा में कोई कारगर प्रयास नहीं किया जा रहा है। जनपद की- ग्रामसभा जाखामई के उपकेन्द्र गढ़ी मानिकपुर के जे0 ई0 मोहम्मद ओसामा समेत आला अधिकारियों की मनमानी से लगातार उपभोक्ता परेशान हैं। विद्युत विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत नए कनेक्शन भले ही दिए जा रहे हैं, लेकिन आपूर्ति सुचारू करने की दिशा में कोई कारगर प्रयास. नहीं किया जा रहा है

कांवरियों के साथ हुई अभद्रता

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

कांवरियों ने लालगंज बाजार स्थित मुमताज रेडियो के द्वारा मारपीट व गाली-गलौज का लगाया आरोप, भारी संख्या में कांवरियों ने नाराजगी को जताते हुए किया प्रदर्शन, सावन के सोमवार के दिन घुइसरनाथ धाम जल चढ़ाने जा रहे थे कांवरिया। सूचना पर पहुंची स्थानीय लालगंज पुलिस किसी तरह मामला कराया शांत लालगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार का मामला।

ब्रेकिंग न्यूज प्रतापगढ----

ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा।

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

कुण्डा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार व स्वाट टीम प्रभारी सुनील यादव को मिली बड़ी कामयाबी।
ओला वाहन चालक की हत्या कर लूट करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार।
बीते 11 जुलाई को हुई थी ओला ड्राइवर प्रेम चन्द्र यादव की हत्या।
ओला बुक कर लखनऊ से कुण्डा आया था आरोपी सूरज शुक्ला।
मनगढ़ पहुंचने पर सुनसान जगह पर ओला ड्राइवर पर लोहे की चापड़ से हमला कर उतारा था मौत के घाट।
हत्या के बाद गाड़ी व मोबाइल लेकर भाग निकला था आरोपी।
लूट की वैगनआर कार,मोबाइल समेत कई दस्ताबेज आरोपी के पास से पुलिस ने किए बरामद।

!! बीती रात दुकान से वापस लौट रहे ब्राह्मण युवक को मारी गोली, हुई मौत !!

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़ - नवाबगंज मनमुटाव के कारण 28 वर्ष के ब्राह्मण युवक को मारी गोली हुई दर्दनाक मौत शानु पांडेय 28 वर्ष पुत्र राजेंद्र पांडेय निवासी विवियापुर परियावा मानिकपुर अपनी फोटो स्टेट कम्प्यूटर आन लाइन आवेदन की दुकान से वापस घर लौट रहे थे पहले से घात लगाकर बैठे हमलावर ने आलापुर से परियावा रेलवे-स्टेशन के बीच लगभग 9 बजे रात ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दिया जिससे मौके पर ही मौत हो गई हमलावर दहशत फैलाने के लिए कई हवाई फायर करते हुए मौके से फरार हो गए घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाने की फोर्स मौके पर पहुंची लाश को पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना की सूचना पाकर भारी संख्या में लोग जमा हो गए समाज में घटना से भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है रिश्तेदार सामाजिक लोग व परिजन तत्काल हमलावरों की गिरफ्तारी चाहते हैं वहीं दूसरी तरफ ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है यदि समय रहते अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो या घटना शायद बहुत बड़ा रूप ले सकती हैं

बिबियापुर में फैला मातम आलोक पांडे की हत्या के बाद गांव में तनाव, एस डी एम कुंडा,सीओ कुंडा के साथ कई थानों की फोर्स मौके पर

ग्रामीणों में एस ओ नवाबगंज के खिलाफ आक्रोश हत्या के मामले को दुर्घटना बताने से ग्रामीणों ने गुस्सा निलंबन की मांग

उधर मृतक की मां और पत्नी का दिल हिला देने वाला बयान की हमलावरों को घर जमीदोज करके किया जाए इंसाफ मृतक के चाचा ने एक करोड़ मुवाबजा और पत्नी को सरकारी नौकरी व शस्त्र लायसेंस दिया जाए,शव को सुपुर्दे खाक करने से मनाकर दिया

*गांव में जुटी भारी भीड़ लोगों में घटना को लेकर आक्रोश जोरदार तनाव, दो महीने पूर्व दुल्हन बनी युवती कि मांग उजाड़ दी गती ,

सावन का प्रथम सोमवार: मंदिरों में उमड़ी भीड़, भक्तों ने किया अभिषेक

समाज जागरण
मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

मुसाफिरखाना अमेठी।सावन महीने के पहले सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में हर-हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी। अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा है। साथ ही अंचल के सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सावन माह के पहले सोमवार दिन शिवलिंगों का दूध, जल से अभिषेक किया गया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घडिड़ाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।कई लोगों ने पंडितों की मौजूदगी में शिव महाभिषेक किया। महामृत्युंजय के जाप शुरू हुए तथा रुद्राभिषेक किया गया। वहीं सावन मास में एक महीने तक प्रत्येक शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का दौर चलेगा। वहीं सावन के पहले सोमवार को क्षेत्र मे श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। मंदिर में भोले के दर्शन करने के लिए सुबह 5 बजे से ही लंबी-लंबी लाइन दोपहर तीन बजे तक लगी रही। वहीं मंदिर परिसर में कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

दूध, दही, गंगाजल चढ़ाएं

सावन महीने में भगवान शिव की पूजा से मनवांछित फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि इस महीने में भगवान भोले शंकर को दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल, विल्व पत्र, आक, धतूरा आदि चढ़ाना चाहिए, क्योंकि इस माह में भगवान भोले नाथ की सच्चे मन से आराधना की जाए, तो उसे मनवांछित फल प्राप्त होता है।

अभिषेक का है महत्व

सावन में शिव अभिषेक का विशेष महत्व है। पंडितों के अनुसार पार्थिव शिवलिंग के पूजन से शिवजी का आशीर्वाद मिलता है। समुद्र मंथन में निकले विष का पान करने के बाद जलन को शांत करने शिवजी का जलाभिषेक किया गया था। यह विधि अपनाई जाती है। इसके साथ ही आंक व बिल्व पत्र चढ़ाने से अनिष्ट ग्रह की दशा भी शांत होती है। दूध में काले तिल से अभिषेक करने से चंद्र संबंधित कष्ट दूर होते हैं।

दबंगों की दबंगई के आगे बौना हुआ रानीगंज तहसील का प्रशासन जिलाधिकारी के आदेश का नही होता अनुपालन।

समाज जागरण अरुण शुक्ल

रानीगंज प्रतापगढ़ ताजा प्रकरण ग्राम महोथरी तहसील रानीगंज प्रतापगढ़ के चकमार्ग संख्या 69 का है जिसको दबंगों ने जेसीबी मशीन से तोड़कर अपने खेत में मिला लिया है।जिसकी शिकायत प्रार्थी वर्ष एल2017 से लगातार करता चला आ रहा है किंतु कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

दिनाँक 1.6.2022 व उसके उपरांत कई बार प्रार्थी ने जिलाधिकारी महोदय व मुख्यमंत्री के लोक शिकायत कार्यालय को इस संबंध में सूचना दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।दिनांक 13.67.2022को क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक श्रीप्रकाश पांडेय एवम लेखपाल सुरेश पांडे और स्वामीनाथ पटेल स्थल पर चकमार्ग निकलने गए किंतु स्थल पर श्याम शंकर सुभाष राजेश सुत जगन्नाथ अतुल सुत सुभाष आशीष सुत श्यामशंकर ने लेखपाल कानूनगो को मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देकर व लाठी डंडा दिखाकर भगा दिया और कहा की अब साले चकमार्ग देखने नापने मत आना।

पुलिस जिस घटना को बता रही थी एक्सीडेंट,वह निकली हत्या

समाज जागरण

प्रतापगढ़ में बड़े-बडे.कारनामे होते हैं।छोटे कारनामे इस जिले में नही होते अब एक कारनामा नवाबगंज पुलिस ने किया है।जिस हत्या को पानी पी पी कर एक्सीडेंट बताने में जुटी थी उस शव का पोस्टमार्टम होने के बाद सिर में गोली लगने से मौत होना सामने आया है।वहीं मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस जानबूझकर आरोपियों को बचाने के लिए हत्या को एक्सीडेंट साबित करने में जुटी थी।जबकि घटना स्थल पर आधा दर्जन फायरिंग की आवाज सुनी गई थी।

आपको बता दें कि बीते शनिवार की रात प्रतापगढ़ जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के बिबियापुर के जनसेवा केंद्र संचालक आलोक पांडेय की हत्या कर दी गयी।आलोक पाण्डेय की हत्या उस समय की गई जब वो जनसेवा केंद्र बन्द कर घर जा रहा था।रास्ते में घात लगाकर बैठे हत्यारों ने आलोक पांडेय को मौत के घाट उतार दिया।घटना की सूचना मिलने पर 56 इंची का सीना फुलाए पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घर वालो को सूचना दी।घटना की सूचना मिलने के बाद आलोक पांडेय के परिजन और गांव वाले मौके पर पहुंच गए। पुलिस से परिजन हत्या होने की बात कहते रहे,लेकिन 56 इंची सीना फुलाए हुए पुलिस एक्सीडेंट बताने में जुटी रही।जबकि मौके से भीड़ के सामने भी कारतूस के खोखे मिले थे।सूत्रों से खबर है कि हत्या को एक्सीडेंट साबित करने के लिए नवाबगंज पुलिस ने मोटा माल खाया था।

मृतक आलोक पाण्डेय के परिजन हत्यारों का नाम भी ले रहे थे,लेकिन पुलिस हत्यारों का बचाव करने में जुटी थी।शव रात ग्यारह बजे भेजा गया था।पोस्टमार्टम शाम पांच बजे हुआ। इसको लेकर परिजनों और लोगों में आक्रोश है।अब परिजन नौकरी,शस्त्र लाइसेंस के साथ परिवार का भरणपोषण के लिए सरकार से मांग कर रहे है तो वही आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर फांसी और उनका घर गिराने की भी मांग की जा रही है।आलोक पांडेय अपने घर का इकलौता चिराग था। आलोक पाण्डेय की शादी दो महीने पहले ही हुई थी।

पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि 16 तारीख को नवाबगंज से परियांवा रोड पर एक बाइक के साथ युवक का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी।जिसको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।पोस्टमार्टम में मृतक के शरीर से गोली मिली है।जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

उन्होंने ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।इसमे से दो को हिरासत में लेकर पूंछताछ की जा रही है। इसके लिए तीन टीमों का गठन किया गया है और टीम विवेचना के लिए गठित की गई है। विवेचना के लिए दो महीने का समय निर्धारित किया गया है, ताकि जल्द से जल्द आरोपियों को सजा दिलवाई जा सके।

अब बड़ा सवाल ये उठता है कि प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल हत्या को एक्सीडेंट बताने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करेंगे या अपनी कृपा बरसाएंगे।

ब्लॉक लक्ष्मणपुर मे नव निर्मित मंदिर का भंडारा आज

समाज जागरण

अरुण शुक्ल सांगीपुर, प्रतापगढ़ विधानसभा विश्वनाथगंज के ब्लॉक लक्ष्मणपुर मे नव निर्मित शिव मंदिर मे हफ्ते भर से चल रही कथा एवं प्राण प्रतिष्ठा के कल दिनांक 19 जुलाई को सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमे मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रेम लता सिंह, क्षेत्रीय विधायक जीतलाल पटेल,प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता,भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा आदि बहुत से गणमान्य महाप्रसाद वितरण के समय उपस्थित होंगे

मॉनसून के इंतजार में सूखने लगी धान की फसल, आसमान की ओर टकटए बैठे किसान

समाज जागरण
मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी। मॉनसून की बेरुखी के चलते धान की फसल सूखने लगी है। परेशान किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश की उम्मीद में दिन गुजार रहे हैं। उनके मन में बस एक ही बात है कि कब मेघ बरसे और खेती की गाड़ी पटरी पर आए।

मॉनसून की बेरुखी ने किसानों के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। खासतौर से उन किसानों के लिए जिन्होंने अपने संसाधन की मदद से धान की रोपाई कर दी है। अब बारिश न होने के कारण फसल सूख रही है।दूसरी तरफ बारिश की आस में रोपाई न करने वाले किसानों का बेरन खेत में ही खराब हो रहे हैं। हर तरफ से हो रहे नुकसान के बीच अब भी किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठें है, कि कब मेघ बरसे और खेती की गाड़ी फिर से पटरी पर आ सके। हालांकि अब तक हुई देरी का फसल की उपज पर असर पड़ना तय है।

किसानों पर भारी पड़ रही मानसून की बेरुखी

प्रति बीघा धान की फसल में करीब साढ़े पांच से छह हजार रुपये की लागत आ रही है। एक बीघा खेत में धान की रोपाई करने के लिए डीजल इंजन से 150-200 रुपये प्रति घंटे की दर से कुल पांच घंटे तक पानी भरना पड़ रहा है। खेत में पानी भरने की लागत करीब 1000 रुपये आ रही है।मजदूरों से एक बीघे धान की रोपाई की लागत करीब 1200 रुपये है। ट्रैक्टर से एक बीघे खेत की जुताई पर भी लगभग 800 का खर्च आ रहा है। धान की नर्सरी तैयार करने में करीब 400 से 500 रुपये खर्च आता है। रोपाई के बाद खाद प्रति बीघा डीएपी बीस किलो पर 600 रुपया, यूरिया प्रति बीघा पंद्रह किलो पर 150 रुपया और खर पतवार नाशक दवा पर करीब 200 रुपये खर्च होते हैं।

क्या बोले किसान

किसान को उम्मीद थी बारिश होगी। लेकिन तब से अब तक 3से 4 बार संसाधन से सिंचाई करनी पड़ी। फिर भी फसल पीली ही दिख रही है। प्रति बीघे में करीब छह हजार रुपये की लागत आई है। किसी तरह से रोपाई कराने के बाद सिंचाई कराना लागत को और बढ़ा रहा है। दिन में तेज धूप से पानी भी उबल जा रहा हैं।

निराश्रित गोंवश के संरक्षण में लापरवाही पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही-जिलाधिकारी

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल सायंकाल विकास भवन के सभागार में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु गठित जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया है कि जनपद में संचालित गोवंश आश्रय स्थल की कुल संख्या 57 है जिनमें 40 अस्थायी, 08 कांजी हाउस, 05 वृहद गो-संरक्षण केन्द्र एवं 04 नगर पालिका/नगर पंचायतों में है। अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों में 49555 गोवंश संरक्षित है। वृहद गो संरक्षण केन्द्र में 765 गोवंश एवं कान्हा गौशाला में 650 गोवंश संरक्षित है तथा कांजी हाउस में 338 गोवंश संरक्षित है। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोशालाओं के जो नोडल अधिकारी नामित किये गये है वे गोशाला का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण में जो भी कमियां इंगित की जाये उसका निस्तारण तत्काल खण्ड विकास अधिकारी और पशु चिकित्साधिकारी द्वारा दूर कराया जाये, इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी को दण्डित किया जायेगा। गो संरक्षण केन्द्रों में चूनी, भूसा, पानी, प्रकाश आदि की व्यवस्था बनी रहे। उन्होने निर्देशित किया प्रतिदिन डाक्टरों द्वारा गौशालाओं का निरीक्षण किया, यदि कोई पशु बीमार है तो उसका ईलाज करें, ईलाज में कोई लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि निराश्रित गोंवश का संरक्षण उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में जिस भी स्तर से लापरवाही पायी जायेगी सम्बन्धित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनिल कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी व समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत उपस्थित रहे ,

मूल्यांकन सूची में आपत्ति हेतु जनसामान्य अपनी आपत्ति 24 जुलाई तक प्रस्तुत करें-एडीएम

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (तृतीय संशोधन) अधिसूचना दिनांक 01 दिसम्बर 2015 उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) 2022 तथा महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालयों के दिनांक 01 अगस्त 2022 से प्रभावी होने वाले मूल्यांकन सूची में संशोधन का प्रस्ताव समस्त उप निबन्धक कार्यालयों में तथा जनपद के वेबसाइट पर उपलब्ध है। मूल्यांकन सूची में आपत्ति आमंत्रित करने हेतु दिनांक 24 जुलाई तक का समय निर्धारित किया गया है। मूल्यांकन सूची के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, समस्त तहसीलदारों, समस्त उप निबन्धकों के कार्यालय में विलम्बतम् दिनांक 24 जुलाई तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ताकि दिनांक 28 जुलाई तक आपत्तियों का निस्तारण करते हुये दिनांक 01 अगस्त से मूल्यांकन सूची प्रभावी किया जा सके। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

कांवड़िया जत्थे तथा व्यापारी में कहासुनी, खाकी की सक्रियता से टला बवाल

समाज जागरण अरुण शुक्ल

लालगंज, प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम से जलाभिषेक कर लौट रहे कांवडिया के एक जत्थे से बाजार के एक व्यापारी से विवाद को लेकर सोमवार को चौक पर थोडी देर के लिए माहौल गर्म हो उठा। हालांकि सूचना मिलते ही चौक पर एसडीएम तथा सीओ तथा थाना प्रभारी आननफानन मे पहुंच गये और नेशनल हाइवे पर विरोध प्रदर्शन कर रहे कांवडिया श्रद्धालुओं को समझा बुझाकर माहौल शांत करा दिया। प्रतापगढ़ सिटी निवासी धर्मेन्द्र यादव की अगुवाई मे कांवडिया संघ का एक जत्था मानिकपुर से गंगा जल लेकर बाबा धाम जलाभिषेक करने गया था। सोमवार को सुबह करीब साढे दस बजे यह जत्था जलाभिषेक कर वापस लौट रहा था। घुइसरनाथ रोड पर चौराहे से करीब तीन सौ मीटर पहले एक इलेक्ट्रानिक की दुकान पर खडी बाइक से कांवडियों से भरे तिपहिया वाहन की हल्की टकराहट हो गयी। इस पर वहां मौजूद व्यापारी विपिन कनौजिया से कांवडियों की कहासुनी होने लगी। इस पर नाराज कांवडियों ने विपिन को दौडा लिया। विपिन भागकर बगल के एक साउण्ड सिस्टम की दुकान पर पहुंच गया। साउण्ड सिस्टम की दुकान पर मौजूद एक कर्मी जीतलाल सोनी से भी कांवडिया भिड गये। दुकान में रखे कुछ पुराने तथा नये साउण्ड सिस्टम मे गुस्साये कांवडियो ने नुकसान भी पहुंचाया। इसके बाद नाराज कांवडिया चौराहे पर आ गये। चौक पर करीब आधे घण्टे तक कांवडियों की नाराजगी के चलते नेशनल हाइवे पर जाम की स्थिति दिखी। इस दौरान कांवडिया समूह तथा अफसरों मे हो रही बातचीत को लेकर काफी भीड भी जमा हो गयी। यहां कांवडियो ने अन्य कांवडियो को लेकर गुजरने वाले वाहनो को रूकवाकर थोडी देर के लिए जाम लगा दिया। सूचना पर लालगंज प्रभारी कमलेश पाल आननफानन मे चौक आ पहुंचे। तब तक जानकारी मिलने पर सीओ रामसूरत सोनकर व एसडीएम सौम्य मिश्र भी चौराहे पर पहुंच गये। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने कांवडियों को समझा बुझाकर उन्हें अपने गंतव्य भेजवा दिया। इधर पुलिस मामले की हकीकत खंगालने के लिए जीतलाल सोनी व विपिन कनौजिया को अपने साथ कोतवाली ले आयी। यहां पूरी बात समझ मे आने के बाद पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों को समझा बुझाकर भेज दिया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की घटना को लेकर तुरतफुरत बरती गई सक्रियता से सावन के पहले सोमवार को ही एक बड़ा सरदर्द टल गया। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि रविवार की शाम से ही सोमवार की शाम तक कांवड यात्रा को लेकर विशेष सुरक्षा प्रबन्ध किये गये हैं। उन्होंने बताया कि पक्षों मे थोडी कहासुनी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। जिससे माहौल शांतिपूर्ण रहा।

विदर्भ क्षेत्र से फलों और सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने की भारी संभावनाएं : नितिन गडकरी

भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज कहा कि महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र से फलों और सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने की भारी संभावना है।

"कृषि फसलों, फलों और सब्जियों के लिए निर्यात संभावना" विषय पर अमरावती, महाराष्ट्र में आयोजित एक आउटरीच कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, "ऊंचा निर्यात प्राप्त करने के लिए किसानों को कृषि में नवीनतम तकनीकों को अपनाना होगा और उन्हें नए शोध निष्कर्षों और नवीन कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए तैयार रहना होगा। जैसा कि महाराष्ट्र में नासिक के अंगूर उगाने वाले क्षेत्रों में किया गया है।"

खट्टे फलों और सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन एपीडा (कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) द्वारा एग्रोविजन के सहयोग से किया गया था। एपीडा, वाणिज्य विभाग के अंतर्गत आने वाला एक एक संगठन है।

गडकरी ने कहा कि जीआई टैग वाले नागपुर के संतरे अमरावती क्षेत्र में 70,000 हेक्टेयर से अधिक में उगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से नागपुर के संतरों और अन्य खट्टे फलों के निर्यात की बड़ी संभावना है। उन्होंने बताया कि चूंकि नागपुर ऑरेंज एक जीआई उत्पाद है इसलिए इसे प्रीमियम पर भी बेचा जा सकता है। हालांकि उन्होंने वैज्ञानिकों से ये भी आग्रह किया कि उपज बढ़ाने, किस्मों में सुधार करने और मूल्यवर्धन हेतु इस क्षेत्र के लिए अनुसंधान एवं विकास किए जाने की जरूरत है।

गडकरी ने कहा कि जहां पिछले दो वर्षों में भारतीय मंडारिन संतरे का निर्यात दोगुना हो गया है, वहीं निर्यात में कई गुना वृद्धि सिर्फ जरूरी अनुसंधान और विकास और मूल्यवर्धन के जरिए ही हासिल की जा सकती है। मंत्री महोदय ने हितधारकों के लिए ज्यादा क्षमता निर्माण करने, जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित

करने, क्वालिटी अपग्रेड और विदेशों में प्रचार करने में एपीडा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एपीडा से आग्रह किया कि हितधारकों के लिए ज्यादा क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करें ताकि वे आवश्यक जानकारी और ज्ञान प्राप्त कर सकें।

2019-20 में भारत से खट्टे फलों का निर्यात 329.32 करोड़ रुपये रहा और 2020-21 में ये 590.4 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। उसके मुख्य बाजार बांग्लादेश, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात और भूटान थे।

निर्यात बाजार को लक्ष्य करते वक्त जीआई टैग वाले नागपुर संतरे के लिए रोपण सामग्री के सही चुनाव पर गडकरी ने खासा जोर दिया और आह्वान किया कि जैविक फसल उगाने के लिए अपना पूरा ध्यान केंद्रित करें। मंत्री महोदय ने किसानों और निर्यातकों से कहा कि पैकेजिंग के दौरान आयातक देशों के मानदंडों का पालन करें और खाद्य सुरक्षा पहलुओं में गुणवत्ता मानकों से समझौता किए बिना कृषि उत्पादकता को बढ़ाएं ताकि उनकी उपज की बेहतर प्राप्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने ये भी उल्लेख किया कि कृषि रसायनों के छिड़काव के लिए ड्रोन तकनीक के उपयोग से मौजूदा कृषि पद्धतियों की तुलना में कृषि नुकसान को 70% तक कम किया जा सकता है। गडकरी ने कहा कि इसी तरह पैकेजिंग की अच्छी सामग्री के उपयोग से निर्यात के बाद हैंडलिंग से जुड़े मुद्दों को कम करने में भी मदद मिलती है।

एपीडा ने एग्रोविजन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जो उद्यमियों, एफपीसी, एफपीओ और अन्य हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने में एपीडा की एक विस्तारित शाखा बन जाएगा।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एफपीओ, एफपीसी, उद्यमी, स्टार्टअप, युवा उभरते उद्यमी, राज्य सरकार के अधिकारी, गैर सरकारी संगठन, सहकारिता और तकनीकी वैज्ञानिक शामिल हुए। तकनीकी सत्र में गुणवत्ता सुधार के मानकों, आयातक देशों के प्रोटोकॉल, नए तकनीकी विकास आदि के बारे में जानकारी साझा की गई।

विकासखंड नवाबगंज में अवैध रूप से संचालित हैं दर्जनों हॉस्पिटल व नर्सिंग होम

जिले का स्वास्थ्य महकमा बना हुआ है अनजान

बहराइच। विकास खण्ड़ नवाबगंज के क्षेत्रों में अनगिनत संख्या में अवैध हॉस्पिटल अवैध नर्सिंग होम और अवैध क्लीनिक खुलेआम चलाए जा रहे हैं। यहां तक की उक्त अवैध नर्सिंग होम में मेडिकल स्टोर तक स्थापित है। और मरीजों को एडमिट करने की भी सुविधा इन अवैध हॉस्पिटलों में मौजूद है। सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम संचालित संचालित किये जा रहे हैं। उक्त नर्सिंग होमों पर विभिन्न प्रकार के डॉक्टरों की डिग्री बोर्ड पर अंकित हैं। मगर मौके पर कम पढ़े लिखे और झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम बैठकर प्रैक्टिस करते हैं। कई नर्सिंग होम पर डॉक्टर बनकर बैठे हुए झोलाछाप ने बताया कि सीएमओ ऑफिस से बातचीत है। इसलिए हम लोग हॉस्पिटल खोलकर बैठे हुए हैं। जब डिग्री के बारे में पूछा गया तो कोई भी झोलाछाप सही से जानकारी नहीं दे पाया। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि बॉर्डर क्षेत्र पर इस प्रकार से अवैध और बड़े नर्सिंग होम खोलकर झोलाछाप मरीजों की जिंदगीयों के साथ में खिलवाड तो करते ही हैं। साथ ही उनका आर्थिक रूप से बड़े पैमाने पर शोषण भी करते हैं। क्षेत्रों में इस प्रकार से भव्य रूप से अवैध नर्सिंग होम चलाए जा रहे हैं। क्या इसकी जानकारी जिले के स्वास्थ्य महकमे को नहीं है? या जानकारी होने पर भी जानकारी ना होने का नाटक करते हैं? अब देखना यह होगा। कि खबर प्रकाशित होने के बाद क्या इन सब अवैध नर्सिंग होम पर कोई कार्रवाई की जाती है या यह ऐसे ही पहले की तरह से ही संचालित होता रहेगा , और मरीजों की जिंदगियों से खिलवाड़ किया जाता रहेगा और उनका आर्थिक शोषण किया जाता रहेगा।

डीएम व एसएसपी ने किया जंगलीनाथ मन्दिर व तकियाघाट का निरीक्षण

बहराइच 18जुलाई। श्रावण मास के प्रथम सोमवार के दौरान कानून एवं शान्ति-व्यवस्था, विभिन्न घाटों, नहरों, कॉवड़ मार्गों, मन्दिरों, शिविरों एवं कैम्पों के आस-पास स्वच्छता व साफ-सफाई इत्यादि का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के साथ तहसील नानपारा क्षेत्र अन्तर्गत जंगलीनाथ मन्दिर व तकियाघाट का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम व एसएसपी के जंगलीनाथ मन्दिर पहुँचने पर महन्थ अनिल शास्त्री द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर अधिकारियों का स्वागत किया गया। डीएम व एसएसपी ने मन्दिर में दर्शन करने के उपरान्त यहॉ पर पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। इस अवसर पर डीएम ने मन्दिर के महन्थ से अपेक्षा की कि दर्शन के लिए आने वाले श्रृद्धालुओं को 11 से 18 अगस्त तक आयोजित होने वाले ह्यह्यहर घर तिरंगाह्लह्ल कार्यक्रम के लिए भी प्रेरित किया जाय। इसके उपरान्त डीएम व एसएसपी ने तकियाघाट पहुँच कर घाट की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा पुल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान यहॉ पर मौजूद बच्चों को बिस्किट का वितरण करते हुए लोगों से अपील की कि 11 से 18 अगस्त तक आयोजित होने वाले ह्यह्यहर घर तिरंगाह्लह्ल कार्यक्रम के दौरान अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज, उप जिलाधिकारी नानपारा अजित परेश, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा डॉ. जंग बहादुर यादव, कोतवाल नानपारा शमशेर बहादुर सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

मथुरा में कचरा गाड़ी में पीएम मोदी और सीएम योगी की तस्वीरों को ले जाने वाला सफाई कर्मचारी बर्खास्त सोशल मीडिया में वायरल हुआ था वीडियो

दैनिक समाज जागरण संवाददाता उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में नगर निगम के कर्मचारी को कचरा गाड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की तस्वीरों को ले जाने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है, इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था जानकारी के मुताबिक ठेके पर काम करने वाला एक कर्मचारी कचरा गाड़ी में पीएम मोदी सीएम योगी समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों की तस्वीरों को लेकर जा रहा था, जिसके बाद मथुरा नगर निगम ने शिकायत मिलने के बाद उसका कांटेक्ट रद्द कर दिया है इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था जिसके बाद नगर निगम प्रशासन ने यह कार्रवाई की है`

ऑपरेशन मुस्कान के तहत 01 घंटे के अंदर गुमशुदा लड़के को सकुशल उनके परिजनों को किया सुपुर्द,

अपनों से मिलकर लड़के के चेहरे पर लौटी मुस्कानः-

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाकर गुमशुदा लड़के/लड़कियों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी

निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के क्रम में गुमशुदा बच्चे को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर लिया गया। दिनांक 17.07.2022 को थाना को0 नगर क्षेत्र के रहने वाले एक युवक द्वारा थाना को0 नगर में सूचना दी गयी की उनका 18 वर्षीय लड़का घर से कही चला गया है और अभी तक घर वापस नही आया है। सूचना पर थाना को0 नगर व सर्विलांस टीम ने तत्काल खोजबीन कर बच्चे को 01 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर परिजन को सुपुर्द किया गया। अपनो से मिलकर लड़के के चेहरे पर मुस्कान लौटी तथा परिजनो ने गोण्डा पुलिस को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। उक्त सराहनीय कार्य की आम जनमानस में भी काफी सराहना की जा रही है।

पोषण माह समीक्षा बैठक बाल विकास परियोजना के बैनर तले जरवल विकासखंड

जरवल बहराइच आज सोमवार जरवल विकासखंड मुख्यालय सभागार में बाल विकास परियोजना के बैनर तले समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन/ मुख्यअतिथि राज कपूर डीपीआरओ बहराइच के पहुंचने पर रूपाली सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी जरवल ने गुलदस्ता देकर किया स्वागत अभिनंदन/

आंगनबाड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए राजकपूर डीपीआरओ बहराइच ने कहा कि आप लोग गांव स्तर पर छोटे-छोटे बच्चों को हाथ धुलने के उपरांत ही भोजन करने की बात कहें तथा दाल व हरी सब्जियों का प्रयोग ज्यादा कराएं व पोषाहार का वितरण सभी समय से करें/ गांव की मिट्टी से बच्चों को खिलौने बनाने हेतु प्रेरणा भी दें जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास भी होगा/

कार्यक्रम के अंत में रुपाली सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी ने अमृत महोत्सव के विषय को लेते हुए हर घर तिरंगा को लेकर आंगनबाड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस आजादी अमृत महोत्सव में आप सभी लोग गांव में राष्ट्रीय ध्वज सभी घरों की छतों पर लगवाएं तथा बाढ़ राहत क्षेत्र में स्थापित चौकियों के द्वारा महिलाओं को टीकाकरण तथा अन्य निदेशों को बताएं और जागरूक करें/ इस दौरान- शैलेंद्र सिंह डिस्टिक कोऑर्डिनेटर रामा फाउंडेशन, श्रीमती नीलम सिंह सुपरवाइजर, अंजू लता सिंह सुपरवाइजर, रीता यादव सुपरवाइजर के साथ सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी की महिलाएं भी रही मौजूद/

भ्रष्ट प्रधान के भ्रष्टाचारी आई सामने बिना फावड़ा लगाए तालाब के कर दी खुदाई

बहराइच के शिवपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मुसल्लम पुर से भ्रष्टाचारी की बड़ी खबर निकल कर आ रही है कि यहां पर बिना खुदाई के प्रधान रुमान अली ने निकाल लिए पूरे पैसे जिसकी लागत ग्रामीणों ने 800000 बताया है तो वहीं दूसरी ओर रिपेयरिंग के नाम पर खड़ंजा का निर्माण खड़ा करके पुराना ईटा लगवा दिया जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है जहां यूपीए सरकार गांव के विकास को लेकर के पानी की तरह पैसा तो बहा रही है लेकिन प्रधान व सेक्रेटरी की मिलीभगत से गांव में पैसे का भरपूर दुरुपयोग देखने को मिल रहा है ऐसे ही एक दूसरा मामला दूसरा मामला भी सामने आया की एक नाले की खुदाई जिसकी लागत तकरीबन ड्ड700000 रुपए है उसकी भी धांधली देखी जा सकती है जितना पैसा बजट में आया हुआ है उतना शायद में नहीं लगाई है

*थाना खरगूपुर क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा, चोरी की योजना बनाते समय 02 शातिर चोर गिरफ्तार

*05 अदद चोरी की मोटरसाईकिले, 02 अदद मोटर पम्प, चोरी करने के उपकरण व 01 अदद अवैध तमंचा कारतूस बरामदः-

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरी/वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु शातिर चोरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना खरगूपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर चोरी की योजना बनाते समय 02 शातिर चोरों- 01. भरत बाजपेयी, 02. चिन्ताराम यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी करने के उपकरण, जामातलाशी के दौरान अभियुक्त भरत के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस व निशानदेही से 05 अदद चोरी की मोटरसाईकिल, 02 अदद मोटरपम्प बरामद किया गया। बरामद मोटरसाइकिलों के बारें मे पूछताछ करने पर अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि यह मोटरसाईकिलें हम लोग अलग-अलग जनपदों से चोरी किए है तथा आर्थिक लाभ कमाने हेतु मोटरसाईकिलों के नम्बर प्लेट बदलकर बेच देते है। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना थाना खरगूपुर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार-

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्षो को दिये थे ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना करनैलगंज पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त विशाल श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 240 अल्प्राजोलम की अवैध नशीली गोलियाँ बरामद की गई । अभियुक्त के विरूद्ध थाना करनैलगंज में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया ।

धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर बेचने के 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, गबन के 10,000/- रुपए बरामदः

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में

थाना कर्नलगंज पुलिस ने धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर बेचने के 02 वांछित अभियुक्तों-01. मोहन, 02.हनुमान सिंह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गबन के 10000/- रुपए बरामद किया गया। अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की गई।

एलएलबी के छात्र को नहीं मिल पा रहा न्याय दर-दर भटकता फिर रहा युवक

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान

सीतापुर : सीतापुर के कस्बा सिधौली में गांधी महाविद्यालय में हुए छात्र अवनीश मिश्र पुत्र राज कुमार मिश्र एवम् गांधी महाविद्यालय के शिक्षक अजय वर्मा , रविन्द्र सिंह, गोपाल सिंह के बीच हुए विवाद ने अब एक नया मोड ले लिया है। एक तरह आखिर भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता शिक्षकों के समर्थन में रोड पर उठाए आए है। जिसके लिए उन्होंने रोड पर पुतला भी फूका है , साथ ही उनका कहना है कि सिधौली के मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा राज राजेश्वर सिंह को जेल भेजा जाए । वही सिधौली में ही भाजपा के कार्यकताओं ने सभी शिक्षकों को शिक्षक माफिया बोला है उन्होंने बोला है कि एक तरफ सभी शिक्षकों ने एलएलबी छात्र को मिल कर मारा है एवम् उल्टा ही 332,323 का मुकदमा भी लिखवाया है जिसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने भी शिक्षक माफिया का पुतला दहन किया एवम् पीड़ित छात्र को न्याय दिलवाने की बात कही है।

बुढ़वा बाबा में जलाभिषेक के दौरान चुस्त-दुरुस्त दिखी पुलिस व्यवस्था

शिव भक्तों लाइन में खड़े होकर ने किया जलाभिषेक

बहराइच मिहीपुरवा तहसील क्षेत्र के रामपुर धोबिया हार में स्थित शिव शक्ति धाम के नाम से प्रसिद्ध बाबा बूढ़ेश्वर नाथ धाम बुढ़वा बाबा मंदिर में सावन के प्रथम सोमवार को शिव भक्तों का तांता लग गया ।लाइन में लगकर शिव भक्तों ने भगवान शिव को जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया । सावन का महीना भगवान शिव के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। इस महीने में शिव भक्त शिवलिंग पर जलाभिषेक कर प्रार्थना करते हैं तो उनके मन की इच्छा पूर्ति होती है । बुढ़वा बाबा मंदिर में भगवान शिव मर को जलाभिषेक के लिए बहराइच श्रावस्ती लखीमपुर गोंडा बलरामपुर सीतापुर तथा पड़ोसी देश नेपाल के शिवभक्त लिए आते हैं । सोमवार को हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया । मेले में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर प्रांगण में दोपहर तक खचाखच भीड़ देखने को मिली इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी जयप्रकाश त्रिपाठी थाना अध्यक्ष खैरीघाट निखिल श्रीवास्तव उपनिरीक्षक राम गोविंद वर्मा उप निरीक्षक अमित सिंह हेड कांस्टेबल सुरेंद्र बहादुर सिंह कांस्टेबल वीरपाल यादव पंकज कुमार श्याम चंद्र मौर्या, संजय प्रजापति व पुलिस फोर्स मौजूद रही ।

दबंग दरोगा चौकी शारदा नगर एक बार फिर सुर्खियों में एक महिला ने लगाया चौकी इंचार्ज एवं उनके प्राइवेट चालक पर आरोप

चौकी इंचार्ज साहब लाल के सामने प्राइवेट चालक सलमान ने लड़की के साथ की छेड़छाड़ और कपड़े भी फाड़े,नीलम देवी

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

लखीमपुर खीरी --- जनपद लखीमपुर के अन्तर्गत आने वाली चौकी शारदा नगर का मामला एक बार फिर दरोगा

की दबंगई सामने आई है जिसके चलते पीड़िता ने दरोगा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं यह घटना दिनांक 15 जुलाई 2022 प्रातः 4:00 बजे का है पीड़िता नीलम देवी अपने परिवार के साथ घर में सो रही थी अचानक चौकी इंचार्ज शारदा नगर मैं फोर्स एवं अपने प्राइवेट ड्राइवर सलमान के साथ पीड़िता नीलम देवी पत्नी धीरज पासी निवासी ग्राम सेमरा पुरवा मजरा बंजरिया थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी के घर में बिना बताए घुस गए पीड़िता ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ सो रही थी अचानक घर में घुसी पुलिस को देखकर वह घबरा गई तभी चौकी इंचार्ज साहब लाल ने पीड़िता के पति धीरज को पकड़ लिया और लात घुसा से मारने लगे पीड़िता और उसका परिवार यह सब देखकर काफी डर गया और पुलिस के सामने हाथ पांव जोड़ कर पूछने लगी कि क्या गलती हुई साहब क्यों मार रहे हो मेरे पति को परंतु दबंग दरोगा ने एक न सुनी और गंदी गंदी गालियां देते हुए धीरज पासी को मारते पीटते घर से बाहर निकालने लगे इतने में उसकी पत्नी ने पैर पकड़ कर दरोगा से पूछा साहब कम से कम इतना तो बता दो कहां लेकर जा रहे हो इतनी सी बात पर चौकी इंचार्ज शारदा नगर ने पीड़िता के लात मार दी जिससे वह जमीन पर गिर गई इतने में पीड़िता की लड़की रोते हुए बाहर आई और पूछा साहब मेरे पापा को छोड़ दो कहां ले जा रहे हो परंतु चौकी इंचार्ज साहब लाल ने उसकी एक न सुनी और उनके ड्राइवर सलमान ने पीड़िता को पीछे से पकड़ कर ढकेल दिया और दो तीन थप्पड़ भी मार दिए यह सब मौके पर खड़ी पुलिस देख रही थी साहब लाल और उनके ड्राइवर अपने ही स्वर में तांडव किए जा रहे थे जिस का नजारा आस पास पुरुष/ महिला भी देख रहे थे परंतु पुलिस के डर के वजह से कोई भी सामने ना आया पीड़िता ने बताया कि उसके पति को सुबह 4:00 बजे साहब लाल पुलिस बल के साथ धीरज को पकड़ कर जबरन ले गए जब साहब लाल चौकी इंचार्ज शारदा नगर उसे पकड़ कर अपने साथ ले गए तब उनके पास एक अंडरवियर के अलावा और कुछ भी कपड़े नहीं थे इसके पश्चात पीड़िता ने यह भी बताया कि चौकी इंचार्ज ने उसके पति को डरा धमका कर चौकी लाकर असलहा दिखाकर कोतवाली ले गए और उसका चालान कर दिया इस पूरी घटना में महिला पुलिस का तो कोई रोल ही नहीं रहा ना ही साहब लाल ने किसी के घर में घुसने से पहले महिला पुलिस की आवश्यकता समझी पीड़िता ने बताया कि चौकी इंचार्ज अपने सहयोगी पुलिस बल और प्राइवेट ड्राइवर सलमान के साथ मेरे घर में घुसते ही तोड़ फोड़ करते हुए गंदी गंदी गालियां देते हुए सब कुछ तहस-नहस कर दिया इतना ही नहीं उनके प्राइवेट ड्राइवर सलमान पीड़िता की बेटी आरती से हाथा पाई की और उसके कपड़े फाड़ दिए जबरन उसका हाथ पकड़कर गाड़ी की तरफ घसीट कर ले जाने लगा और कहा तुझे भी अंदर कर दूंगा तब होश में आएगी तेरी पढ़ाई लिखाई धरी की धरी रह जाएगी जिले के एसपी साहब यह तय करें कि क्या अब पुलिस फोर्स के साथ प्राइवेट गुंडे गाड़ी चालक के रूप में चलेंगे क्या सरकारी गाड़ियों को चलाने के लिए प्राइवेट चालकों की जरूरत है पीड़िता के साथ हुई इस अभद्रता में जितना ही चौकी इंचार्ज जिम्मेदार हैं उतना ही उनका ड्राइवर सलमान भी जिम्मेदार हैं क्यों कि दबंग दरोगा के रौले में आकर उसने भी बत्तमीजी की कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी चाहे वह पीड़िता को मारना पीटना हो या उसके लड़की के कपड़े फाड़ने को लेकर यह सब पुलिस फोर्स मूक दर्शक बनी देखती रही एक प्राइवेट चालक अपनी हद पार करता रहा दरोगा साहब तमाशा देखते रहे अब देखना यह है योगीराज में कब तक ऐसा अन्याय होता रहेगा ऐसे अन्याय के प्रति कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे किसी भी चौकी, थानों, कोतवाली में यह कृत्य दोबारा न दोहराया जाये। आदरणीय (केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री) अजय मिश्र (टेनी) ने भी खीरी एसपी को लिखा है कि प्रकरण की जांच कर तत्काल कार्यवाही करे देखना यह है कि एसपी संजीव सुमन इस कृत्य पर क्या संज्ञान लेते हैं और क्या कार्यवाही सुनिश्चित करते

श्रावण माह के प्रथम सोमवार को बम बम भोले के जय जयकार से गूंजे महादेव के शिवालय

प्रथम सोमवार के उपलक्ष्य में हर हर महादेव के जयकारे के साथ दी हार्दिक बधाई-- उत्तम कुमार मिश्र

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

लखीमपुर खीरी ---जनपद लखीमपुर के अन्तर्गत आने वाले सभी शिवालयों में श्रावण माह के प्रथम सोमवार के उपलक्ष्य में अनेक शिव भक्तों एवं कांवड़ियों के द्वारा जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र चढ़ाते दिखे जिनमें कई शिवालयो पर चेयरमैन सिंगाही उत्तम कुमार मिश्र

भी पहुंचे जैसे मोटे बाबा मंदिर, जंगली नाथ मंदिर,जोगी बाबा मंदिर , सिद्ध बाबा मंदिर, गौरी बाबा मंदिर,आदि जगहों पर पहुंचकर श्रावण माह के प्रथम सोमवार के उपलक्ष्य में हर हर महादेव के जय जयकार के उपस्थित शिव भक्तों को हार्दिक बधाई भी दिया। इसी क्रम में आज हर हर महादेव के जयकारे शिव भक्तों भाव विभोर हो गए लिलौटीनाथ मन्दिर, टेढेनाथ मन्दिर,मेंढक मन्दिर,मढियाघाट,और छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में भी चारों तरफ के शिव भक्त, कांवड़ियों की टोलियां जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक करते दिखे। चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र ने एक कथा के माध्यम से बताया की शिव जी गोला गोकर्णनाथ में कैसे आये। कहा जाता है कि लंकापति रावण ने महादेव भोलेनाथ की घोर तपस्या करके प्रश्न किया था उसके बाद वरदान में स्वयं भगवान शिव को लंका ले जाने की बात कही परन्तु महादेव बाबा ने कहा हे लंकेश, लंकापति रावण हम आपके साथ लंका चलने के लिए तैयार हैं। लेकिन मेरी एक शर्त है की आप जिस स्थूपर हमें रख दोगे हमारा स्थान वही सुनिश्चित हो जायेगा इस लिए कैलाश पर्वत से ले जाकर आप मुझे लंका में ही मेरी स्थापना करना परन्तु रास्ते में ले जाते समय रावण को लघुशंका लगी और महादेव शंकर की शिवलिंग एक चरवाहे के हाथों में लेकर लघुशंका के लिए चला गया उसी समय शंकर जी ने अपना आकार बढ़ाना चालू किया और चरवाहा वह शिवलिंग रोक न सका उसके एक स्थान पर रख दिया जिसे हम सभी गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के नाम से जानते हैं। शिव जी की पूजा आराधना करने के बाद भूत भगवान बाबा भूतनाथ बाबा के नाम से प्रसिद्ध हो गये। शिव मन्दिर में शिव भक्त, कांवड़ियों में मिथलेश कुमार, महेश राज,राज कुमार,आदि साथ ही गीता मिश्रा, गीता त्रिपाठी (महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष), शिवानी, दामिनी आदि अनेक महिलाएं/ पुरुष शिव भक्त कांवड़िया जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, पूजन, आदि करते दिखे।

नवादा के युवा व्यवसायी सोहन कुमार मंटू हुए सम्मानित, कृषि मंत्री ने दिया प्रशस्ति पत्र

समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा:नवादा के सफल व्यवसायियों में शुमार सोहन कुमार मंटू सोमवार को राजधानी पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किए गए। बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड के 45वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें बिहार राज्य के कुछ चुनिंदा बीज वितरकों को सम्मान के लिए आमंत्रित किया गया था। गोपालगंज के मेसर्स पूर्वांचल एग्रो सीड्स, मुजफ्फरपुर के जय माँ अम्बे ग्रेन एजेंसी, पटना के मेसर्स कृषि सेवा केंद्र,गया के मेसर्स केपीएस ट्रेडर्स, कटिहार के मेसर्स जानकी इंटरप्राइजेज और अररिया के मेसर्स समन ट्रेडिंग के बीज वितरक का नाम शामिल था। खरीफ 2022 में बीज वितरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए इन सभी बीज वितरकों को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

बामेति पटना में आयोजित समारोह में कृषि मंत्री अमरेंद्र नारायण सिंह ने सभी बीज वितरकों को सम्मानित किया। नवादा के सोहन कुमार मंटू मेसर्स कृषि सेवा केंद्र पटना के संचालक के रूप में समानित किये गए। इस मौके पर बिहार के कृषि सचिव सहित बीज निगम के कई अधिकारी और बीज वितरक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

चार लीटर महुआ शराब के साथ धंधेबाज महिला गिरफ्तार।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादा:-थाना क्षेत्र के भदौर गांव में पुलिस ने रविवार की रात में छापेमारी किया। एसआई रामभजन सिंह ने पुलिस बल के सहयोग से उसी गांव के कारु चौधरी की पत्नी सुनैना देवी को चार लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही वही 150 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को विनष्ट किया । यह जानकारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने दिया। उन्होंने बताया आरोपित के विरुद्ध 217/22 दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

भक्तिभाव से लोगों ने किया बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादा:-प्रखंड के विभिन्न गांवों में सावन माह के पहली सोमवारी को शिव मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ऐतिहासिक द्वापरकालीन धनियावां पहाड़ी स्थित शिव पार्वती मंदिर के अलावा ओड़ो,रामे,परमा नारदीगंज बाजार,ओड़ो,कहुआरा, रामे,वनगंगा समेत अन्य गांवों में स्थित शिवमंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी।कई श्रद्धलुओं ने अपने घरों में भी बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया। श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक के उपरांत बेलपत्र, दूर्वा, पुष्प,हल्दी, दूध,दही,अक्षत,नैवेध को अर्पण कर मन्नतें मांगी।पूजा अर्चना होने से आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने निर्जला तो कई श्रद्धालुओं ने फलाहारी रहकर सोमवारी व्रत को रखा।और भक्तिभाव से पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी।

मुखिया के भतीजा पर जानलेवा हमला मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

कौआकोल(नवादा) रविवार की शाम सरौनी पंचायत के पूर्व मुखिया छोटेलाल यादव के भतीजा गोल्डन कुमार उर्फ गोल्डी एवं भांजा बलवंत कुमार पर हुए जानलेवा हमला की घटना में तीन अभियुक्त को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। कौआकोल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पकरीबरावां के एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में सरौनी गांव निवासी विक्रम पासवान,अमित कुमार एवं धर्मेंद्र पासवान को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया है। बता दें कि रविवार की शाम ट्रैक्टर से खेत जुताई करने जा रहे गोल्डन उर्फ गोल्डी एवं बलवंत पर गांव के ही बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया था। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को स्वजनों के सहयोग से कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। घायलों के पारिवारिक सदस्यों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बलवंत का ईलाज सदर अस्पताल नवादा में जबकि गोल्डन का ईलाज पारस हॉस्पिटल पटना में किया जा रहा है। घटना के बाद घायल गोल्डन के पिता राजेन्द्र प्रसाद यादव के द्वारा कौआकोल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

160 लीटर महुआ शराब के साथ चार धंधेबाज धराये,भेजे गए न्यायिक हिरासत में ।

समाज जागरण

कौआकोल(नवादा) कौआकोल पुलिस ने रविवार की शाम को शराब धंधेबाजों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दरम्यान पुलिस ने अलग अलग स्थानों से 160 लीटर महुआ शराब के साथ चार धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। कौआकोल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पावापुरी गोवरैया गांव में छापेमारी कर पुलिस ने 40 लीटर महुआ शराब के साथ रीना देवी जबकि जोगाचक गांव में छापेमारी कर 120 लीटर महुआ शराब के साथ स्वार्थ मांझी,कमलेश मांझी एवं जितेंद्र मांझी को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद चारों धंधेबाजों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध अधिनियम की धारा के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

बुकार गांव में पुलिस ने की कुर्की जब्ती की कार्रवाई

समाज जागरण

कौआकोल। एक मामले में काफी दिनों से फरार चल रहे दो अभियुक्तों के घर पुलिस ने सोमवार को न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की है। इस दरम्यान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर का दरवाजा, खिड़की,पलंग,कुर्सी, अनाज समेत सभी सामानों को जब्त कर थाना ले आई। एसआई सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि कौआकोल थाना कांड संख्या-122/16 के नामजद अभियुक्त व थाना क्षेत्र के बुकार गांव निवासी मोहम्मद सलीम के पुत्र मोहम्मद आदिल एवं मोहम्मद अली के विरुद्ध न्यायालय से कुर्की जब्ती वारंट निर्गत था। उन्होंने बताया कि मोहम्मद आदिल पर पहली पत्नी व उससे एक बच्चा रहते दूसरी शादी रचा लेने का आरोप था। इस मामले में आरोपित के पहली पत्नी द्वारा दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में अभियुक्त बनें दोनों लोग काफी दिनों से फरार चल रहे थे। जिसके बाद न्यायालय द्वारा कुर्की जब्ती वारंट निर्गत किया गया था।

सावन की पहली सोमवारी को श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

समाज जागरण

कौआकोल। सावन की पहली सोमवारी को प्रखण्ड के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही प्रखण्ड के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ लगी रही। प्रखण्ड के शिव पर्वत मंदिर रानीबाजार,महादेव मठ भोरमबाग,एकदण्ड महादेव सोखोदेवरा,बम्बेश्वर नाथ मंदिर सहित प्रमुख शिवालयों में शिव भक्तों ने व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और बेलपत्र चढ़ाया। प्रथम सोमवारी को ले शिवालयों की साफ-सफाई तथा मंदिरों में साज-सज्जा भी की गई।

वारसी कॉलेज में 21 जुलाई से स्नातक कोर्स के लिए शुरू होगा नामांकन

समाज जागरण

कौआकोल। कौआकोल प्रखण्ड के एकमात्र डिग्री कॉलेज वारसी महाविद्यालय पाण्डेयगंगौट में सत्र 2022-25 के लिए स्नातक कला,विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के सभी विषयों में 21 जुलाई से नामांकन शुरू हो जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्रबंधन के सदस्य डॉ. बिपिन सिन्हा ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया पहले आओ,पहले पाओ के तर्ज पर शुरू होगा। उन्होंने बताया कि कॉलेज परिसर में नामांकन के लिए सभी संकाय और विषयों के लिए अलग-अलग नामांकन काउंटर बनाया जाएगा। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा वारसी कॉलेज को स्नातक संकाय कला,विज्ञान और वाणिज्य के सभी विषयों में स्थाई रूप से मान्यता प्रदान कर दिया गया है। जिससे इस प्रखंड के छात्र-छात्राओं सहित अभिभावकों में काफी खुशी देखी जा रही है। उनलोगों का मानना है कि स्थाई मान्यता मिल जाने के बाद अब प्रखण्ड के छात्र-छात्राओं को नामांकन के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी तथा इस क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों को काफी सुविधा मिल सकेगी।

डीएम नवादा द्वारा 73वा वन महोत्सव के अवसर पर पेड़ लगाया गया।

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

नवादाः- आज 73वॉ वन महोत्सव महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नवादा में नवादा वन प्रमंडल के द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि उदिता सिंह जिलाधिकारी नवादा, विशिष्ट अतिथि डॉ0 गौरव मंगला एवं संजीव रंजन डीएफओ के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर 73वॉ वन महोत्सव का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वन संरक्षण पर्यावरण के संतुलन के लिए जरूरी है। वन संरक्षण और पौधे को बेहतर ढ़ंग से देखभाल करने के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण टिप्स दिये। हमलोगों को पौधे प्राणवायु देते हैं ,जो हमारे जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण है। इसके अलावे जो कुछ भी हम खाते हैं वह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पौधे से ही प्राप्त करते हैं। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को निर्देश दिये कि अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं और उसका देख-भाल भी करें। वनों की रक्षा करना हम सभी का परम कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि वनों की कटाई को रोकना है और पर्यावरण संरक्षण के नियमों के संबंध में जन जागरूकता करना है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नवादा ने कहा कि विशेष अभियान

चलाकर पौधारोपण अभियान को सफल बनायें। पारिस्थितिक संतुलन के लिए हमारे लिए पेड़-पौधे बहुत महत्वपूर्ण है। संजीव रंजन डीएफ ओ ने कहा कि जिस तरह जल ही जीवन है, उसी प्रकार पौधे का हमारे जीवन में बहुत महत्पूर्ण स्थान है। उन्होंने पेड़ों के महत्व के बारे में छात्राओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिये।

कार्यक्रम का संचालन एस के वर्मा वनों के क्षेत्र पदाधिकारी कौआकोल के द्वारा किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी के द्वारा औद्योगिक महिला प्रशिक्षण संस्थान में छतवन का पौधा लगाकर पर्यावरण जागरूकता के लिए संदेश दिये। पुलिस अधीक्षक और डीएफओ के द्वारा भी महोगनी का पौधे लगाया गया।

इस अवसर पर महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य के साथ-साथ कई अधिकारी एवं छात्राएं आदि उपस्थित थे।इस बात की जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

न्यायालय ने बाल कल्याण पदाधिकारी ,देव के वेतन रोकने का दिया आदेश।

अनिल कुमार मिश्र , ब्यरोचीफ
दैनिक समाज जागरण

औरंगाबाद (बिहार) 18 जुलाई 2022:- किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी मनीष कुमार पाण्डेय ने आज देव थाना कांड संख्या 47/20 में सुनवाई करते हुए बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी कृष्ण कांत सिंह का वेतन रोकने का आदेश पुलिस अधीक्षक और कोषागार पदाधिकारी औरंगाबाद को दिया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज हुए दो साल हो गए किन्तु आज तक परिषद में न ही वाद दैनिकी प्रस्तुत किया गया है न ही आरोप पत्र दाखिल किया गया है, जबकि गम्भीर और छोटे अपराध के मामलों में घटना तिथि के दो माह के भीतर उल्लेखित दस्तावेज दाखिल करना आवश्यक है, अन्यथा इसकी अनुपस्थिति लाभ बाल अपराधी को मिल सकता है । आपको मालूम कि कोरोना काल के बाद किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद में वादों के सुनवाई में काफी तेजी आई है कुछ वाद आठ दस साल तक पुराने हैं उनके निपटारे कि प्राथमिकता दी जा रही है और आवश्यक कार्यवाही आगे बढ़ाई जा रही है

शराब के विरुद्ध पूरे जिले में चला अभियान,68 लोग हुए गिरफ्तार

केशव कुमार सिंह दैनिक समाज जागरण,औरंगाबाद।

अपर मुख्य सचिव, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार के निदेश पर आयुक्त उत्पाद बिहार, पटना के आदेश के आलोक में औरंगाबाद जिला में दिनांक 17.. 07. 2022 - 18.07.2022 तक बिहार के समस्त मद्यनिषेध महिला पदाधिकारी / कर्मी के द्वारा मद्यनिषेध नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद श्री सौरभ जोरवाल के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सदर/दाउदनगर / ओबरा / देव / मदनपुर एवं अम्बा / कुटुम्बा तथा झारखण्ड सीमावर्ती

क्षेत्रों में अवैध शराब के सेवन / बिक्री / निर्माण के विरूद्ध अधीक्षक मद्यनिषेध, औरंगाबाद श्रीमति सीमा चौरसिया के नेतृत्व में लगभग 140 मद्यनिषेध महिला बटालियन के साथ विशेष अभियान चलाया गया।

इस अभियान में कुल 68 पीने वाले व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 4000डॅ जावा महुआ घटनास्थल पर विनष्ट एवं 10 ली० चुलाई शराब बरामद किया गया।

काव्य के विविध रंग से काव्य मंजरी पटल हुआ सराबोर

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- काव्य मंजरी की काव्य गोष्ठी में कवियों ने खूब रंग जमाए। काव्य के विविध रंगों से पटल सराबोर रहा। काव्य पाठ के हर कविता पर सारगर्भित समीक्षा की परम्परा निभाई गयी जिससे कवियों को काफी प्ररेणा मिली। प्रसिद्ध कवि व समीक्षक मुकेश कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रुप में पटल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। उन्होंने गांव की सिसकता गांव, बिलखती गलियां, जाने वाले कब आओगे... पढ़कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के संयोजक सह साहित्यकार व कवि राजेश मंझवेकर ने जिंदगीनामा कविता का पाठ किया तो सभी कवियों को लगा जैसे जिंदगी से साक्षात्मकार हो गया। अपनी दूसरी कविता सियासत का रंग समाया है हर खूं में... के जरिए उन्होंने राजनीति पर चोट करते हुए इंसानियत का पाठ पढ़ाया। पटना से खुशबू ने सकपकाई सी जिंदगी... को पढ़कर समाज व खुद से डर का जीवंत चित्रण किया। मोतिहारी से रवि वर्मा ने भगवान मैंने देखा है... कविता का

पाठ कर गरीबों का भावपूर्ण चित्रण किया।

मंच के अध्यक्ष गौतम कुमार सरगम ने सुर्ख हरे पत्ते टूट जाएंगे एक दिन और मगही गीत मोरे घर अयथिन लक्ष्मण राम पाठ कर पटल को मोह लिया। उड़ीसा से सीताल जेना ने सुनो ना... और कौन हूं मैं... कविता पाठ कर मन की बात की। दिल्ली से अंकिता गर्ग ने दुनिया में दो तरह के लोग... कविता से लोगों को बहुत कुछ सोचने पर बाध्य कर दिया। दिल्ली से ही जुड़ी दीपिका जांगड़ा ने पुलवामा अटैक पर स्वर्ण अक्षरों से...कविता पाठ कर शहीदों की श्रद्धांजलि दी। मुजफ्फरपुर से शशि कुमार आंसू ने खुद के नशे में महुए सा टपक जाता हूं... कविता से प्रेम रस में पटल को भिंगोया। संचालन सह शायर प्रभाकर प्रभू ने आंख खोले हुए जो सफर में रहा, रास्ते में कहीं वो गिरेगा नहीं... जैसे शेर व गजल से छाप छोड़ी। अंत में मुकेश कुमार सिन्हा की विस्तृत समीक्षा और अध्यक्ष गौतम कुमार सरगम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जल्द से जल्द करें मामले का निष्पादन:डीएम केशव कुमार सिंह,दैनिक समाज जागरण औरंगाबाद

समाज जागरण औरंगाबाद (बिहार)

जिला पदाधिकारी, सौरभ जोरवाल द्वारा सोमवार को समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक कर सभी विभागों के साथ समीक्षा की गई। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा अपर अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि श्री अनंत कुमार, राजस्व कर्मचारी गोह के विरुद्ध प्राप्त शिकायत पर प्रतिवेदन अगले 24 घंटे में उपलब्ध करा दें ताकि दंड निर्धारण हेतु विभागीय कार्रवाई शुरू की जा सके। साथ ही सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत पर अविलंब कड़ी कार्रवाई की जाएगी एवं वरीय पदाधिकारियों के स्तर से भी पर्यवेक्षण का अभाव समझा जायेगा। ऐसा नहीं माना जा सकता कि कोई भी शिकायत प्रखण्ड, अनुमंडल, अपर समाहर्ता या उप विकास आयुक्त के स्तर पर न आकर सीधे जिला स्तर पर प्राप्त हुई है, जिस स्तर पर शिकायत प्राप्त हो उसका समाधान सीधे उसी स्तर पर हो जाना चाहिए।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों को कहा गया कि जिले की 29 पंचायत में जिला स्तरीय एससीए फंड से नव सृजित विद्यालय का निर्माण करवाया जा रहा है। सभी विद्यालय लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है। गत सप्ताह 2 विद्यालय का निरीक्षण हमारे द्वारा किया गया था एवं गुणवत्ता देखी गई थी। इस सप्ताह बुधवार एवं बृहस्पतिवार को इन सभी विद्यालय का संबंधित पंचायत जांच अधिकारी निरीक्षण अवश्य करें एवं प्रतिवेदन दें।

इसके अतिरिक्त जिले में 36 नए अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। जम्होर में एक 100 बेड के अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है। सदर अस्पताल में नई अस्पताल के लिए भवन बन रहे है। शहर में ही एक पैरामेडिकल इंस्टीटयूट का निर्माण कराया जा रहा है। इसका भी निरीक्षण क्षेत्र के पदाधिकारी अवश्य बुधवार को कर लें। जिला स्तर से भी उनकी प्रगति की समीक्षा क्षेत्र भ्रमण के दौरान की जाती है। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए लट्टा, करियांवा, पोइंवा में सीमांकन लंबित है जिसे शीघ्र पूर्ण कर लें।

जिले में 73 आंगनबाड़ी का जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है जिसका कार्य जारी है। मनरेगा के माध्यम से 23 आंगनबाड़ी केंद्र बन रहे है। इनका भी निरीक्षण क्षेत्र भ्रमण के दौरान कर लिया जाय। ओरा में आईटीआई का भवन बन रहा है। रफीगंज में नया प्रखण्ड भवन बन रहा है। वृहद आश्रय स्थल का निर्माण भवंडीह में जारी है। सनौरा में पीएसएस का कार्य जारी है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान इनका भी प्रतिवेदन उपलब्ध करवाया जाय। जिला स्तर से भी इनकी प्रगति की समीक्षा की जा रही है।

पुनः जिला पदाधिकारी द्वारा दोनो अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि भूअर्जन के मामलों के कारण विकास कार्यों की प्रगति नहीं रुकनी चाहिए। पुराने मामलों में एनएच2 का कार्य 8 वर्षों से रुका था और इसे अब पूर्ण कराया

जा रहा है। नासरीगंज पुल का अप्रोच का कार्य भी 6 साल से लंबित था अब पूर्णता पर है। मुफस्सिल जेल का कार्य भी लगभग 30 वर्ष पुराना है किंतु अब पूर्ण होने की स्थिति में है। बारुण नबीनगर रोड लगभग पूर्ण हो चुका है। बीआरबीसीएल और एनपीजीसीएल के लगभग मामले सुलझाए जा चुके है। रफीगंज इंजीनियरिंग कॉलेज पूर्ण हो चुका है। दानी बिगहा बस स्टैंड पूर्ण होने वाला है। डीएफसीसीआईएल का कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है। अब केवल एक पुराना मामला जिले में लंबित है। पुनपुन बैराज सुखाड़ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसमे केवल गेट लगाने से जल स्तर बढ़ाने का कार्य हो सकता है। पुनपुन बैराज के लिए सभी अभियंताओं से बैठक की गई है। इसे भी सभी मामले सुलझाते हुए पूर्ण करने का प्रयास हम लोगों के द्वारा किया जाना है। नए मामलों में भारतमाला प्रोजेक्ट, एनएच 98 एवं एसएच 101 के कार्य को भी समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

बुडको के कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि शहरी जलापूर्ति के शेष कार्य के लिए तकनीकी बिड पटना में खुल चुकी है। वित्तीय बिड़ खुलते ही इकरारनामा की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह कार्य बुडको पटना में ही लंबित है। नगर परिषद औरंगाबाद के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि जहां जहां समस्या है टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। आज से 15 टैंकर शहरी क्षेत्र में चल रहे है। जिला पदाधिकारी द्वारा दोनो अनुमंडल पदाधिकारी को जलापूर्ति के संपूर्ण पर्यवेक्षण के लिए कहा गया। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा सप्ताह में दो दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने एवम् एक दिन प्लास्टिक बैन के लिए अभियान चलाने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

प्रत्येक शनिवार भूमि विवाद के लिए थाना में कैंप का आयोजन किया जाता है। इसी प्रकार प्रत्येक बृहस्पतिवार प्रखण्ड में आवास योजनाओं की शिकायत के निपटान के लिए कैंप का आयोजन किया जाता है। जिला पदाधिकारी द्वारा आवास के कैंप का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा गया।

साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान को इसी सप्ताह प्रारंभ करने, ऊर्जा महोत्सव की तैयारी करने, सघन दस्त पखवाड़ा की समीक्षा करने, आपूर्ति के नए लाइसेंस की प्रक्रिया पूर्ण करने, संभावित सुखाड़ की तैयारी करने, वृक्षारोपण अभियान, विभागीय कार्यवाहियां पूर्ण करने, खनन छापेमारी, शराबबंदी छापेमारी, ईंट भट्ठा राजस्व वसूली, अमृत सरोवर के कार्य को पूर्ण करने इत्यादि के संबंध में इस सप्ताह प्रगति दशार्ने के लिए निदेशित किया गया साथ ही कहा गया कि इस सप्ताह समय समय पर सभी कार्यों की समीक्षा की जाएगी एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान भौतिक प्रगति को भी देखा जायेगा।

बैठक में अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण गोविंद चौधरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मंजू प्रसाद, जिला भू अर्जन पदाधिकारी मनोज कुमार, वरीय उप समाहर्ता सुजीत कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी नीलम मिश्रा, जिला योजना पदाधिकारी राजीव रंजन इत्यादि एवं सभी अभियंता उपस्थित थे।

विवादो में घिरे रहने की आदत सी है नरहट प्रभारी को,डाक्टरों ने डीएम से लगाया अभद्रता का आरोप।

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

नवादा: जिले के नरहट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ रामकुमार फिर से विवादों में हैं। उनपर सहयोगी चिकियस्कों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। डीएम से शिकायत की गई है। उन्हें हटाने की मांग की गई है। ऐसा नहीं होने पर कार्य करने में असमर्थता जताई है।

डॉ अनुज कुमार, डॉ विनोद कुमार, डॉ पवन कुमार, डॉ सोनम भारती, डॉ संजय मांझी, डॉ मो. ओबैदुल्लाह ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर डीएम को प्रभारी की कारगुजारियों से अवगत कराया है। शिकायत में कहा गया है कि 13 जुलाई को 2:30 बजे हम सभी चिकित्सकों के साथ अमर्यादित भाषा और असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया गया। ऐसी घटनाएं आम हो गई है। प्रभारी में ऐसे रवैये से उनके अधीन काम करना मुश्किल है। उनका आचरण ही ऐसा है। पूर्व में वारिसलीगंज में प्रभारी रहते इनपर गंभीर आरोप लगे थे। तब इन्हें प्रभारी के पद से हटाया गया था।

यह भी आरोप है कि खुद मुख्यालय में नहीं रहते हैं। रात्रि में तो कभी रहते ही नहीं हैं। ज्यादा समय निजी प्रैक्टिस में देते हैं। सीसीटीवी की

जांच में सबकुछ साफ हो जाएगा। चिकित्सकों ने उनकी प्रतिनियुक्ति को भी नियमों के विरुद्ध बताया है।

यह भी आरोप है कि सरकार का स्पष्ट आदेश है कि जिला स्तर पर किसी प्रकार की प्रतिनियुक्ति अवैध है। मूल पदस्थापन वाले स्थान से किसी चिकित्सक को सिविल सर्जन अपने स्तर से दूसरे स्थान पर प्रतिनियुक्त नहीं कर सकते हैं, लेकिन डॉ राम कुमार के मामले में सरकार के निदेर्शों का पालन नहीं किया गया। अप्रैल 22 में ही उनकी प्रतिनियुक्ति हुई है। चिकित्सकों ने उन्हें अविलंब हटाने और किसी वरीय चिकित्सक को प्राभारी बनाने की मांग की गई है।

शिकायतक ता चिकियस्कों ने नवादा लाइव को यह भी बताया गया कि नरहट में डॉ ओम प्रकाश डॉ रामकुमार से भी वरीय हैं, लेकिन उन्हे जानबूझकर खनवा में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है।

बता दें कि डॉ रामकुमार पूर्व मे वारिसलीगंज पीएचसी में पदस्थापित थे। आशा कार्यकताओं से पंगा के बाद उन्हें प्रभारी के पद से हटा दिया गया था। उनकी पत्नी को डॉ आरती अर्चना को वारिसलीगंज का प्रभारी बनाया गया था। अब नरहट में तैनाती के बाद नए विवादों में घिर गए हैं इन आरोपों पर प्रभारी का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी है।

नारदीगंज में रंजीत कुमार ने बीडीओ का पदभार ग्रहण की।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादा:-प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में सोमवार को नवपदस्थापित बीडीओ रंजीत कुमार ने पदभार ग्रहण की। साथ ही वितीय प्रभार भी ग्रहण किये।मौके पर निवर्तमान बीडीओ तान्या समेत अन्य मौजूद रहे। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर आपसी सहयोग से सरकार के कल्याणकारी योजनाओं योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने की नसीहत दी। इसके बाद प्रखंड कार्यालय में स्थित मनरेगा कार्यालय, कृषि, कार्यालय, आरटीपीएस काउंटर,अंचल कार्यालय समेत अन्य विभाग पहुंचे, और स्थिति की जानकारी प्राप्त किये।वे प्रखंड कार्यालय में 26 वें बीडीओ के रूप में पदभार ग्रहण किये हैं। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने पत्रकार वार्ता

में कही की सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं को पूरा किया जायेगा।सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को जनजन तक पहुंचाने का लक्ष्य है।पीएम आवास,स्वच्छता, मनरेगा योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ सभी को मिलें। सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व आम लोगों का सहयोग के बदौलत ही विकास संभव है। आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। नारदीगंज प्रखंड आदर्श प्रखंड बनें, यह मेरी प्राथमिकता होगी। मौके पर प्रखंड श्रम पर्वतन पदाधिकारी गौतम कुमार, बीएसओ ज्योति प्रकाश, पंचायत सचिव सत्येन्द्र पासवान ,पंचायत सचिव दिनेश कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

अंधविश्वास में चली गई जान

केशव कुमार सिंह, दैनिक समाज जागरण ,औरंगाबाद

परिजनों की लापरवाही से एक व्यक्ति की मौत हो गई। दरअसल सांप के डसने पर परिजन पहले तो उसे लेकर अस्पताल गए। लेकिन जब गंभीर स्थिति देख डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया तो परिजन अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़फूंक कराने के लिए चले गए। जहां वहीं पर उसकी मौत हो गई। घटना माली थाना क्षेत्र के सिमरा बधार की है।

मृतक की पहचान 45 वर्षीय केदार शर्मा के रूप में की गई। वो रविवार की देर रात शौच करने के लिए घर से बाहर गया था। इसी बीच एक विषैले सांप ने केदार को डंस लिया।

केदार भागते हुए घर पहुंचा और परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजन आनन-फानन में उसे स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया। इसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने भी उसे बाहर ले जाने की बात कही। इसके बाद परिजन उसे झाड़-फूंक कराने रोहतास जिले के तिलौथू लेकर चले गए,मौत होने के बाद पुनः वापस सदर अस्पताल लाया,जहां के डॉक्टर ने उसकी शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए नगर थाना पुलिस को भेज दिया।

बामसेफ एवं राष्ट्रीय मूलनिवासी संघ का हुआ अधिवेशन औरंगाबाद

केशव कुमार सिंह
दैनिक समाज जागरण

शहर के नागा बिगहा औरंगाबाद में बामसेफ एवं राष्ट्रीय मूलनिवासी संघ का 23 वा राज्य अधिवेशन की तैयारी के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रबोधन कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ । इस कार्यक्रम के उद्घाटन मनोज कुमार पाल सहायक आयुक्त वाणिज्यकर (औरंगाबाद) ने किया ।वही मुख्य अतिथि कमलेश पासवान योजना सहायक योजना विभाग (औरंगाबाद) के द्वारा किया गया इसके विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुही पंचायत के मुखिया मंजीत

यादव उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता बामसेफ के बिहार राज्य संगठन सचिव मा.राम प्रसाद राम, राज्यकर अपर आयुक्त (सारण) के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम के माध्यम से एससी एसटी ओबीसी एवं माइनॉरिटी के लोगो में जनजागृति बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम मे बामसेफ एवं इसके आपसुट संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डीएम नवादा ने आपदा पूर्व ओर आपदा बाद की तैयारी बैठक की।

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो(धर्म जीत सिन्हा)

नवादाः- उदिता सिंह जिला पदाधिकारी नवादा के अध्यक्षता में आज आपदा पूर्व और आपदा के बाद की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षात्मक बैठक हुई। उन्होंने जिला पशुपालन अधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, सिंचाई, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और अंचलाधिकारियो से फिडबैक प्राप्त किये। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक प्रखंडों में शिविर लगाने के लिए तीन-तीन स्थलों का चयन किया गया है। पशुओं के बेहतर ईलाज के लिए 11 प्रकार की दवाएं स्टोर की गयी है। पशुओं को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 18 स्थलों पर वाटर कैटल संचालित है। पशुओं के लिए भुसा भी स्टोर किया गया है। कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई मनीष कुमार ने बताया कि 193 नलकूपों में से 79 चालू है। एक सप्ताह के अन्दर और 09 नलकूप को चालू कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कचना मोड़ से कौआकोल के रास्ते में पईन उड़ाही/खुदाई का कार्य संतोष जनक नहीं हुआ है। इसको जॉच करने का निर्देश दिया गया। सहायक अभियंता रजौली ने बताया कि फलवरिया डैम्प में 15 फीट पानी है, जिसको सिंचाई के लिए किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। कोल महादेव डैम्प में पानी बहुत कम बचा है। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी,कुमार प्रदीप ने बताया कि प्रतिदिन वेसिक नम्बर 06324-210036 पर शिकायत प्राप्त हो रही है और तत्काल उसे निवारण करने का प्रयास किया जाता है। इसके अलावे प्रखंडों में भी हेल्पलाईन की सुविधा प्रदान की गई है।

कार्यपालक अभियंता आरसीडी को निर्देश दिया गया कि मंगर विगहा में क्षतिग्रस्त पुल के पास अविलम्ब डाईवर्जन बनाकर यातायात को सुगम

बनाना सुनिश्चित करें। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि जून माह में 45 प्रतिसत वर्षा कम हुई है। वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से रजौली एसडीओ आदित्य कुमार पियूष को निर्देश दिये कि राहत से तत्काल निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारी कर लें। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारी को निर्देश दिये कि पंचायत और वार्ड स्तर तक एक विशेष टीम बनायें जो पीडीएस के डाटा को वेरिफाई कर सूची तैयार करे। पीडीएस के पास सभी लाभुकों का एकाउन्ट नम्बर के साथ-साथ सभी आवश्यक सूचना रहती है। इसके माध्यम से तत्काल सभी परिवारों को आपदा से निपटने के लिए अपेक्षित राशि प्रदान की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंड अनुश्रवण समिति की बैठक सभी अंचलाधिकारी कर लें और जन प्रतिनिधियों को भी आपदा से निपटने के लिए की गई तैयारियों के संबंध में फिडबैक दें।

जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में उर्वरक की मांग 16 हजार मैट्रिक टन होती है। अभी 03 हजार मैट्रिक टन उपलब्ध है जिसका 03 विस्कोमान के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। पकरीबरावां विस्कोमान को पुनः चालू करने के लिए विज्ञापन करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य वितरण स्थलों पर पांउस मशीन को ठीक रखें और एक-एक अतिरिक्त मशीन की मांग करें। किसानों को यूरिया निर्धारित दर पर उपलब्ध कराने के लिए भी जिलाधिकारी ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित समय पर जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक बुलाना सुनिश्चित करें।

आज की बैठ में डॉ0 निर्मला कुमारी सिविल सर्जन, उमेष कुमार भारती अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, सुजीत कुमार आपदा प्रभारी, सत्येन्द्र प्रसाद डीपीआरओ, संतोष कुमार सुमन जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी कुमार प्रदीप के साथ सभी अंचलाधिकारी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।इस बात की जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

मकनपुर में श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न हुई बाबा यदुराम ठाकुर की पूजा अर्चना

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज प्रखंड मुख्यालय से दो किलोमीटर पश्चिम दक्षिण दिशा में सकरी नदी के दाएं केनाल के बगल अवस्थित मकनपुर गांव का जिले में अपना अलग पहचान है। उत्तम कृषि समेत शिक्षा एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्र में प्रखंड में अब्बल दर्जा प्राप्त है। गांव के मध्य मुख्य गली किनारे स्थापित भगवान विष्णु की वराह अवतार समेत तीन आदमकद मूर्तियां इसके ऐतिहासिक होने का प्रमाण प्रस्तुत करती है। 1980 के दशक में जिले के बरिष्ट पत्रकार सह साहित्यकार राम रतन प्रसाद सिंह रत्नाकर का गृह निर्माण को ले नीब की खुदाई के दौरान धरती के गर्भ से भगवान बिष्णु की तीनों मूर्तियां प्राप्त हुई थी। जिसे उक्त स्थान पर ही स्थापित किया गया है। तब से गांव की कृषि, शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति काफी सुदृढ़ हुई है। मकनपुर गांव में 30/40 घरों का एक मुहल्ला जिसका नाम संगतपर है। जो गांव से पश्चिम सकरी से निकली छोटी नहर के किनारे बसा है। उक्त मुहल्ले में ही स्थापित है बाबा यदुराम ठाकुर की पिंडी। परंपरा के अनुसार आज भी उनकी पूजा के बाद ही सम्पूर्ण मकनपुर ग्राम पंचायत में धान की रोपनी शुरू होती है। इससे पहले किसी भी परिस्थिति में धान की रोपनी करना गांव के लोग अशुभ मानते रहे हैं। वैसे तो बाबा यदुराम की पूजा अर्चना ग्रामीण सालोभर करते हैं। गांव का कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का शुभकार्य शुरू करने से पहले बाबा स्थान में पूजा जरूर करते हैं। गांव में शादी का बारात आने या फिर निकलने से पहले दूल्हे बाबा स्थान में पूजा अर्चना के बाद

विदाई किया जाता है।

नागपंचमी को पड़ता है घीः-वर्षो से गांव में एक परंपरा चली आ रही है। जिसके तहत प्रतिबर्ष सावन कृष्ण पक्ष की पंचमी यानि नाग पंचमी की शाम को बाबा यदुराम की विशाल पूजा(घी) का आयोजन पंचायत की समस्त आवादी जिसमें मकनपुर समेत लीलाबीघा, मसूदा, कोल्हाबीघा, भुआलचक तथा गोपालपुर के लोग पूजा में आर्थिक सहयोग कर शामिल होते हैं। पूजा के दूसरे दिन से सम्पूर्ण पंचायत में धान की रोपनी शुरू हो जाती है। इससे पहले किसान अपने नर्सरी को उखाड़ कर रोपनी वाले खेतो में पानी के साथ जुताई कर कादो तैयार रखते हैं। इस बार अभी तक समुचित वर्षा नहीं होने से किसानों में मायूसी के कारण उत्साह में थोड़ी कमी देखी गई।

कैसे होती है पूजाः-समस्त पंचायत के श्रद्धालु बाबा स्थान में पहुंच पूजा में शामिल होकर गांव इलाके की सुख समृद्धि की कामना करते हैं। इस दौरान खानापूर, चंडीपुर आदि गांवो के आमंत्रित ब्राह्मणों द्वारा पूजन सामग्रियों को तैयार कर ढाक बजवाते है। जिसपर बाबा का भगत झूमते हैं।(भगत का निधन हो चुका है इसलिए अभी बिना भगत के ही पूजा समापन होती है) बाद में प्रसाद के रूप में (दल) अरवा चावल लोगो के बीच वितरित किया जाता है। ततपश्चात दो बकरे की बलि दी जाती है। जिसका मिट प्रसाद के स्वरूप सम्पूर्ण गांव में वितरित होता है। परंपरा के तहत आज भी लीलाबीघा गांव के पशुपालक बाबा की पूजा में लगने वाला देशी घी मात्र महज कुछ पैसे किलो की दर से खुद पूजा स्थल पर पहुंचाते हैं। सोमवार को मकनपुर पंचायत के निवासियों द्वारा श्रद्धा भाव के साथ बाबा का पूजा आराधना किया गया। इसे लेकर बाबा की पिंडी का रंग रोगन के साथ ही रंग बिरंगे बलबो व डीजे से डेकोरेट किया गया। देर शाम शांति पूर्वक पूजा का समापन किया गया।

कल्याण मंत्री संतोष कुमार सुमन का बाघीबरडीहा में कार्यकर्ताओ ने कियो जोरदार स्वागत

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- बिहार सरकार के लघु जल संसाधन सह एससी-एसटी कल्याण मंत्री एवं हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन को सोमवार की दोपहर जमुई के खैरा जाने के क्रम में वारिसलीगंज प्रखंड के बाघी बरडीहा मोड़ पर रुकवाकर हिदुस्तानी आवाम मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह नप के बलबापर ग्रामीणे सनोज साव के नेतृत्व में ग्रामीणों व कार्यकताओं ने मालाएं पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया गया।

इस दौरान मंत्री ने अपने वाहन से उतरकर कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ होती है। राज्य और केंद्र सरकार के सरकार के कार्यकाल में विकास हो रहे विकास कार्यो की चर्चा कियो। इस दौरान पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रामवृक्ष मांझी, प्रखंड सचिव दीनदयाल भगत, वारिसलीगंज के पूर्व प्रखंड प्रमुख रामाशीष मांझी, संतोष मांझी, धीरज कुमार, भजन मांझी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। सबो ने मंत्री को पत्र देकर सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारु करवाया जाए।

चालीस लीटर अर्ध निर्मित शराब के साथ महिला गिरफ्तार

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के मसुदा गांव में छापेमारी कर चालीस लीटर अर्ध निर्मित देशी शराब के साथ महिला कारोबारी सुधीर चौधरी की पत्नी गीता देवी को गिरफ्तार किया है। हलाकि छापेमारी के क्रम में अर्ध निर्मित शराब को मौके पर नष्ट कर दिया गया। बाद में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार महिला को व्यवहार न्यायालय भेज दिया गया।

दूसरे के घर में घुस शोर शराबा कर रहा नशेड़ी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज उत्तर बाजार,देवी स्थान निवासी मोतीलाल के घर में घुस कर हल्ला कर रहे कदिरगंज थाना क्षेत्र के शादीपुर ग्रामीण अजय कुमार को सूचना बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने स्थानीय थानो में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा गया है, कि गिरफ्तार युवक नशे की हालत में मेरे घर में घुस कर हो हल्ला करने लगा। शांत करने के प्रयास पर मारपीट पर उतारू हो गया। इसी बीच सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना लाई। बाद में मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि की गई। ततपश्चात सोमवार को गिरफ्तार युवक को व्यवहार न्यायालय भेज दिया गया।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से स्कूली छात्रा की हुई मौत

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया शहर के सिटी स्थित ट्रैक्टर की चपेट में आने से उर्सु लाइन कॉन्वेंट की छात्रा हुई घायल इलाज के दौरान मौत। इस बाबत में बताया जा रहा है कि गांधीनगर निवासी संत कुमार की बेटी मौर्या प्रियाश्री रोजाना की तरह अपनी मां के साथ स्कूल से छुट्टी होने पर स्कूटी पर मां के साथ अपने घर आ रही थी इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी में टक्कर मार दिया जिसमें बच्ची

सड़क पर जा गिरी वही गिरने के बाद ट्रैक्टर उसके ऊपर चढ़ गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई वही स्कूटी चला रही मां को हल्की-फुल्की चोटें आई स्थानीय लोगों की मदद से उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सुख-समृद्धि एवं वर्षा के लिए 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन।

समाज जागरण

बाराचट्टी (गया) बाराचट्टी प्रखंड अंतर्गत बिंदा पंचायत के सलेमपुर गाँव मे सर्वसम्मति से गांव में स्थित शिव मंदिर में सुख-समृद्धि के लिए 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन शनिवार को ग्रामीणों की ओर से किया गया है। अखंड कीर्तन के दौरान मंत्रोच्चारण व विधिवत से पूजा-

अर्चना के साथ सीता राम नाम के जाप से आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया। बूढ़े-जवान व युवा सहित बच्चे भी हरि कीर्तन के रस में डूब गए। मौके पर हरि कीर्तन में एक से बढ़कर एक कलाकारों ने कई धुनों पर जय सियाराम, जय जय सियाराम का उच्चारण किया। हरि कीर्तन में आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

पुरोहित सलेमपुर ग्राम के भक्तगणों ने बताया कि मंदिर परिसर में गांव के सुख-शांति के लिए 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। वहीं अखंड हरिकीर्तन शुरू होने के पूर्व से पूरा मंदिर परिसर को विशेष साज-सज्जा की गई। मौके पर जितेंद्र कुमार कुणाल कुमार,रामजीत कुमार,रामबृक्ष प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

श्रावण मास के पहली सोमवारी के अवसर पर प्राचीन बुढ़वा महादेव स्थान मंदिर के प्रांगण में भजन कीर्तन का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

टेकारी(गया बिहार):- गया जिला के टेकारी अनुमंडल अंतर्गत प्राचीन बुढ़वा महादेव स्थान मंदिर में श्रावण मास के पहली सोमवारी के अवसर पर भक्तों व श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन का आयोजन किया ' इस अवसर पर प्राचीन बुढ़वा महादेव स्थान मंदिर के प्रांगण में ग्रामीण क्षेत्रों से भक्तो ने अपनी हाजिरी लगाते हुए भक्ति भजन एवं कीर्तन का आयोजन करते हुए आनंद लेते नजर आए ' उपस्थित लोगो ने

भगवान भोलेनाथ आधारित एक पर एक भजन का प्रस्तुति देते हुए भजन कीर्तन का आयोजन किया ' इस दौरान उपस्थित होने वालों में ग्राम मखपा, बेनीपुर, बाजितपुर, तेतरिया, निसुरपुर, रकसिया, पंचमहला, खैरा, आमकुमा, जगदार के भक्तो में रामाधार सिंह, लक्ष्मी पासवान, जितेंद्र सिंह, शिवबल्लभ मिश्र, बिनोद सिंह, राधामोहन सिंह, सतेंद्र सिंह, ग्रीश सिंह, ललन सिंह, संजय सिंह, सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल है '

नीम की टहनियां तोड़ने के दौरान बिजली के संपर्क में आने से अधेड़ की मौत, स्वजनों में कोहराम

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के दरियापुर रोड बायपास मोहल्ले की निवासी 50 वर्षीय अधेड़ शिवकुमार साव की विधुत स्पशार्घात से मौत हो गई। परिवार का एक मात्र कमाऊ सदस्य की मौत से स्वजनों में कोहराम मचने लगा, मृतक मूल रूप से शेखपुरा जिले के बरबीघा का निवासी था। जो करीब तीन दशक पहले वारिसलीगंज आकर बाजार स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप जुता चप्पल का दुकान चलाकर सपरिवार जीविकोपार्जन करता था।

कैसे घटी घटनाः-

मृतक शिवकुमार साव बहुत ही मृदुभाषी स्वभाव का व्यक्ति था। जो अपनी पत्नी समेत तीन पुत्रियों एवं दो पुत्रो का भरण पोषण, पढ़ाई लिखाई आदि का कारक एक गुमटी नुमा दुकान चला कर कर रहा था। सोमवार को नाग पंचमी की अल

सुबह परंपरा के अनुसार अपने घर में टांगने को ले नीम का पेड़ से टहनी तोड़ रहा था। इस दौरान पास से गुजरी हाई वोल्टेज की नंगी तार के संपर्क में आ गया। जब पेड़ से गिरा तब तक अचेत था। आनन फानन में स्थानीय लोगो ने इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी ले गया। जहां इलाज शुरू होते ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक के स्वजनों का रो रो बुरा हाल है। बताया गया कि मृतक वारिसलीगंज में रह कर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास गुमटी नुमा दुकान में चप्पल जूते की बिक्री करता था। जबकि दरियापुर रोड में सड़क किनारे अपना मकान बनाकर स्थायी रूप से बस गया था। मौत की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिये हैं। सावन की सोमवारी एवं नाग पंचमी के दिन हुए इस हादसे से मुहल्ले में शोक वयाप्त हो गया है।

चार चक्का वाहन की मांग पूरी नहीं होने पर टूट गई शादी,दी गई राशि लौटने से किया इंकार, प्राथमिकी दर्ज

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के खानापुर ग्रामीण श्यामसुंदर सिंह ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पूर्व से तय अपनी पुत्री की शादी को चार चक्के का वाहन की मांग पूरी नहीं होने से क्षुब्ध लड़के पक्ष द्वारा इंकार कर दिया गया। फलतः लड़की के स्वजनों द्वारा शादी के खर्च के नाम पर दी गई राशि आठ लाख नकद एवं छह भर सोना का जेवरात नहीं लौटने की बात कही है। दर्ज मामले में पीड़ित दादा ने कहा है कि अपनी पोती की शादी शेखपुरा जिला के अग्विल चाडे ग्रामीण आत्माचरण सिंह के पुत्र राहुल कुमार के साथ तय किया था। शादी खानापुर ग्रामीण टुनटुन सिंह के सहयोग से तय हुई थी। जिसके तहत उपहार स्वरूप छह भर सोने का आभूषण समेत दीवान पलंग, वाशिंग मशीन, सोफा, मोटरसाइकिल, फ्रीज आदि खरीदने के लिऐ आठ लाख रुपये नकद दिया गया था। कुछ दिनो बाद जब संबंधित गांव पहुच कर शादी की तिथि तय करने की बात कही गई। तो लड़के पक्ष में शामिल उनके पिता आत्मा चरण सिंह, उनकी पत्नी टुन्नी देवी, पुत्री अंशु देवी, तरुण देवी, छोटी देवी, दामाद उमेश सिंह आदि ने एक चार चक्के के वाहन की मांग करते हुए शादी करने से इंकारे`` कर दियो। शादी टूट जाने पर जब उपहार के लिए दिये गए राशि समेत आभूषण की मांग की गई तो वापस करने से इंकार कर दिया गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले को गम्भीरता से लेते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई नाग पंचमी पर्व

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में सोमवार को हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में नाग पंचमी का पर्व मनाया गया। इस दौरान लोग मौसमी फलों यथा आम और पका हुआ कटहल के साथ विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों को बना कर खाया। पर्व की अहले सुबह लोग नाग देवता (किसी भी विषैले जीव से रक्षा को ले) पूजा अर्चना किया गया। प्रसाद के रूप में नाग देवता को दूध एवं धान का लावा चढ़ाया जाता है। लोग सुबह में अपने घरो की साफ सफाई बाद नीम की पत्तियों से घरों के सजाते है। सावन माह के प्रथम पक्ष की पंचमी के दिन मनाए जाने वाले नागपंचमी पर्व नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड समेत काशीचक, पकरीबरावां पड़ोसी जिला नालंदा एवं शेखपुरा तथा लखीसराय से उतर बिहार के कई जिलों में नाग पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया जाता है । यहां के किसानों का मुख्य फसल धान है। धान के भरोसे ही किसान सालों भर की जरूरत को पूरा करते हैं। क्षेत्र में सावन माह में वर्षा होने व नहर में पानी आ जाने के बाद किसान धान रोपनी का कार्य शुरू कर देते हैं। परंतु इस बार अभी तक पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसान मायूस है। जबकि लेट वेराइटी के धान की रोपनी अब तक हो जानी चाहिए थी लेकिन वर्षा के अभाव में रोपनी प्रभावित हो रही है।

नागपंचमी को लेकर घर की महिलाएं अहले सुबहे अपने घरों की साफ सफाई के बाद नाग देवता को खुश करने के लिए धान का लावा और दूध चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। घरों को नीम पत्ती समेत छोटे छोटे डंठल को अपने घरों की दीवारों पर सजाया। जबकि अधिकांश लोग नीम की कोमल पत्तियों को पीस जूस बनाकर पिया एवं स्वजनों को पिलाया। कहा जाता है कि जो व्यक्ति नाग पंचमी की सुबह खाली पेट नीम पत्तियों का जूस पीता है। उसे किसी प्रकार का फोड़ा फुंसी नहीं होता है। साथ ही घरों को नीम के डंठलों से सजाने पर बरसात के दिनों में घर में विषैले सर्प बिच्छू प्रवेश नहीं करता है। मौके पर लोग अपने घरों में स्वादिष्ट व्यंजनों यथा पूड़ी, कचौड़ी, सेवई, आम तथा कटहल का कोवा समेते अन्य सामग्री बनाकर खुद खाया और अपने इष्ट मित्रो को भी खिलाया।

न्यायालय ने दुष्कर्मी को सुनाया सजा,दोषी करार।

अनिल कुमार मिश्र ब्यूरोचीफ
दैनिक समाज जागरण

औरंगाबाद (बिहार) 18 जुलाई 2022 :- व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एडिजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट ब्रजेश कुमार पाठक ने आज महिला थाना कांड संख्या 19/21 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधिन बंदी अभियुक्त राजू कुमार चदैली आंती गया जो वर्तमान में आवासीय मार्डन एकाडमी वार्ड नं 26 पटेल नगर दाउदनगर में हास्टल चलाता है को भा दं सं की धारा 376 और 4 पोक्सो एक्ट में दोषी ठहराया है स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त घटना के समय से ही जेल में बंद हैं और सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 27/07/22 निर्धारित किया गया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि आज से साल भर पहले अभियुक्त पर नाबालिग पीड़िता के चाचा ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा गया था कि अभियुक्त ने हास्टल में रहने के दौरान लगातार दो दिन नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म के घटना का अंजाम दिया था, तो पीड़िता हास्टल के बाहर सड़क किनारे अकेले खड़ी हो कर रो रही थी गश्ती कर रही पुलिस को नाबालिग छात्रा से घटना की जानकारी मिली तो पीड़िता को थाना लाकर न्याय के लिए कार्यवाही शुरू किया गया तथा परिजनों को सूचना दी गई और अभियुक्त को गिरफ्तारी की कार्यवाही शुरू किया गया

पूर्णिया पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का किया उद्भेदन

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया जिला के धमदाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित डकैती कांड का उद्भेदन करने के क्रम में पुलिस ने अपराधियों के घर पर किया छापेमारी जिस क्रम में एक मिनी गन फैक्ट्री का हुआ उद्भेदन ।जहां से 2 अवैध देसी कट्टा एक बंदूक एक पिस्तौल तीन जिंदा कारतूस एवं एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री के पाट्र्स के साथ तीन अपराध कर्मियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार। बताया जा रहा है कि धमदाहा थाना क्षेत्र में विगत 16 जून को हुए ट्रैक्टर लूट कांड मामले में पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान एवं साक्ष्य संकलन तथा छापेमारी के क्रम में अपराध कर्मियों की पहचान करते हुए राजीव राय पिता मोद राय को उनके घर धमदाहा स्थित अमारी कुकरौन से गिरफ्तार किया जिनके द्वारा स्वीकार किए बयान के बाद

डकैती में संलिप्त अन्य अपराधी कर्मि मिथिलेश कुमार मेहता को उसके घर धमदाह थाना क्षेत्र के चन्द्रही में छापेमारी किया जहां मिथिलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया वहीं तलाशी के क्रम में उनके घर से भारी मात्रा में अवैध हथियार एवं हथियार बनाने वाला सामान बरामद किया जबकि तीसरे अभियुक्त रवि रंजन यादव को उनके घर धमदाहा थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव से गिरफ्तार किया जिनके पास से एक देसी कट्टा तीन चक्र जिंदा कारतूस एक मैगजीन पुलिस ने बरामद किया तीनों अपराध कर्मियों को कानूनी कार्रवाई पूर्ण करते हुए पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

कुशवाहा कल्याण परिषद ने मनाया 39 वां स्थापना दिवस

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

कुशवाहा कल्याण परिषद पूर्णिया शाखा संगठन ने अपना 39वां स्थापना दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया । स्थापना दिवस समारोह से पूर्व परिषद का अपना कार्यालय के लिए जमीन में पहले भूमि पूजन करने के उपरांत परिसर में वृक्षारोपण किया गया ।उसके बाद द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। कुशवाहा कल्याण परिषद स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम का अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष ईङ्क सच्चिदानंद मेहता ने उद्देश्यो और भवन निर्माण कि योजनाओ पर विस्तार पूर्वक चर्चाए की । समारोह कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ सुरेश कुमार मेहता कर रहे थे ।मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित परिषद के संस्थापक सह संरक्षक श्याम बाबू कुशवाहा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद समाजिक कुरीतियों की समाप्ति के लिए कटिबद्ध है ।उन्होने प्रबुद्धजनों से अनुरोध किया कि सभी लोग अपने -अपने घरों में पूर्वजों का एक-एक तस्वीर अवश्य लगाए। इधर परिषद के स्थापना दिवस समारोह में सभी वरिष्ठ नागरिको एवं अध्यक्ष तथा संरक्षकों में सबसे पहले भू दाता टुनटुन प्रसाद मेहता ,संस्थापक सह संरक्षक श्याम बाबू कुशवाहा, मुख्य संरक्षक युगल किशोर महतों,पीएन सिंह, बिपीन बिहारी दास,डा राम शरण मेहता ,अगमलाल मेहता ,उपेंद्र मेहता को माला पहनाकर सम्मानित किया गया

,विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे समाजसेवी निरंजन कुशवाहा ने परिषद के भवन निर्माण के लिए पांच लाख रुपए अनुदान देने का आश्वासन दिया ।मौके पर परिषद संगठन के प्रथम सक्रिय संस्थापक सदस्य योगेन्द्र प्रसाद सिंह कुशवाह ने भी पच्चीस हजार रुपए का चेक परिषद के अध्यक्ष को समर्पित किया ।इसी मौके पर मेहता टोला स्थानीय निवासी समाजसेवी अगमलाल मेहता ने भी भवन निर्माण कार्य के लिए एकावन हजार रुपए अनुदान देने का आश्वासन दिया ।इस मौके पर स्मारिका पुस्तक 2022 का विमोचन किया गया ।इधर परिषद के मिडिया प्रभारी प्रदीप कुमार मेहता ने परिषद के पदाधिकारीगणों से अनुरोध किया गया कि सभी लोग अपने बातचीत के दोराण नमो बुद्धाय-नमो बुद्धाय का प्रयोग करें तभी हमारा समाज का विकास व आगे बढ़ेगा और शिक्षित होगा ।समारोह की सफलता में प्रमुख रूप से परिषद के सचिव अरबिंद कुमार मेहता ,संयुक्त सचिव रामनारायण मेहता ,संगठन सचिव सुमन कुमार मेहता ,प्रवक्ता सह अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, रघुनन्दन मेहता ,प्रायोजक प्रदीप कुमार सिंह, दिलीप कुमार मेहता ,शंभू प्रसाद सिंह,सुनील कुमार मेहता ,रमेश कुशवाहा ,रविंद्र मोहन मेहता, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मेहता , हरिमोहन विश्वास,पूर्व मुखिया दिनेश दास,कैदार सिंह कुशवाहा ,अशोक आनंद, अनुज कुमार सिंह, वरूण कुशवाहा ,मनोज कुमार मेहता,कमलेश्वरी प्रसाद मेहता ,अजय कुमार मेहता, बिक्रम कुमार मेहता,चंदन कुशवाहा , पप्पू राष्ट्रीय ,रोशन कुमार आदि का सहयोग रहा।

संज्ञा समिति गया धाम की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

दैनिक समाज जागरण

विश्वनाथ आनंद (गया मगध बिहार):- संज्ञा समिति गया धाम की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष जग नारायण पाठक की अध्यक्षता में डेल्हा स्थित कार्यालय में आहूत किया गया।बैठक में सर्व सम्मति से निम्नलिखित बिंदुओं पर निर्णय लिया गया ' उक्त जानकारी संस्था के गुप्तेश्वर पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहीं ' उन्होंने आगे कहा कि कार्यकारिणी के सदस्य अपने-अपने जिले के प्रखण्ड एवम जिले के संगठन के विकास के लिए कार्य करेंगे ' उन्होंने आगे कहा कि आवश्यकता अनुसार सभी सदस्य सहयोग करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कार्यरत सभी जिले एवम प्रखण्ड जिनकी कार्यावधि पूरी हो चुकी है, चुनाव कराकर नई समिति का गठन यथा शीघ्र कराने पर भी निर्देशित किया गया ' उन्होंने आगे कहा कि नाकारात्मक सोंच रखने वाले और

कार्यकारिणी के बैठक में बिना सूचना अनुपस्थिति रहने वाले सदस्यों से लिखित स्पस्टीकरण पूछने हेतु सचिव को अधिकृत करते हुए निर्देशित किया गया 'उन्होंने आगे कहा कि दिनांक24।07।2022 अगले रविवार को गया जिले की कमिटी के गठन हेतु बैठक कर गठन के लिए उपाध्यक्ष, रविशंकर ,राकेश एवम संगठन सचिव श्री मुकेश कुमार मिश्र को अधिकृत किया गया ' साथ ही उसी तिथि को औरंगाबाद जिले में भी बैठक कर विभिन्न प्रखंडों एवम जिला की नई कमिटी गठन के लिए जिला अध्यक्ष,सचिव कोअधिकृत किया गया।बैठक में कार्य कारिणी सदस्यों के अलावे जिले के सचिव भी उपस्थित रहे।

जहानाबाद राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को ले सचिव ने किया बैठक का आयोजन। नोटिस का तामिला कर कोर्ट व बैंक को सूचित करने का दिया सभी थाना प्रभारी को निर्देश

मगध की आवाज जहानाबाद से (बरुण कुमार)

जहानाबाद 13 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर सोमवार को स्थानीय जिला विधिक सेवा सदन के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अजय कुमार के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित थानाध्यक्षों को संबोधित करते हुए सचिव अजय कुमार ने न्यायालय एवं बैंक द्वारा जारी राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित नोटिस का तामिला

यथाशीघ्र करा कर सूचित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि न्यायालय में लंबित मामलों के पक्षकार को नोटिस का तमिला करा कर उनसे उनका मोबाइल नंबर प्राप्त करें। साथ ही बैंक श्रृण मामलों में पक्षकारों को नोटिस का तामिला करा कर उनका मोबाइल नंबर संबंधित बैंक पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं ताकि पक्षकारों को संबंधित न्यायालय एवं बैंक द्वारा सूचना देकर बुलाया जा सके और मामलों के निपटारे के लिए प्रेरित किया जा सके। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निपटारा हो सके ।उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले थानाध्यक्षों के रवैया पर असंतोष जाहिर किया। बैठक में एडिशनल एसपी नगर थानाध्यक्ष महिला थाना अध्यक्ष एस-एसटी थानाध्यक्ष करोना ओ पी प्रभारी कल्पा ओपी प्रभारी तथा कोर्ट हाजत प्रभारी उपस्थित थे।

आयकर सेमिनार में आयकर अधिकारियों ने टीडीएस के सभी प्रावधानों की दी पूर्ण जानकारी

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

जिला उद्योग केंद्र के सभागार में सोमवार को आयकार विभाग द्वारा एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में मुख्य रुप से टीडीएस के

विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत रुप से चर्चा की गई। सेमिनार में आयकर अधिकारी सुबोध कुमार राय, आयकर निरीक्षक राजकिशोर साह, वरीय कर सहायक नंदन प्रसाद मौजूद थे। श्री राय ने सेमिनार को संबोधित करते हुए बताया कि फाईनांस एक्ट-2021 में जोड़े गए 194द सेक्शन की जानकारी बेहद जरुरी है। इसमें 50 लाख रुपये से उपर के पेमेंट पर व्यापारी को 0.1 प्रतिशत टीडीएस काटना जरुरी है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया की जिस व्यापार के पास पैन कार्ड नहीं होगा उसके पेमेंट से 5 प्रतिशत टीडीएस के रुप काटना आवश्यक है। इस दौरान डीआईसी के कर्मियों द्वारा विभिन्न प्रकार के सवाल-जवाब भी अधिकारियों से किए। इस सेमिनार में जिला उद्योग केंद्र के जीएम सुशील कुमार सहित कर्मियों में प्रभु मंडल,मनीष कर्ण, दामोदर विश्वास आदि लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए।

जहानाबाद के रतनी नशे में धूत कार चालक ने मोटरसाइकिल में मारी ठोकर।

दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से वरुण कुमार

जहानाबाद रतनी फरीदपुर नशे में धूत कार चालक ने शकूराबाद बाजार में सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल में ठोकर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल

क्षतिग्रस्त हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार परसबिगहा थाना क्षेत्र के बसंतपुर निवासी संतोष कुमार अपना अपाची मोटरसाइकिल खड़ी कर शकूराबाद बाजार में समान खरीदारी कर रहा था कि अचानक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल मे ठोकर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि बसंतपुर निवासी संतोष के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज किया। वहीं चालक को ब्रेथलाइजर से जांच करने पर शराब की पुष्टि होने पर उत्पाद अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज कर चालक करणप्रभाकर ग्राम रकसिया को जेल भेज दिया गया। साथ ही कार को जप्त कर लिया गया है।

भागलपुर के युवाओं द्वारा एबीवीपी के छात्र नेता कुणाल पाण्डेय के समर्थन में जिला प्रशासन का पुतला फूंका।

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।

भागलपुर।पिछले 12 जुलाई को कुणाल पांडे के घर पर गजवा ए हिंद आतंकी संगठन के नाम पर एक पत्र मिला पत्र सर धड़ से अलग करने की बात कही गई जिसके बाद कुणाल पांडे ने अपने थाना में जाकर मुकदमा दायर किया उसके पश्चात भागलपुर के तमाम प्रशासनिक अधिकारी को इसकी जानकारी दी लेकिन अभी तक दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं की

गई आज भागलपुर के युवाओं द्वारा दोषियों पर अभिलंब कार्रवाई करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन का पुतला दहन किया गया।

वही सूर्य प्रताप और गौरव सिंह राजपूत ने कहा कि जिला प्रशासन को जब सभी विषय का जानकारी है तो अभी तक उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं किया अगर जिला प्रशासन से कार्यवाही नहीं होती है तो केंद्रीय एजेंसी से जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई किया जाए और ऐसे संगठनों को बिहार से उखाड़ कर फेंक आ जाए।

शशि रंजन ने कहा कि कुणाल पांडे को पत्र भेजने वाला दोषी एवं गजवा ए हिंद जैसे आतंकी संगठन पर जब तक कार्रवाई नहीं होता तब तक हम सभी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करते रहेंगे।

गौरव सिंह, चंदू राणा,लालू उपाध्याय, राजा, कृष्णा , कालू, बादल, आशीष, पौलु, शुभम, अंकित, राहुल, एवं अन्य युवा मौजूद थे।

आज साहब नहीं मिल सकते संडे है।

भागलपुर समाज जागरण /निभाष मोदी ।

एक मां ने पुलिसकर्मियों के पैर पकड़कर मिन्नतें की परंतु पुलिस वाले पर कोई असर नहीं दिखा

एक मां की 19 वर्षीय बेटी लापता हो गई है, मामला मसुदनपुर थाने में दर्ज कराया गया, इस पर कोई कार्यवाही नहीं होने के चलते परिजन एसएसपी के आवास पहुंचे, परंतु वहां से डांट डपट कर उन्हें भगा दिया गया

भागलपुर। फरियादी फरियाद लेकर थानेदार के पास या फिर वरीय पदाधिकारी के पास इस आशा से पहुंचते हैं कि मेरी फरियाद वह सुनेंगे और इंसाफ दिलाएंगे मेरी मदद करेंगे लेकिन कई दफे ऐसा देखा गया है उसे इंसाफ तो नहीं मिलता बदले में उसे आगे की तारीख मिलती है या फिर डांट डपट कर भगा दिया जाता है। ऐसा ही मामला देर रात वरीय पुलिस अधीक्षक बाबूराम के आवास के मेन गेट पर देखने को मिला। मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर मोहल्ले से 16 जुलाई को सुबोध कुमार निराला की 19 वर्षीय बेटी अपर्णा कुमारी सुबह घर से गायब हो गई। जिसके बाद परिजनों ने बच्ची की खोजबीन की और उसके बाद नहीं मिलने पर दोपहर में बच्ची के गायब होने की सूचना थाने को दी गई। जिसमें बच्ची को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप मोहल्ले के ही दीपक कुमार नामक युवक पर लड़की को भगाने का आरोप लगाया गया। लेकिन थाने में मामला दर्ज होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं होता देख लापता लड़की के माता-पिता और भाई युवती की बरामदगी की गुहार लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक बाबूराम के आवास पर देर शाम पहुंचे और यहां पर धरने पर बैठ गए। मधुसुदनपुर थाना प्रभारी और एक पदाधिकारी जब परिजनों को समझा-बुझाकर घर भेजने के लिए पहुंचे तब, लड़की की मां पुलिस वालों के पैर पकड़ कर अपनी बच्ची को वापस लाने की मांग करने लगी। वही पुलिस वाले पीछे हटते नजर आए। परिजनों का आरोप है कि थाने की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई और वरीय पुलिस अधीक्षक के दर पर पहुंचने पर भी गार्ड के द्वारा यह कहा गया कि आज संडे है आज साहब नहीं मिल सकते। वही घंटों बैठने के बाद जब मीडिया कर्मी वहां से हट गए तब पुलिस वालों ने वहां से परिजनों को डांट फटकार कर भगा दिया।तीन घंटे से भी अधिक समय तक वरीय पुलिस अधीक्षक के आवास के सामने धरने पर बैठने के बाद अब पुलिस एक मां को उसकी बेटी वापस लाकर देती है कि नहीं देखने वाली बात है।

सावन की पहली सोमवारी और नागपंचमी के अवसर पर सभी शिवालयों में भक्तों की उमड़ी भीड़।

भागलपुर समाज जागरण /प्रमंडलीय व्यूरो राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।

आज रवि योग में श्रद्धालु भोलेनाथ का किया जलाभिषेक, सुबह 4:00 बजे से ही शिवालयों के पट खुल गए थे

भागलपुर।सावन की पहली सोमवारी और आज नागपंचमी के अवसर पर भागलपुर व भागलपुर के आसपास शहर के बाबा वृद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर बुढ़ानाथ , शिव शक्ति मंदिर भूतनाथ मंदिर, पिपली धाम मंदिर, गोनूधाम , जागेश्वर नाथ मंदिर ,बाबा कुपेश्वर नाथ मंदिर, मनासकामना नाथ मंदिर , जेठौर नाथ मंदिर, बेहपुर नारायणपुर स्थित मड़वा के शिवालयों के अलावे सभी शिवालयों में सुबह चार बजे से ही भक्तों की भीड़ नजर आ रही है। बाबा को जल चढ़ाने के लिए भक्तों की भीड़ लगी हुई है। आज शिव भक्तों ने रवि योग में भोलेनाथ को जल अर्पित करते

दिखे। खासकर सावन मास के सोमवारी पर सभी शिव भक्तों की मान्यता है कि बाबा के पूजा अर्चना करने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है, और सावन मास के सोमवारी और नागपंचमी के अवसर पर बाबा को जल चढ़ाने का महत्व और भी ज्यादा हो जाता है। वही लोगों की मनोकामना पूरी होती है।दो साल से कोरोना के कारण जहां सावन के अवसर पर मंदिरों में पट बंद थे और भक्तों को पूजा करने पर भी रोक थी। लेकिन इस बार सरकार के द्वारा छूट दिए जाने के बाद मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ देखी जा रही है।

एबीवीपी ने जल्द पार्ट 2 एवं बीएड की परीक्षा लेने की मांग की।

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय / निभाष मोदी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विश्वविद्यालय संयोजक आशुतोष सिंह तोमर ने पार्ट 2 और बीएड परीक्षा जल्द लेने की मांग की।उन्होंने कहा कि पार्ट 2 और बीएड की परीक्षा स्थगित होने से हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन को जल्द से जल्द इसपर विचार करना चाहिए और नई तिथि जारी करनी चाहिए अन्यथा हजारों छात्रों का भविष्य खराब हो जायेगा।

बीएड के कई परीक्षार्थी सीटीईटी की परीक्षा पास कर चुके हैं और अगस्त माह के अंतिम में 7वे चरण की बहाली होनी है परीक्षा एवं रिजल्ट में विलंब होने के कारण ऐसे छात्र नौकरी से वंचित रह जायेंगे।

वहीं सेशन लेट होने के कारण पार्ट 3 की जगह अभी तक पार्ट 2 की ही परीक्षा होनी थी लेकिन अब विश्वविद्यालय द्वारा वो भी स्थगित कर दी गई है।

उन्होंने कर्मचारी संघ से भी अपील की कि छात्रों के भविष्य को भी ध्यान में रखा जाए और उसपर विचार किया जाए।

मारपीट के आरोप में तीन को जेल ।

नारायणपुर :---समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर ।

प्रखंड के नारायणपुर चौक से मारपीट के आरोपी नागो मलिक, अरविंद मलिक व बूचो मलिक को भवानीपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया ।भवानीपुर थानाध्यक्ष रमेश कुमार साह ने बताया कि तीनों को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया ।सूचना देनेवाले ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर थानाध्यक्ष को सूचना दिया ।गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में नवगछिया जेल भेज दिया गया।

सावन की पहली सोमवारी और नागपंचमी के अवसर पर बाबा ब्रजलेश्वर धाम मडवा में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़ ।

बिहपुर:---समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।

सावन की पहली सोमवारी और नाग पंचमी पर ब्रजलेश्वर धाम मडवा में उमड़ी भक्तों की भीड़ हजारों की संख्या में कांवरिया ने किया जल अर्पण

गंगा- कोसी के बीच प्रखंड के मड़वा गांव स्थित बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम में सोमवारी पर भोले नाथ और मां पार्वती को जलार्पण किया गया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किये गये थे।बिहपुर इंस्पेक्टर विनय कुमार और भूपेंद्र कुमार ने बताया की मेला क्षेत्र में पचास से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया हैं।वही सरपंच प्रतिनिधि मनोहर चौधरी ,पंसस विमल शर्मा, गोपाल चौधरी और आशुतोष चौधरी ने बताया मंदिर के गर्भगृह में अलग - अलग द्वार से प्रवेश कराया गया पुरुष और महिला की गर्भ गृह में जाने के लिए अलग व्यवस्था की गई है।मंदिर

में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था किया गया हैं.करीब 15से 20 हजार कांवरियों ने जल चढ़ाया हैं.मंदिर परिसर को सीसीटीवी से लैस कर दिया गया है. सोमवार की अहले सुबह तीन बजे से महादेव को जल चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो गया और देर शाम तक चलता रहा ।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना: खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक ऋणी किसान बैंक को 29 जुलाई तक दें फसल की सही जानकारी

दैनिक समाज जागरण
नूंह जुबैर खान

नूंह, 18 जुलाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान आगामी 31 जुलाई तक अपनी खरीफ की फसलों का बीमा करवा सकते हैं। इसके लिए किसानों को नाममात्र का प्रीमियम देना होगा। योजना को लेकर प्रशासन की ओर से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। डीसी अजय कुमार ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला में खरीफ मौसम की फसलों के लिए किसान 31 जुलाई तक बीमा करा सकते हैं। योजना के तहत कोई भी किसान अपनी फसल का बीमा करा सकता है। उन्होंने बताया कि पहले बीमा कराने की योजना ऋणी व गैर ऋणी किसानों के लिए अलग - अलग निर्धारित थी। जिसके तहत बैंक से ऋण लेकर खेती करने वाले किसान का बैंक, स्वयं पैसा काटकर उनकी फसल का बीमा कर देते थे। लेकिन अब सरकार ने उन किसानों के लिए भी इसमें छूट प्रदान की है। अगर किसान ने अपने खेत में बाजरे की बिजाई कर रखी है लेकिन गलती से दूसरी फसल का बीमा हो गया या करा लिया है। तो किसान संबंधित बैंक को फसल बदलने की सूचना 29 जुलाई तक अवश्य भेज दें ताकि बाद में बीमा क्लेम के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। उन्होंने जिला के किसानों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कई फायदे है। योजना के तहत आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि, जलभराव व अन्य प्राकृतिक कारणों से होने वाले नुकसान के लिए बीमित फसल का मुआवजा दिया जाता है। फसल नुकसान होने पर 72 घंटों के भीतर किसान को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को निर्धारित प्रारूप में फसल खराब होने की सूचना देना आवश्यक है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. प्रताप सिंह ने बताया कि खरीफ फसल का बीमा करने के लिए धान के लिए प्रीमियम राशि 1853 रूपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित है। इसी तरह बाजरे के लिए 872 रुपए प्रति हेक्टेयर, कपास के लिये 4495 रुपए प्रति हेक्टेयर, मक्का के लिए 927 रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित है। यह प्रीमियम राशि किसान को भरनी होगी। जबकि बीमित राशि धान के लिए 92,626 रूपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित है। इसी तरह बाजरे के लिए 45,588 रुपए प्रति हेक्टेयर व कपास के लिए 89,903 रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है। वहीं मक्का के लिए 46,314 रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित है।

वारसी कॉलेज पाण्डेयगंगौट के प्राचार्य ने कहा कि 21 जुलाई से शुरू होगा स्नातक कोर्स में नामांकन, ऑनलाइन आवेदन की जरूरत नहीं

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

नवादा :जिले के कौआकोल प्रखंड क्षेत्र में स्थित एकमात्र डिग्री कॉलेज वारसी महाविद्यालय, पाण्डेयगंगौट में स्नातक में नामांकन की प्रक्रिया शुरू का दी गई है। सत्र 2022-25 के लिए स्नातक कला,विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के सभी विषयों में 21 जुलाई से नामांकन शुरू होगा। महाविद्यालय प्रबंधन के सदस्य डॉ. बिपिन सिन्हा ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया मगध विश्वविद्यालय प्रशासन के आदेशानुसार ऑफ लाइन लिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की जरूरत नहीं है। इंटर पास छात्र-छात्राएं अपने प्रमाणपत्रों के साथ सीधे कॉलेज पहुंचे और नामांकन लें।

वारसी कॉलेज पाण्डेयगंगौट पहले आओ,पहले पाओ की तर्ज पर

नामांकन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कॉलेज परिसर में नामांकन के लिए सभी संकाय और विषयों के लिए अलग-अलग नामांकन काउंटर बनाया जा रहा है। बता दें कि राज्य सरकार से वारसी कॉलेज पाण्डेयगंगौट को स्नातक में कला, विज्ञान और वाणिज्य के सभी विषयों में स्थाई रूप से मान्यता मिली है। जिससे कौआकोल प्रखंड के छात्र-छात्राओं व अभिभावकों में काफी खुशी देखी जा रही है। लोगों का मानना है कि स्थाई मान्यता मिल जाने के बाद अब कौआकोल प्रखंड के छात्र-छात्राओं को नामांकन के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी तथा इस क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों को काफी सुविधा मिल सकेगी।

अजगैबीनाथ धाम मे पहली सोमवारी को लेकर लाखों शिव भक्तों ने कि शिवलिंग में पुजा अर्चना।

कोरोना काल के दो साल बाद शिव भक्तों का उमड़ा जनसैलाब, अजगैबीनाथ धाम से जल भरकर बैद्यनाथ धाम के लिए लाखों कांवरिया हुए रवाना

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।

भागलपुर सुलतानगंज के अजगैबीनाथ धाम में पहली सोमवारी को लेकर लाखों शिव भक्तों ने कि शिवलिंग मे पुजा अर्चना।बोल बम ,बाबा भोलेनाथ के जयकारों से मंदिर परिसर गंगा घाट सहित अजगैबीनाथ धाम हुये गुंजयमान।बिहार झारखंड सहित अन्य राज्यों के लाखों शिव भक्तों एंव कांवरियों ने शिव कि पुजा अर्चना करते हुये बोल बम के जयकारों के साथ देवघर बैजनाथ धाम के लिये हुये रवाना।इस दौरान बाहर से आनेवाले कांवरियों ने बताया कि कोरोना महामारी मे दो साल अजगैबीनाथ धाम में पुजा अर्चना नहीं कर पाये थे।इस बार श्रावणी मेला लगा हैं ।सावन का पहली सोमवारी होने पर अजगैबीनाथ धाम पहुच कर पुजा अर्चना किये हैं। बहुत ही खुशी मिल रही हैं।बाबा भोलेनाथ हम लोगों कि सारी मनोकामनाएं पुर्ण करते हैं।जो अजगैबीनाथ धाम से उत्तरवाहिनी गंगा जल लेकर बाबा बैधनाथधाम मे बाबा भोलेनाथ को जल चढाते हैं।

अजगैबीनाथ मंदिर के महंत प्रेमानंद गिरी ने बताया कि उत्तरवाहिनी गंगा होने पर बिहार झारखंड सहित अन्य राज्यों के शिव भक्त अजगैबीनाथ धाम मे पहुचकर मंदिर मे शिव कि पुजा करते हैं।सावन मास में शिव कि पुजा करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होते हैं।इसको लेकर अजगैबीनाथ गंगा घाट सहित मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी कडी कर दी गई ।किसी भी भक्तों को पुजा अर्चना करने मे कोई परेशानी न हो नगर परिषद द्वारा गंगा घाटों में बेरिकेटिंग एंव साफ सफाई अभीयान जोर शोर से की जा रही है।सुरक्षा बलो ने बताया कि थानाध्यक्ष लाल बहादुर के द्वारा मंदिर प्रागण ,गर्भ गृह सहित अन्य जगहों में सुरक्षा व्यवस्था के कडे इंतजाम किये गये हैं।गंगा घाट मे सीओ शंभुशरण राय द्वारा एसडीआरएफ कि टिम को लगाया गया हैं। कांवरिड़ों को किसी प्रकार कि परेशानी न हो इसके लिये जिला प्रशासन द्वारा जगह जगह सभी विभाग के अधिकारियों को नियुक्त किये गये हैं।इस दौरान तमाम विभाग के अधिकारी एंव पुलिस कर्मी मौजुद है।

तेजस्वी यादव के राष्ट्रपति चुनाव की पृष्ठभूमि में एक बार पुनः दिया गया बयान उनके मूल चरित्र और सोच का प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है :: रोहित पांडेय, जिलाध्यक्ष भाजपा भागलपुर।

भागलपुर समाज जागरण /निभाष मोदी।

आज बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने बयान से एक बार फिर अपनी छुद्र राजनीतिक मानसिकता अपनी परिपक्वता समझ और सिर्फ और सिर्फ स्वार्थ में आकंठ डूबे राजनीतिक समीकरण को ही साधने वाले परिवारवाद के ध्वजा वाहक के रूप में दिखे। तेजस्वी यादव ने राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू के विषय में कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को राष्ट्रपति भवन में एक राष्ट्रपति नहीं गुड़िया या रबड़ स्टांप चाहिए। तेजस्वी यादव आप राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू की तुलना अपने माताश्री से ना करें द्रोपदी जी को वर्ष 2007 में उड़ीसा विधानसभा का सर्वश्रेष्ठ विधायक सम्मान "नीलकंठ सम्मान" आपके कृपा से नहीं मिला था। उन्होंने राज्यपाल के रूप में जिस सफल दायित्व का निर्वहन किया है वह भी किसी से छुपा हुआ नहीं है। द्रोपदी मुर्मू जी का राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल तो सब कोई देख ही लेगा। क्योंकि वह महज नियत तिथि पर घोषित होने की औपचारिकता भर शेष है। लेकिन तेजस्वी यादव आपके बयान भी कोई पिछड़ा दलित, मुस्लिम, आदिवासी, मजदूर किसान जैसे शब्दों को सीढ़ी की तरह इस्तेमाल करता है और चुनाव जीतकर एक सम्राट, राजा, युवराज की तरह राजतंत्र का इस्तेमाल करता है। क्या आपने कभी सोचा कि मुख्यमंत्री के रूप में राबड़ी देवी की क्या पात्रता थी। मिशा भारती की कौन सी सामाजिक, राष्ट्रीय योगदान था। सिवाय इसे छोड़कर कि वह लालू यादव की पत्नी और बेटी भर है। आपकी पार्टी ने तो ए पी जे अब्दुल कलाम का भी विरोध किया था। आपने रामनाथ कोविंद को भी कहां छोड़ा था। आपकी परंपरा ही ऐसी है। आप सिर्फ सत्ता पर पहुंचने के लिए गरीब, पिछड़ा, दलित, मुस्लिम, आदिवासी, मजदूर किसान जैसे शब्दों का ढोल बजाते हैं। मजमा लगाते हैं और जब मौका आता है उसके निमित्त कुछ करने का तो आप उनसे अपनी दूरी वैसे ही बना लेते हैं जैसे वह आज भी अस्पृश्य हो और इसमें कोई शक नहीं रह गया है कथनी करनी में इतना भेज आपके दल के डीएनए में ही है। खैर आपको आपकी अपनी सीमित सोच के लिए बधाई। लेकिन मैं गांधी के उस व्यक्ति की पूर्णता पर प्रसन्न हूं। भले थोड़ा समय लग गया गांधी जी ने कहा था कि मैं चाहता हूं कि भारत का पहला राष्ट्रपति कोई महिला हो और वह भी दलित। द्रोपति मुर्मू जी के राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाकर एनडीए द्वारा इस वर्ष परने वाली गांधी जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

भारतीय जनता पार्टी हर उस अवसर पर जो वह समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति के लिए कुछ कर सकने में सक्षम रहे उसने बिना किसी राजनीतिक गणित को देखें सिर्फ और सिर्फ माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजन सबका साथ सबका विकास की अपनी प्रतिबद्धता के तहत हमेशा हमेशा कार्यरत रहे हमने श्री ए पी जे अब्दुल कलाम में सिर्फ मुस्लिम नहीं देखा महामहिम रामनाथ जी में सिर्फ दलित नहीं ढूंढा जब तक भारत का अंतिम व्यक्ति तक को यह भरोसा नहीं हो जाता कि भारत का गणतंत्र का अर्थ है भारत का

अंतिम व्यक्ति को यह भरोसा नहीं हो जाता कि भारत का गणतंत्र का अर्थ है कि भारत का राष्ट्रपति होने के लिए सिर्फ भारत की नागरिकता और अपनी योग्यता राष्ट्रीयता संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता पर्याप्त है किसी बड़े परिवार या खानदान का होना कोई शर्त नहीं है तब तक भाजपा इसी तरह कार्य करते रहेगी भाजपा अपने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नित्य नई ऊंचाई पर पहुंचने के लिए हृदय से उनके प्रति आभार प्रकट करता हूं।

जहानाबाद चित्रगुप्त सेवा संघ की बैठक में मंदिर के सौन्दीकरण पर हुई चर्चा।

दैनिक समाज जागरण
जहानाबाद से (बरुण कुमार)

जहानाबाद चित्रगुप्त सेवा संघ के जिलाध्यक्ष शशिकांत की अध्यक्षता में जिला कार्यकारणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मन्दिर के सौन्दीकरण हेतु कार्य में प्रगति की समीक्षा करते रहे हुए उन्होंने उपस्थित कार्यकारणी के सदस्यों को चित्रगुप्त पूजा तक सौन्दीकरण का कार्य पूरा करने की बात कही। इस दौरान कोषाध्यक्ष ने भी अपना कोष के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त कार्य के लिए घर पर जाकर चंदा संग्रह करें। बैठक में संजय डाला गया और तैयारी में जुट जाने का आग्रह किया।

बैठक में सयुक्त सचिव पवन कुमार, सचिव अंजनी कुमार, कोषाध्यक्ष रमेश प्रसाद, पूर्व महासचिव संजय कुमार सिन्हा, मीडिया संभाग के सभापति गप्पू, युवा संभाग के सभापति राकेश रौशन तथा वरिष्ठ सदस्य सुधीर कुमार उपस्थित हुए।

पटवारी व उसके सहायक को रिश्वत के आरोप में विजिलेंस ने दबौचा, मामला दर्ज

दैनिक समाज जागरण
नूंह जुबैर खान

जिला सतर्कता विभाग(विजिलेंस) विभाग ने तावडू तहसील के भाजलाका हल्का के पटवारी व उसके सहायक को एक किसान के भूमि संबंधी कार्य करने की ऐवज में 9000/-रू0 की घूस(रिश्वत) के आरोप में दबौचने में कामयाबी हांसिल की हैं। घटना के बाद तहसील व पटवारियों के कार्यालयों पर हडकंप सा मच गया। पुलिस ने आरोपियान के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सतर्कता विभाग के जिला निरीक्षक जयपाल ने सोमवार सांय बताया कि गांव बावला(तावडू) निवासी जाकिर पुत्र कमालूदीन ने उन्हें शिकायत देकर कहा कि गांव भाजलाका का पटवारी नरेन्द्र व उसका सहायक दलिप उसकी भूमि संबंधी कार्य करने की ऐवज में 9000/-रू0 रिश्वत की मांग कर रहा था कि किसान ने इस संबंध में उनसे सम्पर्क किया और बतौर डयूटी मैजिस्टेज्ट बीडीपीओ नूंह कुलदीप सिंह व उनकी टीम के सदस्य नरेश एएसआई, संजय एएसआई, एचसी योगेश, ईएसआई अमर सिंह को लेकर उपरोक्त पटवारी पर रेड डालने पर पटवारी व उसके सहायक को रंगे हाथ दबौच लिया। जांच अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सावन की पहली सोमवार को श्रद्धालुओं ने सोफा मंदिर पर किया जलाभिषेक।

समाज जागरण मोहम्मद आजाद

गौनाहा / प्रखंड अंतर्गत सोमवार को सावन की पहली सोमवारी को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। साथ ही पूजा-अर्चना भी की। इस अवसर पर प्रखंड के सभी शिवालयों को विशेष रूप से सजाया गया। सावन की पहली सोमवारी को सुबह से ही क्षेत्र के शिव मंदिरों में चहल-पहल शुरू हो गयी। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना भी की। सुबह से ही प्रखंड के सभी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की लंबी कतारे देखी गई।। बम-बम भोले और हर-हर महादेव के स्वर से अंबर गूंज उठा था । इसी बीच भक्तों ने मंदिरों में भगवान शिवलिंग पर दूध, जल, शहद और बेल पत्र चढ़ाया। प्रखंड के कई जगहों पर मंदिर के पास ही पूजन सामग्री की अस्थायी दुकानें सजी हुई थी। मंदिरों में बज रहे भजन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। सावन को लेकर ऐतिहासिक प्राचीन सोफा मंदिर में शिव के मंदिर में विशेष सजावट की गयी थी। और रात्रि के 12:00 बजे से ही श्रद्धालु भक्तों की भीड़ वहां उमड़ने लगी थी।

प्रधानाध्यापक के निधन से सभी हुए शोकाकुल।

समाज जागरण मोहम्मद आजाद

गौनाहा / प्रखंड़ के रघुवीर परियोजना प्लस टु विद्यालय से सेवानिवृत हो चुके शिक्षक पुर्व प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद की मौत हो जाने से क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। इसकी पृष्टी करते हुए उनके पुत्र मनीष प्रसाद ने बताया कि सोमवार को 11 बजे दिन मे उन्होंने अपने नीजी आवास पर अंतिम सांस लिया हैं। उनका अंतिम संस्कार भिखनाठोरी स्थित पंडई नदी के तट पर सोमवार की शाम को किया गया। रघुवीर परीयोजना प्लस टु विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्द तैयब ने बताया कि राजेन्द्र प्रसाद सन 2009 में प्रधानाध्यापक रहतें विद्यालय से सेवानिवृत हुए थें। विद्यालय में उनका अहम योगदान रहा हैं। उनके पढ़ाये बच्चे आज देश में अलग-अलग जगहों पर अपनी सेवा दे रहें हैं। उनके मौत से क्षेत्र के साथ-साथ उनके परिवार में मातम पसरा हुआ है।

श्रीमद्भागवत कथा का समापन आज

समाज जागरण

कथा का समापन मंगलवार को वार्ड नंबर तीन निवासी शिक्षक चंदन कुमार के आवास पर गत तेरह जुलाई से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया

जा रहा है। इसका समापन मंगलवार को होगा। यह जानकारी कथा आयोजक बिट्टू कुमार एवं सिट्टू कुमार ने दी।
आयोजक ने बताया कि यह कथा मौरा, जमुई निवासी शिक्षक पंडित अमियकांत झा उर्फ कन्हैया झा के नेतृत्व में हो रहा है।

नवादा जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करे सरकार : धीरेन्द्र

समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा :लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेन्द्र कुमार मुन्ना ने नवादा जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नवादा ही नहीं दक्षिण बिहार के अधिकांश हिस्सों में एक जैसी स्थिति है। बारिश नहीं हो रही है, ऐसे में धान की रोपाई शुरू नहीं हो पा रही है। बिचड़ा बचाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने सुखाड़ प्रभावित सभी जिले में किसानों के लिए डीजल अनुदान को दोगुना करने, किसानों का बिजली का बकाया बिल माफ करने की जरूरत है। इस संबंध में इन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर संबंधित सभी जिलों के किसानों के हितों को ध्यान में रखकर अधिकारियों की टीम से नुकसान का आकलन कराने फिर राहत सहायता देने की मांग की है। डीएम नवादा से भी बात कर सभी प्रखंडों से रिपोर्ट लेकर सरकार को भेजने का आग्रह किया है। इन्होंने कहा कि अनुपातिक वर्षा नहीं होना चिंता का विषय है।

बता दें कि सावन माह के 5 दिन बीत गए हैं, अबतक धान की रोपनी शुरू तक नहीं हो पाई है। पानी का संकट बना हुआ है। किसानों के लिए बिचड़ा बचाना मुश्किल हो रहा है। सभी नदी-नाला, ताल-तलैया, आहर-पोखर सूखा है। खेतों में दरारें पड़ी हुई है। किसान-मजदूर भीषण सुखाड़ की आशंका से परेशान है। आम तौर पर नवादा जिले में अबतक आधी रोपाई हो जाती थी।

जहानाबाद प्रथम सोमवारी को वाणावर में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक।

हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा वाणावर पहाड़ी एसपी दीपक रंजन ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार)

जहानाबाद सावन के पहली सोमवारी पर जिले के ऐतिहासिक वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। जानकारी के अनुसार रात्रि 12:00 बजे से ही

श्रद्धालुओं का पहुँचना शुरू हो गया था। वही हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा पहाड़ी इलाका गूंज रहा था। दूर-दूर तक श्रद्धालुओं की कतार दिख रही थी। हर किसी को बस यही इच्छा थी कि किसी तरह पहाड़ की अंतिम चोटी तक पहुंचकर बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में अपने हाथों से जलाभिषेक कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया जाए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसे लेकर मंदिर कमेटी से लेकर जिला प्रशासन पूरी तरीके से चौक चौकस था। प्रखंड से लेकर जिले के कर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात थे। वहीं एसडीपीओ सहित अन्य पदाधिकारियों ने रविवार की देर रात्रि तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सोमवार की अहले सुबह पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन खुद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे।

जीवन में सफल होने के छात्रों के पास डिग्री साथ ही कार्य कुशलता भी आवश्यक

समाज जागरण मुरारी झा

दरभंगाः- ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की स्थापना के स्वर्ण जयंती समारोह- 2022 के उपलक्ष्य में आज क्विज, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता से पांच दिवसीय समारोह का शुभारंभ हुआ, जिसमें प्रधानाचार्य डा अनिल कुमार मंडल, आयोजन समिति के संयोजक प्रो मंजू राय, कार्यक्रम- प्रबंधक डा आर एन चौरसिया, सदस्य डा रीना कुमारी, डा शैलेंद्र श्रीवास्तव, डा सुरेंद्र भारद्वाज, डा रजनी सिंह, प्रो अखिलेश कुमार राठौर तथा डा सऊद आलम के साथ ही डा आशीष कुमार बरियार, डा शशांक शुक्ला, डा रामबाबू चौपाल, सत्यम व अमरजीत कुमार सहित 100 से अधिक प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।
अपने उद्घाटन संबोधन में प्रधानाचार्य डा अनिल कुमार मंडल ने कहा कि यदि छात्रों में सीखने की प्रवृत्ति हो तो वे जीवन में हमेशा सफलता प्राप्त करते रहेंगे। उन्हें पढ़ाई के साथ ही अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए, ताकि उनके व्यक्तित्व का निरंतर विकास हो सके और आत्मविश्वास के साथ ही उन्हें पहचान भी मिल सके। प्रधानाचार्य ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए छात्रों के पास सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि कार्य कुशलता भी आवश्यक है। जो व्यक्ति कुशल हैं, वे बेरोजगार नहीं हो सकते। कार्यकुशलता सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान से ही नहीं, बल्कि लगातार अन्य गतिविधियों में भाग लेने से प्राप्त होती है। महाविद्यालय में प्रतियोगिताएं, खेलकूद, सामाजिक

व सांस्कृतिक कार्यक्रम इन्हीं उद्देश्यों से आयोजित की जाती हैं।
आयोजन समिति के संयोजक प्रो मंजू राय ने कहा कि पढ़ना, लिखना, सुनना तथा बोलना सभी पढ़ाई के महत्वपूर्ण अंग हैं। प्रतियोगिता के साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास भी होता है और उनका भावी जीवन भी सफल हो जाता है।
कार्यक्रम प्रबंधक डा आर एन चौरसिया ने आगत अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उनका हौसला अफजाई किया और कहा कि प्रतियोगिता में कोई हारता नहीं है, बल्कि कोई जीतता है तो कोई सीखता है।
इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अंबिका रश्मि- प्रथम, सफीना महफूज- द्वितीय तथा राहुल प्रियदर्शी व समसुद्दीन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में विवेक कुमार- प्रथम, सिमरन व राहुल कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा राहुल प्रियदर्शी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि क्विज प्रतियोगिता में उत्कर्ष मिश्रा- प्रथम, दिव्यांशु कुमार सिंह- द्वितीय तथा जय प्रकाश कुमार साहू व अमन कुमार झा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें दिनांक 31 जुलाई को समारोह के समापन के अवसर पर प्रमाण पत्र तथा मेडल आदि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

शिवालयों में जलाभिषेक के लिए लगी रही भक्तों की भीड़ ,बोल बम का जयकारा से गूंजता रहा शिवालय

उपवास रखकर भक्तों ने किया भगवान शिव की आराधना शिवालयों में पुलिस प्रशासन भी रही सक्रिय

समाज जागरण अररिया।

सावन माह के पहला सोमवारी के मौके पर शिवालयों में भक्तों की जलाभिषेक के लिए काफी भीड़ देखी गई. श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र, गाय का दूध, गुड़, फल सहित भांग व धतूरे के पौधे व उसके फूल को चढ़ा कर मन्नतें मांगी. साथ ही शिव मंदिर बोल बम व हर- हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान होता रहा. शिवमंदिरों में घंटियों की ध्वनि लगातार प्रवाहित हो रही थी. शंख फूंके जा रहे थे.सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ इस कदर उमड़ी थी कि किसी प्रकार श्रद्धालु शिव मंदिर में पहुंच कर पूजा अर्चना कर पा रहे थे. शिव मंदिरों में महिलाओं की खासी भीड़ देखी गई. पहले सोमवारी के अहले सुबह से ही स्नान ध्यान कर फूल- प्रसाद व भोला जी के खास चढ़ावा बेलपत्र, भांग, धतूरे के पौधे एकत्रित कर शिवालयों पहुंच कर भगवान शिव को चढ़ाया. यह सिलसिल वैसे तो पूरे दिन चलता रहा. शिव भक्तों ने भगवान शिव से विभिन्न मन्नतें की कामना करते हुए भगवान शिव को जलाभिषेक किया. मंदिरों में शिवलिंग पर बेलपत्र, गाय का दूध, गुड़, फल सहित भांग व धतूरा के पौधे व उसके फूल को शिवलिंग पर चढ़ाया. जब कौ अधिकांश भक्तों ने उपवास रख कर भगवान शिव का आराधना किये.शहर के बाबा खड्गेश्वर नाथ शिव मंदिर, ठाकुर बाड़ी, माता स्थान शिव मंदिर, पीडब्ल्यूडी शिव मंदिर, खरैया बस्ती बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर सहित आदि शिवालयों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक किये. बताया जाता है कि महिला श्रद्धालुओं की खासा भीड़ इन मंदिरों में थी. मंदिरों में श्रद्धालु बड़ी ही निष्ठा से भगवान शिवे की पूजा में व शिवलिंग की पूजा अर्चना कर रहे थे. श्रद्धालु शिवलिंग को विधि अनुसार पूजा कर रहे थे. शिवलिंग पर जलाभिषेक उपरांत, दूध, गुड़ सहित अन्य प्रसाद व पुष्प व बेलपत्र से शिवलिंग पर चढ़ाया. इधर पंडितों के अनुसार मंदिर के अलावा भी सावन के पहला सोमवारी के अवसर पर भक्तों ने अपने-अपने घरों पर भी भगवान शिव की पूजा अर्चना पंडितों के द्वारा कराया. जबकि पहला सोमवारी के मौके पर बाजारों में भी काफी भीड़ देखी गई .बाजारों में खासकर फलों की खरीदारी खूब होती रही.

टीकाकरण को लेकर वंचितों के घरों पर दस्तक दे रहे स्वास्थ्यकर्मी

बढ़ते संक्रमण के मामलों के बीच बेहद जरूरी है पूर्ण टीकाकरण टीकाकरण संबंधी लक्ष्य प्राप्ति को लेकर टीकाकरण को बनाया गया जनसुलभ

समाज जागरण अररिया।

जिले में कोरोना संक्रमण का मामला फिर तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को जिले में संक्रमण के 09 नये मामले सामने आये। इसके साथ ही जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़ कर 62 हो गयी है। जुलाई महीने में अब तक संक्रमण के 78 नये मामले मिले हैं। इसमें 16 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। संक्रमित शेष मरीज होम आइसोलेशन में इलाजरत हैं। बढ़ते संक्रमण के मामलों के बीच जिले में संक्रमण प्रसार की दर बढ़ कर 0.20 हो चुकी है। बढ़ते संक्रमण के मामलों को देखते हुए जिले में कोरोना संबंधी जांच व टीकाकरण में तेजी लाने की कवायद जारी है। निर्धारित डोज से वंचितों के टीकाकरण के लिये कर्मी चिह्नित लाभुकों के घर पहुंच रहे हैं। वहीं समय-समय पर विशेष अभियान संचालित करते हुए अधिक से अधिक लोगों के टीकाकरण का प्रयास भी जिले में जारी है।

जनसुलभ है टीकाकरण की प्रक्रिया :

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि टीकाकरण संक्रमण के खतरों से बचाव का आसान जरिया है। सरकार द्वारा हर आयु वर्ग के लोगों को निःशुल्क टीका का निर्धारित डोज लगाया जा रहा है। टीकाकरण की प्रक्रिया को सुलभ बनाने के लिये विभिन्न स्तरों पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। हर घर दस्तक अभियान में योग्य लाभुकों के घर पहुंच कर टीकाकर्मी वंचितों को टीकाकृत करने के प्रयास में जुटे हैं। जो बेहद कारगर साबित हो रहा है।

निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में अग्रसर हैं हम

डीपीएम स्वास्थ्य रेहान अशरफ ने बताया कि पूर्व में जिले में संचालित पल्स पोलियो अभियान के क्रम में आशा, एएनएम व संबंधित क्षेत्र की सेविका के माध्यम से क्षेत्र में टीकाकरण से वंचितों की सूची तैयार की गयी है। इसके आधार पर स्वास्थ्य कर्मी वंचितों के घर पहुंच कर उनका टीकाकरण सुनिश्चित कराने के प्रयास में जुटे है। वैसे इलाके जहां लोगों में अब भी टीकाकरण को लेकर हिचकिचाहट है। वहां तत्काल रेपिड रिस्पोंस टीम पहुंच कर लोगों को समझा कर टीकाकरण के लिये राजी करने के प्रयास में जुटी है।

प्रीकॉशन डोज की उपलब्धियों में सुधार की हो रही कवायद

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि जिले में निर्धारित लक्ष्य 22.54 लाख लाभुकों में 18.11 लाख लाभुक टीका का पहला डोज ले चुके हैं। वहीं टीके के दूसरे डोज के योग्य 17.93 लाख लाभुकों में 15.10 लाख लाभुक ने दूसरी डोज का टीका लिया है। 12 से 14 साल के 1.56 लाख लाभुकों के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 65 हजार 141 लाभुक ने टीका का पहला व दूसरे डोज के योग्य 63 हजार लाभुकों में 35 हजार 301 लाभुक ने टीका का दूसरा डोज नहीं लिया है। इसी तरह प्रीकॉशन डोज के ड्यू लाभार्थी की संख्या जिले में 01 लाख से अधिक है। इसमें सुधार को लेकर विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

भक्तो का लगा तांता,जयकारे से गुजा शिवालय।

पीरपैंती समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय।

आज श्रावण मास-प्रारंभ के प्रथम सोमवारी पर शिव-भक्तों की भक्ती और श्रद्धा प्रातः कालीन से ही देखने को मिल रही है, कहीं भक्तगणों की जलाभिषेक के लिए मंदिरों में कतार लगी हैं तो कहीं-न-कहीं हर मंदिरों में हर-हर महादेव की नारा का जयघोष हो रहा है । हरिन्द्रानन्द भाई की शिव-गुरु-प्ररम्परा से जुड़े गुरु भाई-बहनों को शिव-गुर-परिचर्चा करते प्रायः शिव-मंदिरों में देखा गया । "श्री हरिहर मंदिर-परिसर,ईशीपुर " में शिव-परिचर्चा के दौरान डी-एल-एस0 शिक्षा महाविद्यालय के प्रो0 डॉ0 योगेश कौशल ने कहा कि "शिव का अर्थ होता है 'कल्याण', शिव कल्याणकारी हैं, देवों के देव महादेव हैं, गुरुओं के गुरु, जगत-गुरु हैं, अनाथों के नाथ शिवनाथ हैं,दया के सागर हैं, दुनिया इनकी दया पर चलती है । गुरु-स्वरप में अज्ञानता के अंधकार से निकालकर अन्तस्थ में ज्ञान का ज्योतिर्मय दीप जला देते हैं, ऐसे गुरुओं के गुरु को मेरा शत-शत नमन !"
उक्त अवसर पर सर्वश्री राजा सिंह, अजय ताँती, सोनू सिंह, वीरू ताँती, गीता देवी, शकुन्ती देवी, नीलम देवी,

विमला देवी, बेबी देवी आदि ने शिव-गुरु-भजनों एवं शिव-परिचर्चा से शिव का गुणगान और अह्वान किया । उपस्थित शिव-श्रद्धालुओं ने सुर में सुर मिलाकर अपनी भक्ति का परिचय दिया ।

जमुनिया राम जानकी मंदिर मे प्रगतिशील बाल विकास केंद्र का हुआ उद्घाटन।

समाज जागरण मोहम्मद आजाद

गौनाहा / प्रखंड के जमुनिया पंचायत अंतर्गत रामजानकी मंदिर स्थित सोमवार को प्रगतिशील बाल विकास केंद्र का उद्घाटन स्थानीय पंचायत के उपमुखिया विनय कुमार गौरो ने फीता काटकर किया । मौके पर संस्था के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पंचायत कोर्डिनेटर ,दीपू कुमारी, दोमाठ से प्रेमा कुमारी, सिठी से चांदनी कुमारी, महूई से करिश्मा कुमारी, धामौरा से चंचला कुमारी, धनौजी से प्रिंसा कुमारी, मटियारिया से कमु कुमारी को नियुक्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया गया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने सेविका और सहायिका के साथ केंद्र परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया गया । गांव में बाल विद्यालय केंद्र स्थापित होने से ग्रामीणों और बच्चों

के बीच उत्साह का माहौल देखा जा रहा है । प्रखंड कोर्डिनेटर ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से 20 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करते हुए उसके लिए पोषाहार की व्यवस्था भी किया गया है । उन्होंने बताया कि प्रगतिशील बाल विकास संस्थान के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में अबतक 34 केंद्रों की स्थापना की गई है । संस्थान के द्वारा सभी गांवों में विद्यालय केंद्र खोलने की योजना है , ताकि सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप बच्चों के शैक्षणिक व मानसिक विकास को बल दिया जा सके । मौके पर रामनगर संस्थान के प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण, गौनाहा प्रखंड अध्यक्ष के इंगलाल शर्मा व राकेश चेरी, स्थानीय पंसस विवेक कुमार, मधुलेश कुमार आदि मौजूद थे ।

मनिहारी से गंगाजल भरकरे सैकड़ों भक्तों ने बाबा खड्गेश्वरनाथ व ठाकुरबारी में किया जलाभिषेके

सैकड़ों की तादाद में बाइक से मनिहारी के लिए रवाना हुए थे भक्तगण

समाज जागरण

विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महा काली सह बाबा खड्गेश्वर नाथ शिव मंदिर से सोमवार की सुबह सैकड़ों बाइक बम मनिहारी के लिए रवाना हुये. सभी शिव भक्तों ने मनिहारी से जल भर कर बाबा खड्गेश्वर नाथ व अररिया नाथ भोले बाबा जलाभिषेक किया. सैकड़ों की तादाद में मनिहारी गये बाइक बमों ने मनिहारी स्थित गंगा से जल भरकर अररिया शिवालयों में जलाभिषेक किया. इस दौरान भक्तों ने बोल बम व हर -हर महादेव के नारे भी खूब लगाते रहे. भक्तों में भी काफी भक्ति का उत्साह देखा गया. इस आयोजन को सफल बनाने के लिए दर्जनों की भक्तों ने पूर्व से ही तैयारी कर चुके थे. इधर वार्ड पार्षद सुमित कुमार छोटू, , उदय प्रताप ठाकुर ,रोशन कुमार ने बताया कि यह आयोजन दो वर्षों से होता आ रहा है. हालांकि पिछले वर्ष कोरोना वायरस को लेकर बाइक यात्रा नहीं निकली थी. आयोजन को सफल बनाने के लिए कई दिन पूर्व से तैयारी की गई थी. इस कारणे सैकड़ों की तादाद में बाइक बम ने भाग लिये. सभी शिव

भक्तों ने सोमवार की सुबह मनिहारी के लिए रवाना हुए. मनिहारी से जल भरकर अररिया शिवालयों में भगवान शिव को जलाभिषेक किया.इधर मां खड्गेश्वरी के साधक नानू बाबा ने बताया कि यह आयोजने दो वर्षों से अररिया के भक्तों के द्वारा किया जा रहा है. इसमें सभी भक्त बाइक से मनिहारी जाते हैं. मनिहारी से गंगाजल भरकर बाबा खड्गेश्वरनाथ को जलाभिषेक किया जातो हैं. इस दौरान सभी भक्तगण एक ही रंग भगवा रंग में रंगे थे. कावड़ यात्रा में भक्तों के द्वारा सेल्फी लेने की भी हो और काफी लगी रही. मौके परे मनोज शर्मा, सुनील कुमार, छोटू कुमार, शुभम कुमार चौधरी, धनंजय कुमार, राहुल यादव, दिलीप पासवान ,नन्ही, राजीव शर्मा, भानु जयसवाल, सुशील कुमार, राजा पासवान,सुमित कुमार, राजीव शर्मा, संतोष गुप्ता, धीरेंद्र कुमार, गौरव कुमार ,राजा कुमार, राजू यादव, कैलाश साहनी, अमित कुमार, अभय श्रीवास्तव सक्रिय दिये.

सब मिलकर दीक्षांत समारोह को सफल बनाएं : कुलपति

समाज जागरण मधेपुरा।

दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय का सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम की सफलता में सबों का सहयोग आवश्यक है।
यह बात कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण ने कही। वे सोमवार को विश्वविद्यालय के कुछ पदाधिकारियों एवं सभी कर्मचारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।
कुलपति ने कहा कि हमें दीक्षांत कार्यक्रम को शानदार एवं यादगार बनाना है। विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा पर ही हमारी प्रतिष्ठा निर्भर है।
कुलपति ने बताया कि वे की महिनों से दीक्षांत समारोह की तिथि निर्धारण हेतु प्रयासरत थे और इसके लिए उन्होंने अपने योगदान के साथ ही राज्यपाल सह कुलाधिपति को प्रस्ताव भेजा था। लेकिन वर्ष 2020 एवं 2021 में कोरोना महामारी के खतरों के कारण समारोह का आयोजन नहीं किया जा सका। खुशी की बात है कि लंबे प्रयास के बाद विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरांत कुलाधिपति फागू चौहान ने चतुर्थ दीक्षांत समारोह के लिए 3 अगस्त, 2022 की तिथि निर्धारित करने की कृपा की है।
कुलपति ने बताया कि इसके पूर्व विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत कार्यक्रम 29 जून, 2016 को, द्वितीय 23 दिसंबर, 2018 को और

तृतीय दीक्षांत 17 दिसंबर 2019 को हुआ था। सौभाग्य की बात है कि चतुर्थ दीक्षांत समारोह तीन अगस्त को निर्धारित है।
बैठक में विभिन्न समितियों में आवश्यकतानुसार कई नाम जोड़े गए। सभी समितियों को सभी निर्धारित कार्यों को ससमय पूरा करने का निदेश दिया गया।
इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, निदेशक अकादमिक डॉ. एम. आई. रहमान, उपकुलसचिव अकादमिक डॉ. सुधांशु शेखर, सामान्य शाखा के प्रशाखा पदाधिकारी चंद्रकिशोर गुप्ता, विधि शाखा के प्रशाखा पदाधिकारी डॉ. राजेश्वर राय, कुलसचिव के निजी सहायक राजीव कुमार, अखिलेश्वर नारायण, बिमल किशोर बिमल, हीरेंद्र कुमार, पृथ्वीराज यदुवंशी, डॉ. संजीव कुमार, अभिनंदन चौधरी, सिद्धु कुमार, सीएस पांडेय, शशांक कुमार, नरेंद्र कुमार, संतोष कुमार, राजेश कुमार, बबलू कुमार, कमल किशोर ठाकुर, विमल कुमार, घनश्याम राय, राजकुमार, अवनीत कुमार, वैभव कुमार, रवीन्द्र कुमार, डॉली कुमारी, प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित थे।

नवविवाहिता आज से कर रहे है मधुश्रावणी व्रत।

भागलपुर /नवगछिया समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /पुरुषोत्तम ठाकुर।

मिथिलांचल के लोक पर्व में सुहाग का अनोखा पर्व मधुश्रावणी व्रत श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि सोमवार से शुरू हो गया है । यह पर्व पूरे 14 दिनों तक चलेगा यानी 18 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा इस पर्व में मिथिला की नवविवाहिता अपने पति की दीघार्यु के लिए माता गौरी एवं भोलेनाथ की पूजा करते हैं !पूरे 14 दिनों तक चलने वाला यह व्रत बिना नमक का भोजन ग्रहण किया जाता है। इस पूजा में पुरोहित की भूमिका में भी महिलाएं ही रहती है। इस अनुष्ठान के पहला और अंतिम दिन वृहद विधि विधान से पूजा होता है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि इस दौरान माता पार्वती की पूजा का विशेष महत्व होता है। पूजा के माध्यम से सुहागन अपनी सुहाग की रक्षा की कामना करती है। गीत भजन आदि गाकर एवं भक्ति पूर्वक पूजा कर। मधुश्रावणी के पूजा के दौरान हर एक दिन अलग-अलग कथाएं कही जाती है इन लोककथा में सबसे प्रमुख राजा श्रीकर और

उनकी बेटी की कथा है। मधुश्रावणी पूजा के दौरान ऐसी मान्यताएं हैं नवविवाहित आपने मायके चली जाती है और वही इस पर्व को मनाती है। मैनी के पत्ते, बांस का पत्ता, अर्पन आदि देकर पूजन स्थल को सजाया जाता है मिट्टी से नाग नागिन की आकृति बनाकर सुंदर रंगों से सजाती है एवं हाथी की भी आकृति बनती है पूजा के अंतिम दिन इसे जल में प्रवाहित कर दिया जाता है। मान्यता है कि इस पूजन से वैवाहिक जीवन में स्नेह और सुहाग बना रहता है पति पत्नी के बीच प्रेम को दशार्ता है । पंडित आचार्य पंकज झा के अनुसार श्रावण शुक्ल तृतीया 31 अगस्त यानी मधुस्वामी व्रत के अंतिम दिन टेमी दागने की भी अनोखी परंपरा है इसमें पति अपने पत्नी की आंखों को पान के पत्ते से ढक देता और महिलाएं दिए की लौ से नवविवाहिता के घुटने को दागती है जिसे टेमी दागना भी कहते हैं। मान्यता है कि यह पति पत्नी के प्रेम भाव को दशार्ता है ।

रक्त दान महान महादान... ABVP स्टूडेंट फोर सेवा आयाम नवगछिया (भागलपुर) कार्यकताओं के माध्यम से मदद.....।

नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।

अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह एसफएस के विश्वविद्यालय संयोजक अनुज चौरसिया ने बताया कि साहु परबत्ता निवासी पिंटू दास जी के के लिए फोन आया और तुरंत उन्हें छोटू बबलू जो कि पीछले आंत रोग से ग्रसित हो गये थे !उनके लिए के लिए रक्त की आपूर्ति की गई !बबलू को अ+ बल्ड की आवश्यकता थी उन्हें अभाविप के पुर्व कार्यकर्ता जानवी सिंह राजपूत के माध्यम से बल्ड आपुर्ति किया गया जिससे रोगी सुरक्षित है...
एसएफएस प्रमुख रघुवीर कुमार एवं निश्छल कुमार ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को इस प्रकार की आवश्यकता हो बेहिचक अभाविप कार्यकताओं से संपर्क करे.. वही मौके पर अनुज चौरसिया, गौतम, जानवी आदि मौजूद थे !

शांत से लेकर भीड़ भाड़ वाली जगहों पर भी कर सकते हैं मेडिटेशन, दिमाग शांत रखने में आएगा काम

कोरोना काल में संक्रमण का असर शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ा। दुनिया भर में लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को कोविड ने प्रभावित किया। लोगों में बाहर निकलने पर संक्रमण का डर, सामाजिक दूरी और लॉकडाउन के कारण जीवन में पड़ने वाले असर से लोग प्रभावित हुए। मानसिक समस्याओं से कई तरह की गंभीर बीमारियां होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए और दिमाग में चल रही उथल पुथल को शांत करने के लिए मेडिटेशन किया जा सकता है। मेडिटेशन मन को शांत करता है और मानसिक संतुलन को बनाए रखता है। मेडिटेशन के कई फायदे हैं। मेडिटेशन को कहीं पर भी किसी भी तरह से किया जा सकता है। मेडिटेशन को ध्यान लगाना कहते हैं। मेडिटेशन करने से दिमाग शांत हो जाता है। मेडिटेशन को आप कहीं पर भी किसी भी वक्त कर सकते हैं। जैसे मेट्रो की भीड़ भाड़ में मेडिटेशन

किया जा सकता है तो ऑफिस में डेस्क पर बैठकर भी मेडिटेशन कर सकते हैं। कई लोगों को लगता है कि आंख बंद करके बैठना मेडिटेशन है। लेकिन मेडिटेशन में ध्यान लगाते हुए मन को खाली करना और विचार को शून्य करके दिमाग को आराम देना है। मेडिटेशन करते समय सांसों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। ये क्रिया ही मस्तिष्क को शांत करने में मदद करती है।

इन योगासनों के नियमित अभ्यास से ब्लड प्रेशर रहता है कंट्रोल, दिनचर्या में जरूर करें शामिल

बढ़े हुए रक्तचाप के स्तर यानी की हाइपरटेंशन को 'साइलेंट किलर' बीमारी माना जाता है, इसका शरीर के कई अंगों पर गंभीर रूप से नकारात्मक असर हो सकता है। पिछले कुछ समय से कम उम्र के लोगों में भी यह समस्या काफी तेजी से बढ़ती हुई देखी जा रही है, इसके लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ आहार में गड़बड़ी और जीवनशैली की समस्याओं को प्रमुख कारण मानते हैं। विशेषकर सेडेंटरी लाइफस्टाइल यानी की शारीरिक निष्क्रियता को गंभीर जोखिम कारक के तौर पर देखा जाता रहा है।

रक्तचाप अगर लगातार बढ़ा रहता है और इसे नियंत्रित करने के उपाय नहीं किए जाते तो इसके कारण हृदय रोगों और गंभीर स्थितियों में हार्ट अटैक का खतरा काफी बढ़ जाता है।

इस वैश्विक बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाया जाता है। साल 2022 के लिए वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे का थीम है- "रक्तचाप को सही तरीके से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें"।

अध्ययनों से पता चलता है कि जीवनशैली की निष्क्रियता को कम करके, योग-व्यायाम करने की आदत बनाकर हाइपरटेंशन को काफी हद तक नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। आइए जानते हैं कि दिनचर्या में किन योगासनों को शामिल करके ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद मिल सकती है? सुखासन योग, शरीर को आराम देने वाले कारगर योगाभ्यासों में से एक है। यह आसन तंत्रिका तंत्र पर काम करके उसकी क्रिया को नियंत्रित करने और उच्च रक्तचाप को कंट्रोल करने में आपकी मदद करती है। जिन लोगों को अक्सर रक्तचाप

बढ़ने की समस्या रहती है उन्हें नियमित रूप से इस योग की आदत बनानी चाहिए। सुखासन योग रक्तचाप को कंट्रोल करने के साथ शरीर की मुद्रा में सुधार करने और रीढ़ की हड्डी को मजबूत करने में भी काफी सहायक अभ्यास है।

रक्तचाप की समस्या को कंट्रोल करने के लिए वज्रासन योग को भी काफी फायदेमंद अभ्यास माना जाता है। वज्रासन, मांसपेशियों की स्ट्रेचिंग करने के साथ पैरों और जांघों की नसों को मजबूत करने और शरीर में रक्त परिसंचरण को सुधारने में काफी सहायक अभ्यास है। यह योग रक्त प्रवाह को ठीक रखने में भी मदद करता है जिससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित बना रहता है। हर आयु के लोग इसका आसानी से अभ्यास कर सकते हैं। पश्चिमोत्तानासन या सीटेड फॉरवर्ड बेंड पोज का अभ्यास शरीर को कई तरह के लाभ प्रदान करने में सहायक है। यह आसन लिवर, किडनी, अंडाशय और गर्भाशय को स्वस्थ रखने के साथ पेट में चर्बी को कम करने और रीढ़ की हड्डी को बेहतर स्ट्रेचिंग में आपके लिए सहायक है। तंत्रिका तंत्र को आराम दिलाने के साथ ब्लड प्रेशर को नियंत्रित बनाए रखने के लिए रोजाना इस योग के अभ्यास की आदत बनाएं।

मस्तिष्क में रक्त संचार बढ़ाने के लिए कीजिए इन आसनों का अभ्यास, मिलेंगे कई तरह के स्वास्थ्य लाभ

शरीर के सभी अंगों के व्यवस्थित कार्य संचालन की जिम्मेदारी मस्तिष्क की होती है। यह तंत्रिका तंत्र से सिरे शरीर में न्यूरोट्रांसमीटर्स की मदद से संदेश पहुंचाने में विशेष भूमिका निभाती है। शरीर के अन्य अंगों के साथ-साथ सभी लोगों को मस्तिष्क को स्वस्थ बनाए रखने के लिए भी निरंतर प्रयास करते रहने चाहिए। मस्तिष्क की कोशिकाएं स्वस्थ रहें इसके लिए आवश्यक है कि रक्त का परिसंचरण बेहतर ढंग से होता रहे। मस्तिष्क में रक्त के संचार को बढ़ाकर इसके कार्य को आसान बनाने और तंत्रिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद मिल सकती है। इसके लिए दिनचर्या में योगासनों को शामिल करना आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

विशेषज्ञ बताते हैं, जब आप योग करते हैं, तो आपके मस्तिष्क की कोशिकाएं नए कनेक्शन विकसित करती हैं और मस्तिष्क संरचना के साथ-साथ कार्य में भी सकारात्मक परिवर्तन होता है। यह बेहतर संज्ञानात्मक कौशल, सीखने और याददाश्त में सुधार करने में काफी फायदेमंद हो सकता है। योग मस्तिष्क के उन हिस्सों को मजबूत करता है, जो स्मृति, ध्यान, जागरूकता, विचार और भाषा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आइए जानते हैं कि किन योगासनों के नियमित अभ्यास की आदत आपके मस्तिष्क को स्वस्थ बनाए रखने में मदद कर सकती है?

मस्तिष्क में रक्त के संचार को बढ़ावा देने में जिन योगासनों को सबसे प्रभावी और कारगर माना जाता है, शीर्षासन योग का अभ्यास उनमें से

एक है। इस योग के लिए आपको विशेष अभ्यास की जरूरत होती है, इसलिए किसी विशेषज्ञ की सलाह पर ही इसे किया जाना चाहिए।

मस्तिष्क में रक्त के संचार को बढ़ावा देने के साथ तनाव दूर करने और एकाग्रता बढ़ाने में इस योग को काफी फायदेमंद माना जाता है। इस योग के अभ्यास से खोपड़ी में रक्त प्रवाह बढ़ता है जिससे आंखों और बालों को स्वस्थ रखने में विशेष मदद मिल सकती है।

बालासन योग या चाइल्ड पोज आपके सिर में रक्त परिसंचरण को बढ़ावा देने का सबसे कारगर अभ्यास हो सकता है। कमर, पेट, जांघ और रीढ़ के लिए भी इस अभ्यास के लाभ का जिक्र मिलता है। इस योग के अभ्यास से मस्तिष्क की कोशिकाएं स्वस्थ बनी रहती हैं जिससे कई तरह की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिल सकती है। बालासन योग का नियमित अभ्यास करने वालों को मन की अशांति, चिंता और थकान जैसी समस्याएं कम होती हैं।

अधोमुख श्वानासन योग को विशेषज्ञ स्वास्थ्य के लिए विशेष लाभप्रद अभ्यास में से एक मानते हैं। मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को बढ़ाने के साथ तनाव और चिंता को दूर करने, पैरों की मांसपेशियों को मजबूती देने, पीठ के निचले हिस्से में दर्द को कम करने और मांसपेशियों में अकड़न की शिकायत से छुटकारा दिलाने में इस योग के अभ्यास के लाभ हो सकते हैं। अधोमुख श्वानासन योग का अभ्यास पूरे शरीर की मांसपेशियों की सक्रियता को बढ़ाने में काफी मददगार माना जाता है।

अनुलोम-विलोम प्राणायाम का रोजाना कीजिए अभ्यास, शारीरिक-मानसिक दोनों ही सेहत के लिए है कारगर

योग शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। नियमित योगाभ्यास से छोटी से बड़ी कई बीमारियों से शरीर का बचाव किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी योगासनों के नियमित अभ्यास की सलाह देते हैं। वैसे तो कई तरह के योगासन हैं, जो अलग अलग तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं में असरदार होते हैं लेकिन कुछ योग ऐसे हैं जो मानसिक तौर पर तो आपको स्वस्थ रखते ही हैं, साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाते हैं। इन्हीं योगासनों में शामिल है अनुलोम-विलोम। अनुलोम विलोम का अभ्यास शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है, साथ ही कई तरह की बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद करता है। अनुलोम-विलोम श्वास से जुड़ा योगासन है, जिसका अभ्यास सभी उम्र के लोगों के लिए सुरक्षित है।

अनुलोम विलोम एक विशिष्ट प्रकार का योग है, जिसमें श्वास को नियंत्रित करके अभ्यास किया जाता है। इसे प्राणायाम भी कहते हैं। इस श्वास अभ्यास को रोजाना करने से तनाव कम होता है और बेहतर श्वास व रक्त परिसंचरण को बनाए रखने में मदद मिलती है। अनुलोम विलोम का अभ्यास करने के कई फायदे हैं।

कई शोध से पता चला है कि अनुलोम विलोम का अभ्यास करने से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं, जैसे हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, गठिया, माइग्रेन या दर्द, गंभीर अवसाद आदि से राहत मिलती है। अगर सही तरीके से रोजाना अनुलोम विलोम का अभ्यास किया जाए तो शरीर और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ बना रहता है।

-शारीरिक समस्याओं से बचाव के अलावा मानसिक स्थिति भी मजबूत होती है। अनुलोम विलोम करने से अवसाद, तनाव और चिंता दूर होती है।

-अस्थमा, ब्रोंकाइटिस जैसे श्वसन समस्याओं वाली बीमारी ठीक करने में अनुलोम विलोम फायदेमंद है।

-अनुलोम विलोम का अभ्यास क्रोध, विस्मृति, बेचैनी और निराशा जैसी नकारात्मक भावनाओं को दूर करता है।

-इस योगाभ्यास से शरीर के वात, कफ और पित्त तीनों दोषों को नियंत्रित करता है।

-प्राणायाम करने से वजन कम हो सकता है और मेटाबॉलिज्म को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलती है।

-त्वचा चमकदार और स्वस्थ बनती है।

अनुलोम विलोम का अभ्यास वैसे तो सुरक्षित माना जाता है। जिसका न तो कोई जोखिम और नकारात्मक प्रभाव है। लेकिन योग को सही तरीके से करने के लिए प्रशिक्षित योग शिक्षक की सलाह जरूर लेनी चाहिए। अगर आप किसी गंभीर रोग के शिकार हैं तो इस योगाभ्यास से पहले डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है।

वजन को संतुलित रखने के लिए करें सूर्य नमस्कार, सीखें स्टेप्स

बिगड़ती लाइफस्टाइल और समय की कमी के कारण हर व्यक्ति अपने शरीर पर ध्यान नहीं दे पाता. जिसके कारण इसका दुष्प्रभाव शरीर पर देखने को मिलते हैं. या तो किसी व्यक्ति का शरीर अधिक मोटा हो जाता है या फिर कोई व्यक्ति अत्यधिक दुबला हो जाता है. समय रहते इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह आगे चलकर गंभीर बीमारी का रूप ले लेते हैं. अपने शरीर को बिना दवा के हष्टपुष्ट बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को अपने नियमित दिनचर्या में योगाभ्यास को शामिल करना चाहिए. इसमें सबसे अच्छा योगाभ्यास सूर्यनमस्कार माना जाता है. जिसे करने से ना सिर्फ बढ़ते वजन पर कंट्रोल किया जा सकता है बल्कि दुबले लोग भी इसकी मदद से वजन बढ़ा सकते हैं

ध्यान लगाएं

किसी भी योगासन की शुरुआत ध्यान लगाने के साथ करें. इससे मन एकाग्र होता है और योगासन के अच्छे परिणाम देखने को मिलते हैं. अपनी आती जाती सांसों पर ध्यान केंद्रित करें. इसके बाद ओम के साथ किसी भी मंत्र का उच्चारण करें.

मार्जरी का अभ्यास

सबसे पहले आप जमीन पर घुटने टेकें. घुटनों और पैरों के बीच थोड़ा गैप बनाएं आगे झुकें और अपने दोनों हाथों को घुटनों के सामने जमीन पर रखें. आपके हाथ सीधे और कंधों से नीचे हों. जांघें भी सीधी होनी चाहिए. सांस छोड़ते हुए, अपनी पीठ को ऊपर की ओर खींचें और सिर को सीने की ओर लेकर जाएं. सांस लें, अपने सिर को ऊपर उठाएं और पीठ को नीचे ले जाने की कोशिश करें. इसे दोहराते हुए 2 से 3 बार करें.

वज्रासन

वज्रासन करने से बॉडी एलाइनमेंट सुधरती है. इसे करने से बच्चों का कद भी बढ़ता है और शरीर में रक्त का संचार बेहतर होता है. इसमें हाथों को मिलाते हुए ऊपर की ओर ले जाएं और शरीर के ऊपरी हिस्से पर खिंचाव बनाएं और 20 तक गिनें. अब इसी आसन में रहते हुए बिना घुटने मोड़े अपने शरीर को दायीं और बायीं ओर मोड़ें. इसके बाद अपने हाथों की पंजों को एक-दूसरे में फंसाएं और दायें हाथ को बायीं ओर ले जाएं और बायें हाथ को दायीं ओर. इस दौरान श्वास-प्रश्वास का विशेष ध्यान रखें.

सूक्ष्म अभ्यास

अब सीधे खड़े होकर अपने हाथों को कमर पर रख लें. पैरों को पास में कर लें, पंजों के बल खड़े हो जाएं और फिर नीचे आएं. उसके बाद एड़ी के बल खड़े हो जाएं. इस प्रक्रिया 10 बार दोहराएं.

1. प्रणामासन

इस आसन को करने के लिए सीधा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं और अपने दोनों को पैरों को मिला लें. इस दौरान अपनी कमर सीधी रखें. अब हाथों को अपने सीने के पास

लाएं और प्रणाम करें.

2. हस्तउत्तानासन

प्रणामासन में खड़े होकर अपने हाथों को सिर के ऊपर ले जाएं और सीधा रखें. अब अपने हाथों को प्रणाम करने की मुद्रा में ही पीछे की तरफ ले जाएं और अपनी कमर को पीछे की तरफ झुका लें.

3. पादहस्तासन

पादहस्तासन करने के लिए धीरे-धीरे सांस छोड़ें. अब आगे की ओर झुकते हुए अपने हाथों से पैरों की उंगलियों को छुएं. इस मुद्रा में आपका सिर घुटनों से मिल जाएगा.

4. अश्व संचालनासन

इस आसन के लिए सीधा पैर पीछे की ओर ले जाएं. इस पैर के घुटने से जमीन को छूना है. इस दौरान दूसरे पैर को मोड़ें. अपनी हथेलियों को जमीन पर सीधा रखें और ऊपर सिर उठाकर सामने की ओर देखें.

5. दंडासन

इस आसन को करते समय अपने दोनों हाथों और पैरों को सीधा और एक ही लाइन में रखें. इसके बाद पुश-अप करने की अवस्था में आ जाएं.

6. अष्टांग नमस्कार

अब अपनी हथेलियों, चेस्ट, घुटनों और पैरों को जमीन से सटाएं. अब इस अवस्था में रहें.

7. भुजंगासन

इस अभ्यास के लिए अपनी हथेलियों को जमीन पर रखें और पेट को जमीन से सटाते हुए गर्दन को पीछे की ओर झुकाएं.

8. अधोमुख श्वानासन

इसके के लिए अपने पैरों को जमीन पर सीधा रखें. अब कूल्हे को ऊपर की ओर उठा लें. अपने कंधों को सीधा रखें और मुंह को अंदर की तरफ रखें. अधोमुख श्वानासन को पर्वतासन भी कहा जाता है.

9. अश्व संचालनासन

इसके लिए अपने सीधा पैर पीछे की ओर ले जाएं, ध्यान रहे कि घुटना जमीन से मिलना चाहिए. अब अपने दूसरे पैर को मोड़े और हथेलियों से जमीन को छुएं. सिर को आसमान की ओर रखें.

10. पादहस्तासन

इसके लिए आगे की ओर झुककर हाथों से पैरों की उंगलियों को छुएं. इस दौरान आपको अपना सिर घुटनों से मिलाना है.

11. हस्तउत्तानासन

इस आसन को अर्धचंद्रासन भी कहा जाता है. अब प्रणामासन में खड़े होकर अपने हाथों को सिर के ऊपर उठा लें और सीधा रखें. अब हाथों को प्रणाम करने की मुद्रा में ही पीछे की ओर ले जाएं. अपनी कमर को पीछे की तरफ झुका लें.

12. प्रणामासन

अंत में आपको फिर से प्रणामासन करना है.

ध्यान रहे कि योगाभ्यास अपनी क्षमता अनुसार ही करना है. इस दौरान श्वास-प्रश्वास और व्यायाम से जुड़े विशेष नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है.

वट वृक्ष के मूल में ब्रह्मा, बीच में विष्णु और अग्रभाग में देवाधिदेव शिव जी का वास

वट वृक्ष के साथ कई लोगों की धार्मिक आस्थाएं जुड़ी हुई हैं. वट वृक्ष के मूल में ब्रह्मा जी बीच में भगवान विष्णु और अग्रभाग में देवाधिदेव शिव जी का वास रहता है.

वृक्ष देववृक्ष कहलाता है क्योंकि इस वृक्ष के मूल में भगवान ब्रह्मा, मध्य में जनार्दन विष्णु तथा अग्रभाग में देवाधिदेव शिव स्थित रहते हैं. देवी सावित्री भी वट-वृक्ष में प्रतिष्ठित रहती हैं. इसी अक्षय वट के पत्रपुटक (पत्ते) पर प्रलय के अंतिम चरण में भगवान श्री कृष्ण ने बाल रूप में मार्कण्डेय ऋषि को प्रथम दर्शन दिया था. प्रयागराज में पतित पावनी पवित्र गंगा नदी के तट पर वेणी माधव के निकट अक्षय वट प्रतिष्ठित है. भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने प्रयागराज में संगम स्थित इस अक्षयवट को तीर्थराज का छत्र कहा है.

पंचवटी का भी है विशेष महत्व

संगमु सिंहासनु सुठि सोहा। छत्रु अखयबटु मुनि मनु मोहा॥ इसी प्रकार तीर्थों में पंचवटी का भी विशेष महत्व है. पांच वटों से युक्त स्थान को पंचवटी कहा गया है. कुम्भज मुनि के परामर्श से भगवान श्री राम ने अपनी पत्नी सीता एवं भाई लक्ष्मण के साथ वनवास काल में वहां निवास किया था. हानिकारक गैसों को नष्ट कर वातावरण को शुद्ध करने में वट वृक्ष का विशेष महत्व है. वट वृक्ष की औषधि के रूप में उपयोगिता से सभी परिचित हैं. जैसे वट वृक्ष दीर्घकाल तक अक्षय बना रहता है, उसी प्रकार दीर्घ आयु, अखंड सौभाग्य तथा निरंतर अभ्युदय की प्राप्ति के लिए वट वृक्ष की आराधना की जाती है.

वट वृक्ष के नीचे सावित्री ने उसके पति को किया था जीवित

इसी वट वृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पतिव्रत से मृत पति को पुनः जीवित किया था. तब से ज्येष्ठ मास की अमावस्या को वट सावित्री व्रत किया जाता है. इसे बरगदाही या बर अमावस या बर अमावस्या भी कहते हैं. इसमें वट वृक्ष की पूजा की जाती है. महिलाएं अपने अखण्ड सौभाग्य एवं कल्याण के लिए यह व्रत करती हैं. बहुत सी सौभाग्यवती महिलाएं श्रद्धा के साथ ज्येष्ठ कृष्ण त्रयोदशी से अमावस्या तक तीन दिनों का उपवास रखती हैं.

इस तरह से करना चाहिए पूजन

त्रयोदशी के दिन वट-वृक्ष के नीचे संकल्प लेना चाहिए, 'मम वैधव्यादिसकलदोषपरिहारार्थं ब्रह्मसावित्रीप्रीत्यर्थं सत्यवत्सावित्रीप्रीत्यर्थं च वटसावित्रीव्रतमहं करिष्ये.' इस प्रकार संकल्प कर यदि तीन दिन उपवास करने का सामर्थ्य न हो तो त्रयोदशी को रात्रि भोजन, चतुर्दशी को अयाचित तथा अमावस्या को उपवास करके प्रतिपदा को पारण करना चाहिए. अमावस्या को एक बांस की टोकरी में सप्तधान्य के ऊपर ब्रह्मा और ब्रह्मसावित्री तथा दूसरी टोकरी में सत्यवान एवं सावित्री की प्रतिमा स्थापित कर वट के समीप यथा विधि पूजन करना चाहिए. साथ ही यम का भी पूजन करना चाहिए. पूजन में स्त्रियां वट की पूजा करती हैं तथा उसके मूल को जल से सींचती हैं. वट की परिक्रमा करते समय 108 बार या यथा शक्ति सूत लपेटा जाता है. 'नमो वैवस्वताय' इस मंत्र से वट वृक्ष की प्रदक्षिणा करनी चाहिए, 'अवैधव्यं च सौभाग्यं देहि त्वं मम सुव्रते। पुत्रान पौत्रांश्च सौख्यं च गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥' इस मंत्र से सावित्री को अर्घ्य देना चाहिए, और वट वृक्ष का सिंचन करते हुए, निम्न प्रार्थना करनी चाहिए.

क्या-क्या वस्तुएं दी जाती हैं?

वट सिंचामि ते मूलं सलिलैरमृतोपमैः। यथा शाखाप्रशाखाभिर्वृद्धोऽसि त्वं महीतले॥ तथा पुत्रैश्च पौत्रैश्च सम्पन्नं कुरु मां सदा॥ चने पर रुपया रखकर बायने के रूप में अपनी सास को देकर आशीर्वाद लिया जाता है. सौभाग्य पिटारी और पूजा सामग्री किसी योग्य ब्राह्मण को दी जाती है. सिंदूर, दर्पण, मौली (नाल), काजल, मेहंदी, चूड़ी, माथे की बिंदी, हिंगुल, साड़ी, स्वर्णाभूषण इत्यादि वस्तुएं एक बांस की टोकरी में रखकर दी जाती हैं. यही सौभाग्य पिटारी के नाम से जानी जाती है. सौभाग्यवती स्त्रियों का भी पूजन होता है. कुछ महिलाएं केवल अमावस्या को एक दिन का ही व्रत रखती हैं और सावित्री-सत्यवान की पुण्य कथा का श्रवण करती हैं.

भारत के उपनिषद, वेद और योग में छिपा है जीवन का रहस्य

दिल्ली में योग पर एक किताब रिलीज हुई. किताब का नाम है डिकोडिंग द योग सूत्र ऑफ पतांजलि, इस मौके पर डॉ. कर्ण सिंह, डॉक्टर नरेश त्रेहन और कई जानी मानी हस्तियां मौजूद थीं. इस मौके पर योग के सही अर्थों और उसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया.

भारत के उपनिषद व वेद काफी समृद्ध हैं. असल मायने में उपनिषद, वेद और योग में ही जीवन का असली रहस्य छिपा है, जिसने योग को समझ लिया उसने स्वयं को समझ लिया. हमारी गीता सर्वश्रेष्ठ उपनिषदों में एक है. अब समय आ गया जबकि हमें उपनिषदों पर भी काम करना चाहिए, यह कहना है डॉ. कर्ण सिंह का.

डॉ कर्ण सिंह दिल्ली के त्रिमूर्ति भवन में योग पर आधारित किताब डिकोडिंग द योग सूत्र ऑफ पतांजलि के विमोचन समारोह में बतौर अतिथि बोल रहे थे. इस किताब के लेखक योगगुरु आचार्य कौशल कुमार और जय सिंहानिया हैं. इस मौके पर डॉ. कर्ण सिंह ने योगगुरु कौशल कुमार व जय

सिंहानिया को बधाई दी. साथ ही उपनिषदों पर भी काम करने का आग्रह किया.

डॉ. त्रेहन ने कहा कि वो 33 सालों से योग कर रहे हैं

इस कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मेदांता हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा कि वह खुद 33 वर्षों से योग कर रहे हैं. डॉ त्रेहन ने कहा कि योग से मन को जो शांति मिलती है, वह दूसरी किसी विधा में नहीं मिलती.

डॉ. त्रेहन ने जिस रूप में लोग खिन्न, मेघ में उलझे हैं. ऐसे समय में इस तरह की किताब पर चर्चा करना और ऐसी किताब लिखना काबिले तारीफ है. उन्होंने योगगुरु कौशल कुमार व जय सिंहानिया को बधाई दी और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखने को कहा.

योग के 63 अर्थ

कार्यक्रम में योगगुरु कौशल कुमार ने बताया कि उनकी योग यात्रा वर्ष 1988 से शुरू हुई जो अभी जारी है. उन्होंने पुस्तक के बारे में बताया, यह किताब योग पर आधारित पहला ग्रंथ है. उन्होंने यह भी बताया कि संस्कृत में योग के 63 अर्थ हैं, ऐसे में योग बहुत ही व्यापक है इसे नई पीढ़ी को समझने की जरूरत है.

लेखक जय सिंहानिया ने बताया कि इस किताब को लिखते समय उन्हें किस तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा. जय ने कहा कि आगे भी वह प्रयास जारी रखेंगे. इस अवसर पर ईस्ट इंडिया के चेयरमैन अरविन्द सिंघानिया, मोदी ग्रुप के चेयरमैन शिवानी मोदी, टैक्स इंडिया के चेयरमैन विलियम विल्सन, ब्रीति विड़ला, अजित सिंह आदि मौजूद रहे.